CMYK

तापमान
अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 22°C

सेंसेक्स
80,951.99
24,609.70

सोना 98,145
चांदी 1,01,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, शुक्रवार 23 मई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 290 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 24 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**अमेरिका में दो इजरायली दूतावास कर्मचारियों की हत्या**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**मुकेश कुमार पर 10 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# उप्र में आंधी-तूफान ने बरपाया कहर, 58 की मौत

नई दिल्ली, वार्ता

■ महिला की गर्दन कटी, राजस्थान में 48 डिग्री पारा, पुंछ में तूफान से स्कूल ढहे, 31 राज्यों में अलर्ट जारी

**मौसम विभाग** ने राजस्थान, व मध्य प्रदेश समेत देश के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में गुरुवार को आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां हल्की से भारी बारिश तक हो सकती है। हालांकि इन राज्यों के कुछ हिस्सों में तेज गर्मी का भी अलर्ट है।

उत्तर प्रदेश में बुधवार शाम मेरठ, आगरा समेत 20 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इन जिलों में बिजली, पेड़ और दीवार गिरने से 58 लोगों की मौत हो गई। फिरोजाबाद में आंधी से उड़कर आई टीनशेड से महिला की गर्दन कट गई। 39 जिलों में गुरुवार को बारिश का अलर्ट है। छत्तीसगढ़ में बुधवार को बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई थी। मौसम विभाग के मुताबिक, गुरुवार को 10 जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। वहीं जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एलओसी के आसपास तूफान से कई स्कूल ढह गए। सेना रेस्क्यू में मदद कर रही है। इधर, दिल्ली- एनसीआर में बुधवार शाम करीब 8 बजे तेज आंधी-तूफान के साथ जोरदार बारिश हुई थी और कुछ जगहों पर ओले भी गिरे थे। तेज आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे तक गिर गए, जिस वजह से रास्ते जाम हो गए थे। आंधी-तूफान और बारिश के बीच दो लोगों की मौत भी हो गई, जबकि कम से कम 11 लोग घायल हो गए। खराब मौसम के चलते मेट्रो सर्विस भी प्रभावित हुई, जबकि 50 से ज्यादा फ्लाइट लेट हुईं। 10 फ्लाइट को जयपुर और एक को मुंबई डायवर्ट करना पड़ा।



# ईडी कर रहा सारी हदें पार: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: संविधान का उल्लंघन करके सारी सीमाएं लांघ रहा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शराब की दुकानों के लाइसेंस जारी करने से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में तमिलनाडु राज्य विपणन निगम के खिलाफ धन शोधन जांच पर रोक लगाते हुए गुरुवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) संविधान का उल्लंघन करके सारी सीमाएं लांघ रहा है।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर कथित 1,000 करोड़ रुपये के घोटाले में ईडी जांच की अनुमति देने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी। पीठ ने केंद्रीय एजेंसी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि आपका ईडी सारी हदें पार कर रहा है। आपका कार्यालय किसी निगम -शेष पृष्ठ दो पर

## पीएम ने पाकिस्तान को दी सख्त चेतावनी

# मेरी नसों में अब गर्म लहू नहीं, सिंदूर बह रहा है: मोदी

जयपुर/बीकानेर, वार्ता

■ न ट्रेड न टॉक, अब बस पीओके पर होगी बात: पीएम

■ पाकिस्तान को भारत के पानी का हक नहीं मिलेगा, यह हमारा संकल्प है

■ कहा: कोई भी ताकत इस संकल्प को रोक नहीं सकती

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर जिले के दौरे पर रहे। पाकिस्तान पर भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनका पहला राजस्थान दौरा रहा। इस दौरान उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। साथ ही देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया।

इन सभी रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किया गया था। अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी ने सभा को भी संबोधित किया, इस दौरान उन्होंने आतंकवादी देश पाकिस्तान पर भी तगड़ा प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा कि मेरी नसों में अब गर्म लहू नहीं, सिंदूर बह रहा है। हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान को भारत के पानी का हक नहीं मिलेगा, यह हमारा संकल्प है। कोई भी ताकत इस संकल्प को रोक नहीं सकती। पीएम मोदी ने कहा कि एक ओर हम सिंचाई परियोजनाओं को पूरा कर रहे हैं, वहीं नदियों को जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं। इससे यहां की धरती और किसानों को लाभ मिलेगा। राजस्थान की वीर भूमि हमें सिखाती है कि देश और देशवासियों से बढ़कर कुछ नहीं है। 22 तारीख को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। गोलियां पहलगाम में चली थीं, लेकिन वे गोलियां 140 करोड़ देशवासियों के सीने को छलनी कर गई थीं। इसके बाद देश ने संकल्प लिया कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। आज हमारी सेना के शौर्य से हम उस प्रण पर खरे उतरे हैं। हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी थी। तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटनों पर आना पड़ा। पीएम मोदी ने पाकिस्तान पर प्रहार करते हुए कहा कि हमने 22 मिनट में आतंकियों के नौ सबसे बड़े ठिकाने नष्ट कर दिए। जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो उसका नतीजा क्या होता है, यह पाकिस्तान को बता दिया गया है। साथियों, यह संयोग ही है कि पांच साल पहले जब बालाकोट में एयर स्ट्राइक हुई थी, तब मेरी पहली जनसभा राजस्थान में हुई थी। यह वीर भूमि का प्रभाव ही है कि ऐसा संयोग फिर बना है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब मेरी पहली जनसभा बीकानेर में हो रही है। श्री मोदी ने कहा कि एयर स्ट्राइक के बाद चुरु में मैंने -शेष पृष्ठ दो पर



# आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं: विदेश मंत्री



■ कश्मीर मुद्दे पर किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं: जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति को दोहराते हुए जोर देकर कहा है कि इसे जम्मू-कश्मीर के साथ जोड़ कर नहीं देखा जाना चाहिए,जो भारत तथा पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें किसी तरह की मध्यस्थता की कोई जगह नहीं है।

नीदरलैंड की यात्रा पर गए जयशंकर ने 'दे वोक्सक्रांत' पत्रिका को दिए साक्षात्कार में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के खिलाफ भारतीय कार्रवाई की एकजुट होकर सराहना करनी चाहिए। आतंकवाद को जम्मू-कश्मीर मुद्दे से जोड़ने से संबंधित प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के लिए आतंकवाद इससे 'एकदम अलग मुद्दा' है। यह अंतर्राष्ट्रीय अपराध है, जिसे किसी भी तरीके से माफ नहीं किया जा सकता या उचित नहीं ठहराया जा सकता। कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप या अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की मध्यस्थता की पेशकश से जुड़े सवाल पर जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा कि इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाईश नहीं है यह दोनों देशों के बीच एक द्विपक्षीय मुद्दा है।

## मेडिकल संस्थानों को नीट-पीजी में फीस डिटेल्स देनी होगी

**नई दिल्ली।** नीट-पीजी की काउंसलिंग से पहले अब सभी प्राइवेट और डीम्ड मेडिकल यूनिवर्सिटीज को अपनी फीस डिटेल्स जारी करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश नीट-पीजी में ट्रांसपेरेंसी से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान दिया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस महादेवन की बेंच ने काउंसलिंग के समय सीट ब्लॉकिंग पर पेनल्टी लगाने का भी ऑर्डर दिया। अगर कोई स्टूडेंट्स ऐसा करता है, तो उसे नीट-पीजी के अगले एग्जाम से डिस्क्वालिफाई कर दिया जाए।



## वक्फ कानून पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर लगातार तीन दिनों की सुनवाई के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई व न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संबंधित सभी पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनीं। वक्फ कानून में संशोधन की वैधता को चुनौती देने वालों में कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी शामिल हैं।

## मुठभेड़ में एक लाख का इनामी ज्ञान चंद्र पासी ढेर

**बाराबंकी।** उप्र पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बुधवार को पासी गैंग के सरगना ज्ञान चंद्र पासी को एक सशस्त्र मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। हालांकि इसके दो साथी मौके से फरार हो गए। मारे गए बदमाश पर एक लाख रुपये का इनाम था। गौरतलब है कि सोमवार को इसी गैंग के साथी को गोंडा में एनकाउंटर में मार गिराया गया था। घायल ज्ञानचंद्र पासी को जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक लाख का इनामी ज्ञान चंद्र तीस साल से अपराध क्षेत्र में सक्रिय था। उसका आपराधिक इतिहास करीब 70 मुकदमों का है। इनमें हत्या, लूट, चोरी व फिरौती जैसे मामले हैं।

## आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चटरू इलाके में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि चटरू के सिंहपुरा इलाके में आतंकवादियों और पुलिस तथा सेना की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया है। घायल जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

## सलमान खान के घर में जबरन घुस रहा शख्स गिरफ्तार

**मुंबई।** सलमान खान को लॉरेंस गैंग की धमकियां मिलने के बाद वाई प्लस सिक्योरिटी मिली है। सलमान खान के घर में एक बार फिर एक शख्स के घुसने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 20 मई की है। खुलासा गुरुवार को हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। 23 साल के आरोपी का नाम जितेंद्र कुमार है और छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। 2 दिन में यह दूसरी घटना थी। बीती रात ईशा छाबड़ा नाम की महिला ने भी गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी। इसे भी पुलिस ने अरेस्ट कर लिया था। दोनों मामलों की जांच जारी है।

# पाक ने बदले में की भारतीय राजनयिक पर जवाबी कार्रवाई

■ भारतीय उच्चायोग कर्मचारी को देश छोड़ने को कहा

**इस्लामाबाद।** भारत के दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के एक राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिए जाने के 24 घंटे के अंदर ही पाकिस्तान ने जवाबी कदम उठाते हुए यहां स्थित भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को अवांछित घोषित कर पाकिस्तान छोड़ने को कहा है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अनुसार संबंधित कर्मचारी को विशेषाधिकार से विपरीत गतिविधियों में लिप्त पाया गया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी को विदेश मंत्रालय में बुलाकर उसे सरकार के इस निर्णय से अवगत करा दिया है। इस राजनयिक को 24 घंटे के अंदर पाकिस्तान छोड़ने को कहा गया है।

## सत्यपाल मलिक के खिलाफ सीबीआई की चार्जशीट

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक समेत 6 लोगों के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला करीब 2,200 करोड़ रुपये के सिविल वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट में गड़बड़ी को लेकर है। सीबीआई ने इसी मामले को लेकर 22 फरवरी 2024 को सत्यपाल मलिक के ठिकाने पर छापा मारा था।

# विचारधारा के चलते किसी को जेल में नहीं डाल सकते

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ हम यह चलन देख रहे: सुप्रीम कोर्ट RSS नेता हत्या मामले में आरोपी को जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को विचारधारा के लिए जेल में नहीं डाला जा सकता।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक नेता की हत्या के आरोपी को जमानत देते हुए की। सुनवाई के दौरान नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) के वकील ने कहा कि विचारधारा गंभीर अपराधों की ओर ले जाती है। इस पर कोर्ट ने कहा कि आप किसी को उसकी विचारधारा के लिए जेल में नहीं डाल सकते। हम यह चलन देख रहे हैं। किसी ने एक खास विचारधारा अपना ली, इसलिए उन्हें जेल में डाल दिया जाता है। साल 2022 में केरल के पलक्कड़ जिले में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या हुई थी। मामले में प्रतिबंधित संगठन पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की केरल यूनिट के तब के महासचिव अब्दुल साथर को आरोपी बनाया गया है।








## संक्षिप्त समाचार

### अब एक जिले में तैनात हो सकेंगे पुलिस दंपति

**लखनऊ।** यूपी पुलिस की नौकरी कर रहे हैं पति-पत्नी को एक ही जिले में नौकरी करने का अवसर यूपी डीजीपी ने प्रदान किया है। पुलिस में वह दंपति जो अलग-अलग जिलों में ड्यूटी कर रहे हैं, उनको कई तरीके की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। चाहे पारिवारिक दिक्कतें हो या व्यवहारिक। डीजीपी प्रशांत कुमार ने इन तमाम समस्याओं को देखते हुए शासन की तबादला नीति के अनुरूप दंपति को एक ही जिले में तैनाती दिए जाने का निर्देश दिया है। अब पहली बार बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों को इस सुविधा का लाभ दिया जा रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश के कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने वाले पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ा रहे। पहले चरण में 101 आरक्षियों के ऐसे तबादले किए गए हैं, जिसमें महिला पुलिस कर्मियों को, उनके पति की तैनाती के जिले में भेजा गया है, तो वहीं पुरुष पुलिस कर्मियों को उनकी पत्नी के तैनाती के जिले में भेजे जाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही जल्द ही अन्य और अराजपत्रित पुलिसकर्मियों को इसी आधार पर स्थानांतरित किए जाने की तैयारी यूपी पुलिस द्वारा की गई है। डीजीपी मुख्यालय से पति या पत्नी के जिले में तैनाती की मांग करने वाले पुलिसकर्मियों का तबादला उनके जीवनसाथी के तैनाती वाले जिले से संबंधित की रेंज में किया गया है और अब रेंज स्तर से उन्हें एक जिले में नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

### चार बच्चियों की बकुलाही नदी में डूबने से मौत

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के महेशगंज क्षेत्र में गुरुवार को बकुलाही नदी में डूबने से चार बच्चियों की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जलालपुर डे हवा गांव निवासी चार बच्चियों की मौत बकुलाही नदी में नहाते समय डूब कर हो गई। डूबकर मरने वाली बच्चियों में तीन सगी बहने और एक चचेरी बहन है, घटना को लेकर गांव में कोहराम मच गया। चारों बच्चियां आज दिन में लगभग दस बजे बकुलाही नदी में नहाने गई थी, नहाते समय वे गहरे पानी में चली गई और डूबकर उनकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मृतकों में जीतलाल की पुत्रियां स्वाति (13), संध्या (11), चांदनी (6) के अलावा पृथ्वी पाल की पुत्र प्रियंसी (7) शामिल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू टीम के सहयोग उनके शवो को नदी से बाहर निकाला।

### बीएसए ने 36 टीचर और 130 कर्मचारियों का रोका वेतन

**फर्रुखाबाद।** यूपी के फर्रुखाबाद जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के 36 शिक्षक समेत 130 कर्मचारियों का वेतन रोकने के आदेश जारी किए गए हैं। ये सभी अनुपस्थित मिले थे, साथ ही 3 विद्यालय बंद पाए गए थे। बीएसए ने अनुपस्थित के दिन का वेतन रोक दिया है। इसके साथ ही शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में कार्रवाई का अंकन करने का आदेश बीईओ को दिया। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की शत प्रतिशत उपस्थिति कराने के लिए शासन के आदेश पर गठित जिला व ब्लॉक टास्क कमेटी के सदस्य निरीक्षण करते हैं। 21 अप्रैल से 19 मई तक अधिकारियों ने निरीक्षण किया था।

## उद्योग सीएसआर से जोड़ें किसानों को: जगदीप धनखड़



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि को कंपनी सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) से जोड़ने का आह्वान करते हुए गुरुवार को कहा कि विकसित भारत का मार्ग किसानों से होकर गुजरता है। धनखड़ ने गुरुवार को गोवा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय तटीय कृषि अनुसंधान संस्थान परिसर में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यव्यस्था को विकसित बनाने के प्रयासों में किसानों की सहभागिता बढ़ायी जानी चाहिए। उद्योगों को अपने सीएसआर कोष को कृषि में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कोष का प्रयोग कृषि संबंधी अनुसंधान में किया जाना चाहिए और किसानों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान की सहभागिता स्थापित करनी चाहिए। अनुसंधान करना चाहिए और उनका जो एक फंड होता है सीएसआर फंड वो ग्रामीण विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों में लगना चाहिए, तभी जाकर बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनने का रास्ता किसान के खेत और गांव से निकलता है। किसानों को अपने आप को उत्पादन तक सीमित नहीं रखना चाहिए, लेकिन मौजूदा समय में किसान का काम उत्पादन तक रह गया है। उसके बाद किसान अपने आपको एक तरीके से अलग कर लेता है। किसान को अपने उत्पाद के क्रय विक्रय में भी भागीदारी चाहिए। उप राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र सरकार किसान की बहुत मदद कर रही है।

## बहादुरी व बलिदान देने वाले जवानों को मिले गैलेंट्री अवार्ड्स

नई दिल्ली, वार्ता

### शौर्य चक्र-कीर्ति चक्र देने के लिए डाइस से उतरीं राष्ट्रपति मुर्मू, शहीदों की मांओं को गले लगाया

### 34 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर तृप्तप्रीत सिंह को शौर्य चक्र प्रदान किया गया



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में पहले चरण के गैलेंट्री अवार्ड्स दिए। ये अवार्ड ड्यूटी के दौरान असाधारण बहादुरी, समर्पण और बलिदान देने वालों के सम्मान में दिए गए।

राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में हुए समारोह में पीएम मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे। इस दौरान मेजर आशीष ढोंचक (सेना मेडल) और द सिख लाइट इन्फैंट्री 19 राष्ट्रीय राइफल्स सिपाही प्रदीप सिंह को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान दो बार राष्ट्रपति मुर्मू डाइस से नीचे उतरकर आईं। जब शहीद जवानों की मां और पत्नियां अवार्ड लेने पहुंचीं। राष्ट्रपति ने उन्हें गले लगाकर सांत्वना दी। शौर्य चक्र पाने वालों में स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार, राजपूत रेजिमेंट 44वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर विजय वर्मा, डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार, सीआरपीएफ के जेफरी हमिंगचुल्लो, इंस्पेक्टर (जीडी), जम्मू और कश्मीर पुलिस के स्पेशल पुलिस आफिसर अब्दुल लतीफ, पैराशूट रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल सीवीएस निखिल, आर्मी सर्विस कोर के मेजर तृप्तप्रीत सिंह का नाम शामिल है। इनके अलावा जम्मू और कश्मीर राइफल्स 5वीं बटालियन के सूबेदार संजीव सिंह जसरोटिया, लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, कर्नल पवन सिंह, 666 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन, विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन, स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार, द आर्टिलरी रेजिमेंट के सूबेदार पी. पबिन सिंगा, मेजर साहिल रंधावा को शौर्य चक्र दिया गया। लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, एईओ आईएनएस विशाखापट्टनम को शौर्य चक्र प्रदान किया है। आर्मी सर्विस कोर्प्स 34 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर तृप्तप्रीत सिंह को शौर्य चक्र प्रदान किया गया।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए बोले सीएम योगी

## पर्यावरण संरक्षण में समाज भी निभाए भूमिका

लखनऊ, वार्ता



### मनुष्य का अस्तित्व प्रकृति और जैव विविधता पर निर्भर सीएम ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी- 2025 का उद्घाटन करते हुए उन्होंने भारत के वैदिक दर्शन और सनातन परंपराओं का उल्लेख किया और प्रकृति के साथ सामंजस्य की आवश्यकता को लेकर लोगों से अपील भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं प्रकृति के प्रति गहरे सम्मान को दर्शाती हैं। उन्होंने वैदिक शांति पाठ का उदाहरण देते हुए बताया कि सनातन धर्म में हर मांगलिक अनुष्ठान की शुरुआत पृथ्वी, जल, अंतरिक्ष और समस्त चराचर जगत के कल्याण की कामना से होती है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराएं हमें सिखाती हैं कि मनुष्य का अस्तित्व प्रकृति और जैव विविधता के संरक्षण पर निर्भर है। अथर्ववेद में कहा गया है कि धरती हमारी माता है और हम इसके पुत्र हैं। एक पुत्र के नाते, हमें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा।

योगी आदित्यनाथ ने 1992 में शुरू हुई वैश्विक स्तर पर जैव विविधता संरक्षण की चर्चा का उल्लेख करते हुए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2070 तक भारत को नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प लिया है, लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समाज के हर व्यक्ति का योगदान आवश्यक है। यह केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। जब तक हम सभी मिलकर प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए काम नहीं करेंगे, तब तक सतत विकास का लक्ष्य अधूरा रहेगा। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण भारत की स्वावलंबी परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले हर गांव में खलिहान, गोचर भूमि, तालाब और खाद के गड्ढे होते थे, जो पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। गांवों में सॉलिड वेस्ट को खाद के गड्ढों में डालकर कंपोस्ट बनाया जाता था, तालाब स्वच्छता के प्रतीक थे और गोचर भूमि पशुओं के लिए आरक्षित थी, लेकिन आधुनिकता की दौड़ में हमने इन परंपराओं को नजरअंदाज कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरणीय असंतुलन और बीमारियां बढ़ रही हैं। उन्होंने गांवों में तालाबों को ड्रेनेज का माध्यम बनाने और गोचर भूमि पर अतिक्रमण जैसे कदमों को आत्मघाती बताया।

### वन विभाग ने 210 करोड़ से अधिक पेड़ लगाकर महत्वपूर्ण योगदान दिया

योगी ने उत्तर प्रदेश के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य का जैव विविधता बोर्ड 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' के विजन को साकार करने के लिए नए अभियान चला रहा है। पिछले आठ वर्षों में वन विभाग ने 210 करोड़ से अधिक वृक्षारोपण कर राज्य के वन क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके साथ ही, नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा नदी को कानपुर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निर्मल और अविरल बनाने में सफलता प्राप्त हुई है। कानपुर, जो कभी नमामि गंगे का सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र था, आज वहां गंगा स्वच्छ और जीवंत है। उन्होंने जैव विविधता के संरक्षण में स्थानीय परंपराओं और ज्ञान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सनातन धर्म की उस परंपरा का उल्लेख किया, जिसमें पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं को देवताओं के साथ जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराएं हमें सिखाती हैं कि पीपल, बरगद और जामुन जैसे वृक्षों का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। पहले लोग चींटियों को मारने के बजाय आटा और चीनी देकर उन्हें प्राकृतिक रूप से हटाते थे। यह प्रकृति के साथ सामंजस्य का उदाहरण है। योगी ने आधुनिक विकास के मॉडल पर भी सवाल उठाए, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम हर कार्य को मशीनीकरण की ओर ले जा रहे हैं, चाहे वह ड्रेनेज हो या औद्योगिक कचरा। हमें प्राकृतिक उपायों को अपनाना होगा, जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में जल शोधन की देसी पद्धतियां थीं। उन्होंने कहा कि जटायु जैसे पक्षियों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों और दवाओं के दुष्प्रभावों ने इन प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर पहुंचा दिया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जटायु, जो प्रकृति के शोधन का कार्य करता था, आज अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है। हमें अपनी परंपराओं के प्रति कृतज्ञता दिखानी होगी। सीएम योगी ने लोगों से आह्वान किया कि जैव विविधता संरक्षण को जन आंदोलन बनाना होगा।

## कांग्रेस सांसद राकेश के मामले पर हाईकोर्ट की रोक

लखनऊ, वार्ता



इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ लंबित आपराधिक मामले की कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

अदालत ने मामले की पूरी कार्यवाही को सूचीबद्ध होने की अगली तारीख तक रोक दिया और इस मामले को 28 जुलाई से शुरू होने वाले सप्ताह में सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। न्यायधीश सुभाष विद्यार्थी ने राठौर की पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई के बाद 20 मई को यह आदेश पारित किया, जिसमें राठौर के डिस्चार्ज आवेदन को खारिज करने वाले ट्रायल कोर्ट के पांच मई के आदेश को चुनौती दी गई थी। अदालत ने मामले की अगली तारीख तक पांच मई के आदेश पर भी रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि मेरा मानना है कि अंतरिम राहत देने का मामला बनता है और ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाई जानी चाहिए। पक्षों के वकीलों ने अदालत के समक्ष अपनी दलीलें रखीं। याचिकाकर्ता के वकील ने प्रस्तुत किया कि मामले की जांच पूरी करने के बाद ट्रायल कोर्ट के समक्ष आरोप पत्र दायर किया गया है। इसके बाद ट्रायल कोर्ट ने 16 मई को राठौड़ पर आरोप तय कर दिए। फैसलों का हवाला देते हुए वकील ने दलील दी कि आरोपी राठौर के खिलाफ कथित आरोप नहीं बनते। इसलिए उनके खिलाफ आरोप तय करने का आदेश कानून के मुताबिक नहीं है और इसे रद्द किया जाना चाहिए। दूसरी ओर राज्य के वकील ने पुनरीक्षण याचिका का विरोध किया।

### फोटो पहचान का शुल्क लेने पर लगाई रोक

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उच्च न्यायालय में मुकदमे दाखिल करने वाले वादकारियों के हित में, एक मामले में अहम अंतरिम आदेश दिए हैं। कोर्ट ने याचिकाएं दायर करने वालों से फोटो पहचान के लिए बार एसोसिएशनों द्वारा 400 से 500 रुपए लिए जाने पर रोक लगा दी है। रजिस्ट्री अनुभाग को निर्देश दिया है कि पब्लिक नोटरी से सत्यापित हलफनामे स्वीकार किए जाने चाहिए।

## 2027 में दहाई तक सिमट जाएगी भाजपा

लखनऊ, वार्ता




### शिक्षक भर्ती के यू टर्न पर अखिलेश ने बीजेपी को घेरा

एक लाख 93 हजार शिक्षक भर्ती वाले विज्ञापन को लेकर बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार की जमकर फजीहत हुई। यूपी सरकार के आधिकारिक एक्स हैंडल से एक अखबार की कटिंग की तस्वीर शेयर कर इस बात की घोषणा की गई कि सूबे में अब 1 लाख 93 हजार पदों पर शिक्षक भर्ती होगी।

सरकार के इस पोस्ट के बाद युवाओं के बीच खुशी की लहर दौड़ गई, मगर ये खुशी ज्यादा देर तक नहीं रही, क्योंकि सरकार ने अपना एक्स पोस्ट डिलीट कर लिया। इसी के बाद से इस मुद्दे पर राजनीति शुरू हो गई है। अब सपा चीफ अखिलेश यादव ने 1 लाख 93 हजार के आंकड़े से ये साबित करने की कोशिश की है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी भाजपा बहुमत का आंकड़ा भी पार नहीं कर पर पाएगी और दहाई के अंक तक सिमट जाएगी। यूपी के पूर्व सीएम ने लिखा कि 1,93,000 शिक्षक भर्तियों का जुमला विज्ञापन से जन्मा। 2027 के चुनाव में 'भाजपा की हार का राजनीतिक गणित'। मान लिया जाए कि 1 पद के लिए कम-से-कम 75 अभ्यर्थी होते, तो यह संख्या होती = 1,44,75,000 और एक अभ्यर्थी के साथ यदि केवल उनके अभिभावक जोड़ लिए जाएं, तो कुल मिलाकर 3 लोग इससे प्रभावित होंगे अर्थात ये संख्या बैठेगी 4,34,25,000। सपा चीफ ने लिखा कि ये सभी व्यस्क होंगे, अतः इन्हें 4,34,25,000 मतदाता मानकर अगर उप्र की 403 विधानसभा सीटों से विभाजित कर दें, तो ये आंकड़ा लगभग 1,08,000 वोट प्रति सीट का आएगा और अगर इनका आधा भी भाजपा का वोटर मान लें , तो लगभग 1,08,000 का आधा मतलब हर सीट पर 54,000 मतों का नुकसान भाजपा को होना तय है। इस परिस्थिति में भाजपा 2027 के विधानसभा चुनावों में दहाई सीटों पर ही सिमट जाएगी। उन्होंने लिखा कि पुलिस भर्ती के मामले में 'भर्तियों का ये गणित' भाजपा को उप्र में लगभग आधी सीटों पर हारने में सफल भी रहा है, अतः ऐसे आंकड़ों को अब सब गंभीरता से लेने लगे हैं। अब ये मानसिक दबाव का नहीं, वरन सियासी सच्चाई का आंकड़ा बन चुका है। जैसे ही ये आंकड़ा प्रकाशित होगा और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले भाजपाई प्रत्याशियों के बीच जाएगा, वैसे ही उनका राजनीतिक गुणा-गणित टूटकर बिखर जाएगा और विधायक बनने का उनका सपना भी।

## अमेरिकी ऋण में बढ़ोतरी की चिंता से बाजार में भूचाल

मुंबई, वार्ता



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और व्यय विधेयक से अमेरिका के सार्वजनिक ऋण में भारी बढ़ोतरी होने तथा ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ने की आशंका से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार में भूचाल आ गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 644.64 अंक यानी 0.79 प्रतिशत का गोता लगाकर नौ कारोबारी सत्र के बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 80,951.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 203.75 अंक अर्थात 0.82 प्रतिशत की गिरावट लेकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 24609.70 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.33 प्रतिशत उतरकर 44,638.43 अंक रह गया, जबकि स्मॉलकैप 0.17 प्रतिशत बढ़कर 51,289.32 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2178 में गिरावट जबकि 1741 में तेजी रही, वहीं 167 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2949 कंपनियों के शेयरों में से 1582 में बिकवाली जबकि 1275 में लिवाली हुई वहीं 92 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और व्यय विधेयक को लेकर नए संदेह खड़े हो गए हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस विधेयक के लागू होने से अमेरिका के पहले से ही भारी कर्ज में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे आर्थिक विकास की गति और धीमी पड़ सकती है। निवेश सलाह देने वाली कंपनी जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड मुख्य निवेश रणनीतिकार डा. वीके विजयकुमार ने कहा कि वैश्विक वित्तीय बाजारों में फिलहाल हल्का जोखिम देखा जा रहा है, जो सोना और बिटकॉइन जैसी वैकल्पिक परिसंपत्तियों की मजबूती में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है।

इसका मूल कारण अमेरिका का बढ़ता राजकोषीय घाटा माना जा रहा है, जिसे बाजार लगातार अस्थिरता का संकेत मान रहा है। हाल ही में अमेरिकी 20, वर्षीय बॉन्ड की कमजोर नीलामी और पांच वर्षीय, 10 वर्षीय और 30 वर्षीय बॉन्ड यील्ड में तेज उछाल ने अमेरिकी बॉन्ड बाजार में घटते निवेशक विश्वास को उजागर किया है। इसके साथ ही जापान में भी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी देखी गई है, जिससे वैश्विक निवेशकों की चिंता और गहराई है। इसके अलावा ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक निवेशकों की जोखिम उठाने की क्षमता को झटका दिया है। इस क्षेत्र में सैन्य संघर्ष की संभावना ने न केवल भू-राजनीतिक स्थिति को अस्थिर किया है, बल्कि वैश्विक बाजारों में भी अनिश्चितता बढ़ा दी है। इससे विश्व बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.66, जर्मनी का डैक्स 0.86, जापान का निक्केई 0.84, हांगकांग का हैंगसेंग 1.19 और चीन के शंघाई कंपोजिट ने 0.22 प्रतिशत का गोता लगाया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईडी कर रहा...** पर छापेमारी कैसे कर सकता है? आप देश के संघीय ढांचे का पूरी तरह उल्लंघन कर रहे हैं। शीर्ष न्यायालय ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह इस मामले की अगली सुनवाई गर्मी की छुट्टियों के बाद करेगा। तमिलनाडु सरकार ने ईडी की ओर से सरकारी शराब खुदरा विक्रेता तमिलनाडु राज्य विपणन निगम के परिसरों में जांच के दौरान की गई छापेमारी की वैधता को चुनौती दी थी। मद्रास उच्च न्यायालय ने 23 अप्रैल, 2025 को राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी थी

**मेरी नसों...** कहा था- शपथ है मुझे इस मिट्टी की कि मैं देश को मिटने नहीं दूंगा, देश झुकने नहीं दूंगा...। आज मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि देश के कोने-कोने में तिरंगा यात्राओं का हुजूम उमड़ पड़ा है, जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें हमने मिट्टी में मिला दिया है। जो हिंदुस्तान का लहू बहाते थे, उनसे एक-एक कतरे का हिसाब चुकाया गया है। जो सोचते थे कि भारत चुप रहेगा, आज वे अपने घरों में दुबके बैठे हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे, आज वे मलबे के ढेर में दबे पड़े हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यह प्रतिशोध नहीं, बल्कि न्याय का नया स्वरूप है। यह ऑपरेशन सिंदूर है। यह आक्रोश नहीं, समर्थ भारत का रौद्र रूप है। यह भारत का नया स्वरूप है। पहले घर में घुसकर हमला किया था, अब सीधा सीने पर प्रहार किया गया है। आतंक का फल कुचलने की यही नीति है, यही रीति है, यही भारत है और यही नया भारत है। पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने तीन नियम तय किए हैं। अगर, भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा। इसे देश के विरुद्ध युद्ध माना जाएगा, समय सेना तय करेगी। एटम बम की गीदड़ भभकी से भारत डरने वाला नहीं है। आतंकियों और आतंकपरस्त सरकार को एक ही माना जाएगा। पाकिस्तान का स्टेट और नॉन-स्टेट वाला खेल अब नहीं चलेगा। भारत ने पूरी दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सात अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं। पाकिस्तान का असली चेहरा पूरी दुनिया को दिखाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है, लेकिन मोदी का लहू गर्म होता है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है। अब भारत ने साफ कर दिया है कि हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ये कीमत, पाकिस्तान की सेना और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकाएगी। पाकिस्तान ने नाल एयरबेस को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन वह उसे रत्ती भर भी नुकसान नहीं पहुंचा सका। वहीं, यहां से कुछ ही दूरी पर स्थित पाकिस्तान का रहीमयारखान एयरबेस आईसीयू में पड़ा है, पता नहीं कब खुलेगा। उसे तहस-नहस कर दिया गया है। अब पाकिस्तान के साथ न ट्रेड (व्यापार) होगा और न टॉल्क (बात)। अगर, बात होगी, तो सिर्फ पीओके (पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर) की। पाकिस्तान को भारत के हिस्से का पानी नहीं मिलेगा। यह भारत का संकल्प है और दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प को नहीं डिगा सकती। पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थन देने की कीमत चुकानी ही पड़ेगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने देशनोक से देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया और बीकानेर-बांद्रा ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपये के अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि 11 साल में राजस्थान में करीब 70 हजार करोड़ खर्च किए गए हैं। केंद्र सरकार प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए करीब 10 हजार करोड़ खर्च कर रही है। 2014 की तुलना में यह 15 गुना ज्यादा है।

## ट्रंप के दावों पर हैरान करती है मोदी की खामोशी



### सैन्य कार्रवाई के दावे का जवाब क्यों नहीं दे रही सरकार: जयराम

### जवाबदेही से भाग नहीं सकती सरकार, देश को चाहिए ईमानदार जवाब : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकवादी हमले तथा उसके बाद के घटनाक्रम पर चर्चा कराने के लिए सर्वदलीय बैठक और संसद सत्र बुलाने की मांग को सरकार नजरअंदाज कर रही है, लेकिन सच यह है कि इस पूरे प्रकरण पर मोदी सरकार जवाबदेही से बच नहीं सकती है। कांग्रेस सांसद तथा कार्य समिति की सदस्य प्रणीति शिंदे ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार चुप रहकर और ध्यान भटका कर जवाबदेही से बचने का प्रयास कर रही है।

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पाक के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर अपने दावों को लगातार दोहरा रहे हैं, लेकिन पीएम मोदी इस पर खामोश हैरान करने वाली है और देश को बताना चाहिए कि सरकार की तरफ से इसका जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा की ट्रंप 11 दिन में आठ बार इस तरह की दावे कर चुके हैं और कश्मीर पर बातचीत के लिए तटस्थ स्थल की बात भी कर रहे हैं और बार-बार भारत के प्रधानमंत्री और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की एक ही तरीके से प्रशंसा कर रहे हैं, लेकिन भारत सरकार इस पर चुप है और कोई जवाब नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 दिन में 8वीं बार राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम का पूरा श्रेय लिया, भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों की समान रूप से प्रशंसा की और उन्हें हर तरह से बराबर बताया और दोहराया कि अमेरिका के साथ व्यापार ही वह साधन था, जिसका इस्तेमाल उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम की घोषणा करने के लिए किया। कांग्रेस प्रवक्ता ने इस पर चुटकी लेते हुए कहा कि इन सबके बावजूद हमारे प्रधानमंत्री, डोनाल्ड भाई के महान दोस्त-अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा बार-बार कही जा रही बातों पर पूरी तरह से चुप हैं। विदेश मंत्री भी अपने दोस्त, अमेरिकी विदेश मंत्री द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों के समर्थन में और भारत और पाकिस्तान के बीच वार्ता के लिए 'तटस्थ स्थल' के बारे में कही गई बातों पर पूरी तरह से चुप हैं। यह गरजती हुई खामोशी क्यों।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सीएम ने 112 नवनियुक्त परिवहन आरक्षियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए

## सरकारी नौकरी मात्र नौकरी नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व: धामी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास के मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में 112 नवचयनित परिवहन आरक्षियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा मार्ग पर सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 2 प्रचार वाहनों को भी रवाना किया।

नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले नव चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह सफलता न केवल चयनित युवाओं के परिश्रम, अनुशासन और संकल्प का परिणाम है, बल्कि इसमें उनके परिवारजनों के सहयोग, त्याग और आशीर्वाद की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।धामी ने कहा कि परिवहन विभाग में परिवहन आरक्षी का पद अत्यंत महत्वपूर्ण है, चाहे यात्री सेवाओं का सुचारू संचालन हो,



■ मुख्यमंत्री ने सरकारी कर्मियों को आमजन के साथ संवाद और सहयोग बनाने की नसीहत दी दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए 'नई उत्तराखण्ड सड़क सुरक्षा नीति 2025' लागू

सड़क सुरक्षा की निगरानी हो, वाहन पंजीकरण की प्रक्रिया हो या प्रदूषण नियंत्रण हो, प्रत्येक व्यवस्था में इनकी अहम भूमिका हैं। इसलिए आपकी यह नौकरी मात्र एक सरकारी नौकरी नहीं, बल्कि एक सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। धामी ने कहा कि नवनियुक्त परिवहन आरक्षियों से अपेक्षा करता हूँ कि आप न केवल अपने कार्यस्थल पर कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन बनाए रखेंगे, बल्कि आमजन के साथ संवाद और सहयोग की भावना से भी कार्य करेंगे। प्रयास होना चाहिए कि आमजन का कार्य ऑटो मोड पर हो उन्हें अनावश्यक न भटकना पड़े। सरकार भ्रष्टाचार की कार्य संस्कृति को जड़ से समाप्त करने के लिए संकल्पबद्ध है। टोल फ्री नम्बर 1064 पर भ्रष्टाचार की शिकायतों की प्रभावी सुनवाई हो रही है। कहा कि हम सभी जानते हैं कि जैसे जैसे राज्य में वाहनों की संख्या में वृद्धि हुई है, सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भी चिंताजनक बढ़ोत्तरी हुई है। इसलिए राज्य में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए हमने फरवरी 2025 में नई उत्तराखण्ड सड़क सुरक्षा नीति 2025 लागू की है। इस नीति के अन्तर्गत सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारियां निर्धारित करते हुए वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्य सभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, सचिव श्री बृजेश कुमार संत, अपर सचिव रीना जोशी सहित परिवहन विभाग के अधिकारी एवं सभी नवचयनित अभ्यर्थी मौजूद रहे।

### भ्रष्टाचार में लिप्त 200 से अधिक लोगों को जेल भेजा: धामी

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पूर्व की सरकारों में नौकरी में भाई भतीजावाद के साथ ही भ्रष्टाचार भी अपने चरम पर था। हम प्रदेश में भ्रष्टाचार रूपी इस दीमक को जड़ से समाप्त करने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य कर रहे हैं। इसी का परिणाम है कि पिछले तीन वर्षों में हमने भ्रष्टाचार में लिप्त करीब 200 से अधिक लोगों को जेल की सलाखों के पीछे पहुँचाया है और हमारा ये अभियान लगातार जारी है।

# पंचायतों के वोटर आसानी से ऑनलाइन खोज सकते हैं अपना नाम

■ राज्य निर्वाचन आयोग ने ऑनलाइन पोर्टल पर सूची कराई उपलब्ध,नए मतदाता अपने ब्लॉक या तहसील कार्यालय में भर सकते हैं फार्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन के लिये पंचायत निर्वाचक नामावलियों में नाम खोजने की सुविधा हेतु मतदाता सूची पोर्टल मबअवजमत. ना.हवअ.पद पर उपलब्ध करा दी गयी है। पंचायतों के मतदाता अपना नाम आयोग के उक्त पोर्टल पर ''पंचायत मतदाता खोजें'' पर क्लिक कर खोज सकते हैं। इस संबंध में सचिव राज्य निर्वाचन आयोग राहुल कुमार गोयल द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि घर-घर जाकर कराये गये विस्तृत पुनरीक्षण के अनुसार दिनांक 17.01.2025 को अन्तिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामावली में अंकित मतदाताओं के नाम खोजे जा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के नाम कतिपय कारणों से निर्वाचक नामावली के अन्तिम प्रकाशन में सम्मिलित होने से रह गये थे उन मतदाताओं के नाम आयोग द्वारा ग्राम वार बैठक बुलाकर निर्वाचक नामावली प्रकाशित करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया था। उसके बाद भी ग्राम पंचायत के संबंधित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र (वार्ड) की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने हेतु उपलब्ध कराये गये आवेदनों पर जनपदों द्वारा आयोग से स्वीकृति प्राप्ति के बाद उक्त पोर्टल पर खोजे जा सकेंगे।

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जनपदों के माध्यम से प्रयास किये गये हैं कि किसी भी पात्र निर्वाचक का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित होने से ना छूटे तथापि अभी भी पात्र मतदाता अपने निकटतम विकास खण्ड अथवा तहसील कार्यालय में प्रपत्र भरकर नाम जोड़ने - संशोधन करने हेतु आवेदन कर सकते हैं।

# सरकारी दस्तावेज बनाते समय सही प्रकार से हो सत्यापन

■ आधार कार्ड व अन्य सरकारी दस्तावेज बनाते समय सही प्रकार से सत्यापन किया सरकारी भवनों के निर्माण कार्यों में स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता दी जाए भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए शत्रु संपत्तियों पर हुए अतिक्रमण का मांगा विस्तृत आंकडा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों को निर्देश दिये कि भ्रष्टाचार के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाया जाए। टोल फ्री नम्बर 1064 का व्यापक स्तर पर प्रचार किया जाए। मुख्यमंत्री ने धर्मांतरण से संबंधित मामलों में की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में सत्यापन अभियान लगातार जारी रखने के साथ ही संदिग्ध गतिविधि अथवा व्यक्ति की जानकारी मिलने पर तत्काल और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि आधार कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेजों को बनाते समय उनका सही प्रकार से सत्यापन किया जाए। गलत दस्तावेज जारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिक्रमण के विरुद्ध चल रहे अभियान को निरंतर जारी रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जो भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई जा चुकी है, वहां दोबारा अतिक्रमण न हो। शत्रु संपत्तियों पर हुए अतिक्रमण का भी विस्तृत आंकलन कर उसकी जानकारी प्रस्तुत की जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी भवनों के निर्माण कार्यों में स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता देने के साथ ही भवनों के निर्माण में राज्य की सांस्कृतिक पहचान और पारंपरिक पर्वतीय वास्तुशैली को प्रमुखता दी जाए। अधिकारियों को बॉर्डर क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश भी उन्होंने दिए हैं। बैठक में प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, अपर पुलिस महानिदेशक वी. मुरूगेशन, ए.पी. अंशुमन, सचिव विनोद कुमार सुमन, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

# इन्दिरेश अस्पताल मेंगोल्डन कार्ड की सेवाएं जारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में गोल्डन कार्ड लाभार्थियों के लिए उपचार सेवाएं जारी हैं। कई बड़े अस्पतालों ने गोल्डन कार्ड पर उपचार देना बंद कर दिया है। ऐसे में उत्तराखण्ड में राज्य कर्मचारियों, पेशनरों एवम् उनके आश्रितों के सामने उपचार का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। लेकिन श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में गोल्डन कार्ड नियमित स्वीकार्य किए जा रहे हैं व आगे भी उपचार जारी रहेगा। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों की बात राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण एवम् स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई है। अस्पताल को यह आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही गोल्डन कार्ड की बकाया धनराशि का भुगतान श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल को जारी कर दिया जाएगा। यह जानकारी श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय पंडिता ने दी।

# प्रदेश में आयोजित होंगे सहकारिता मेले: डॉ. रावत

**शाह टाइम्स मुख्य संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने गुरुवार को शासकीय आवास पर सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश के सभी जनपदों में सहकारिता मेले आयोजित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि जनपदों में लगने वाले इन सात दिवसीय मेले को 10 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। जिनमें सहकारिता गोष्टी व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, साथ ही मेलों में प्रदेश के महिला सहायता समूह द्वारा उत्पादित उत्पादों के स्टाल भी लगाए जाएंगे।प्रत्येक जनपद में आयोजित इन मेलों का शुभारंभ केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह जी करेंगे। इन मेलों में स्थानीय सांसद, राज्यसभा सांसद, क्षेत्रीय विधायक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी। कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर अपर निबंधक ईरा उप्रेती गढ़वाल क्षेत्र, और कुमाऊं मंडल में संयुक्त निबंधक मंगला त्रिपाठी को सहकारिता मेले का नोडल अधिकारी बनाया गया है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि वह स्वयं प्रत्येक जनपद में जाकर अंतरराष्ट्रीय सहका.रिता वर्ष के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर रहे हैं विभागीय अधिकारी भी जनपदों में जाकर कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग करें।बैठक में सभी 670 समितियों में एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत आगामी 10 दिसंबर तक 1 लाख 11हजार पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया।,अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में प्रत्येक दिन एक कार्यक्रम आयोजित किया जाए जिसमें गोष्टी के माध्यम से विभागीय और केंद्रीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीण किसानों को उपलब्ध हो सके केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय द्वारा प्रदेश में संच.ालित योजनाओं की स्थिति की भी सहकारिता मंत्री ने समीक्षा की।

वहीं हरिद्वार जनपद में कमजोर समितियों की समीक्षा करते हुए उनकी स्थिति में सुधार लाने के निर्देश भी बैठक में दिए गये।

उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ के टर्नओवर 500 करोड़ से 1000 करोड़ तक बढ़ाने को लेकर विभागीय मंत्री ने अधिकारियों को व्यावसायिक प्लान बनाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सचिव सहकारिता दिलीप जावलकर अपर निबंधक ईरा उप्रेती, आनंद शुक्ल, संयुक्त निबंधक नीरज बेलवाल , मंगला त्रिपाठी, उप निबंधक रमिंद्री मंदरवाल उपस्थित रहे।




■ 670 समितियों के माध्यम से रोपे जाएंगे एक लाख 11हजार पौधे

# प्रतिनिधिमंडल में विदेश जाने वाले भारतवासी, राजनैतिक दल के सदस्य नहीं:गौतम



■ भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कांग्रेस की आपत्तियों को सिरे से नकारा, तिरंगा शौर्य यात्रा में शामिल होंगे राष्ट्रीय महामंत्री

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम ने विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल पर कांग्रेसी आपत्तियों को सिरे से नकारते हुए कहा कि, देश के बाहर सभी भारतवासी होते हैं, राजनैतिक दल के सदस्य नहीं। वहीं निशाना साधा कि जिनके नेता पाक टीवी में हीरो बने हैं, वो आज जयहिंद यात्रा निकाल रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष को लेकर भी स्पष्ट किया कि 14 राज्यों में घोषणा के बाद शीघ्र शेष राज्यों में भी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

तिरंगा शौर्य यात्रा में शामिल होने देहरादून पहुंचे गौतम ने पार्टी मुख्यालय में विभिन्न मुद्दों पर मीडिया के सवालों का जवाब दिया। जिसमें प्रदेश में जारी तिरंगा यात्रा को लेकर उन्होंने कहा, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने जो गौरवशाली कार्य किया है, उससे देश के सम्मान में वृद्धि हुई है। हमारी माता बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया है और पाकिस्तान का उसमें सीधा-सीधा हाथ दिखाई दिया। उसका बदला लेने के लिए हमारे सैनिकों ने जो पराक्रम दिखाया, उसका जनता आज तिरंगा यात्रा के रूप में सैल्यूट कर रही है। उनको नमन करने के लिए समाज के सभी वर्ग डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, लेक्चर, अधिवक्ता और उसके साथ-साथ अर्ध सैनिक बल, व्यापारी वर्ग, आम नागरिक यात्रा में शामिल हो रहे हैं। इसी आभार की कड़ी में हम भी हौसला बढ़ाने के लिए जनसामान्य के साथ मिलकर सैनिकों के पराक्रम को सलाम कर रहे हैं। हम जनता के इसी उत्साह को बूथ लेवल तक जनता के मध्य पहुंच रहे हैं।

उन्होंने विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल को लेकर कांग्रेस की अपत्ति पर पलटवार किया कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, हम देश में अलग-अलग पार्टी हो सकते हैं ,लेकिन विदेश में पार्टी नहीं एक देश के प्रतिनिधि हैं।

### शीघ्र प्रारंभ हो जाएगी प्रदेशाध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया

प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव को लेकर पूछे सवाल का जवाब देते हुए गौतम ने कहा कि संगठन चुनाव की प्रक्रिया अंतिम चरण में है,14 राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं और शेष के कार्यक्रम की जानकारी शीघ्र जारी कर दी जाएगी। चूंकि पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना का जवाब देना बहुत आवश्यक था। यही वजह है कि इस दौरान संगठन कार्य को कुछ समय के लिए स्थगित किया गया था, और अब शेष प्रक्रिया की जल्दी घोषणा हो जाएगी।

### जिनके नेता पाक टीवी में हीरो बने हैं, वे जयहिंद यात्रा निकाल रहे

कांग्रेस की जयहिंद आदि यात्राओं पर तंज किया कि कांग्रेस कैसे मनोबल बढ़ा रही है, ये समझ से परे है। क्योंकि कांग्रेस नेता तो पाकिस्तान के टेलीविजन में लगातार हीरो बने हुए हैं। एक के बाद एक, उनके द्वारा की जा रही भारत सरकार और सेना की आलोचना को पाकिस्तान मुद्दा बनाए हुए है। उसके माध्यम से पाक अपने देश और दुनिया में भारत के खिलाफ माहौल बनाने का प्रयास कर रहा है। आज उनके नेता पाकिस्तान के साथ खड़े होने वाले चीन की भाषा बोल रहे हैं। कांग्रेस का एक-एक नेता, मोदी और सेना की आलोचना करने का काम कर रहा है, ऐसे में वो यात्राओं से कैसे देश का मनोबल बढ़ा सकते हैं।

# एक देश एक चुनाव: 6 महीने में विस्तृत रिपोर्ट देंगे राज्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** एक देश, एक चुनाव पर भारत सरकार के स्तर पर गठित संयुक्त संसदीय समिति ने उत्तराखंड समेत सभी राज्यों से एक साथ चुनाव के नफा-नुकसान पर विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए कहा है। राज्यों से अपेक्षा की गई है कि वे छह महीने के भीतर यह रिपोर्ट समिति को सौंप देंगे। समिति ने जोर देते हुए कहा है कि यह मुद्दा देश हित का है। इसलिए जो भी फैसला आने वाले दिनों में किया जाएगा, उसमें देश हित ही सर्वोपरि रहेगा।

संपूर्ण देश में एक साथ चुनाव कराने के संबंध में संविधान (129 वां संशोधन) विधेयक 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून(संशोधन) विधेयक 2024 पर फीडबैक लेने के लिए संयुक्त संसदीय समिति की बैठक का सिलसिला 21 मई को शुरू हुआ था। कई चरणों में आयोजित दो दिनी बैठक का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। मीडिया से बातचीत में समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने दो दिन के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि समिति ने अभी तक महाराष्ट्र और उत्तराखंड राज्य से एक देश एक चुनाव पर फीडबैक लिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1967 तक लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते थे। मगर इसके बाद सर्कल बिगड़ गया। वर्ष 1994 से एक साथ चुनाव के लिए कोशिशें हुई थीं, लेकिन यह परवान नहीं चढ़ पाई। उन्होंने कहा कि इस वक्त फिर से चुनाव व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन के लिए यह कवायद की जा रही है।



■ संयुक्त संसदीय समिति ने दूसरे दिन भी लिया उत्तराखंड का फीडबैक जेपीसी अध्यक्ष पीपी चौधरी बोले, यह मुद्दा है देश हित का

### कोई टाइमलाइन नहीं, जल्दबाजी में काम नहीं

संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी का कहना है कि रिपोर्ट तैयार करने के मामले में समिति के सामने कोई टाइमलाइन फिक्स नहीं है। समिति किसी भी तरह की जल्दबाजी में नहीं है। यह काम देश हित से जुड़ा अत्यंत महत्व का है, इसलिए ठोस काम करने पर जोर है। समिति पूरे देश में सभी राज्यों तक पहुंचेगी।

# जैव विविधता का संरक्षण तभी संभव है, जब जनसहभागिता हो: उनियाल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर उत्तराखंड जैव विविधता बोर्ड की और से देहरादून में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बार जैव विविधता दिवस की थीम 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' रही। कार्यक्रम में स्कूलों के छात्र-छात्राएं, विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, जैव विविधता समितियों के सदस्य और वन विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि जैव विविधता का संरक्षण तभी संभव है जब जनसहभागिता हो। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे प्रकृति के प्रति सजग बनें और दूसरों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. धनंजय मोहन (प्रमुख वन संरक्षक) और डॉ. समीर सिन्हा (प्रमुख वन संरक्षक व सीईओ, कैम्पा) उपस्थित रहे। साथ ही विभिन्न विभागों के प्रमुख वन संरक्षक और वन अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस मौके पर उत्तराखंड जैव विविधता बोर्ड की और से तीन प्रकाशनों का विमोचन किया गया। जिनमें वार्षिक रिपोर्ट 2024-25, पीपुल्स बायोडायवर्सिटी रजिस्टर व बारहना.जा फोल्डर आदि शामिल हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत में नीतीश मणि त्रिपाठी, सदस्य सचिव, उत्तराखंड जैव विविधता बोर्ड ने जैव विविधता संरक्षण के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 और 2025 में देहरादून के 120 से अधिक विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए। इसके अलावा, उत्तराखंड जैव विविधता बोर्ड और तितली ट्रस्ट द्वारा बनाई गई एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई।इस अवसर पर ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय और जैव विविधता बोर्ड के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. नरपिंदर सिंह, वाइस चांसलर एवं प्रो. वी.पी. उनियाल कार्यक्रम में शामिल हुए।



■ अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर देहरादून में हुआ कार्यक्रम

# ऑन द स्पॉट की दिव्यांग महिला की पेंशन स्वीकृत

नि:शुल्क उपलब्ध कराई व्हीलचेयर 'सारथी' वाहन से सुरक्षित पहुंचाया घर, महिला बोली... डीएम हो तो ऐसा

देहरादून । जनता की सेवा के लिए देहरादून डीएम सविन बंसल हर पल समर्पित रहते है। जनता दरबार, बहुउद्देशीय शिविर, क्षेत्र भ्रमण के अलावा हर दिन बडी संख्या में लोग अपनी व्यथा और समस्या लेकर डीएम दफ्तर पहुंचते है। ऐसा ही एक प्रकरण पिछली जनसुनवाई के दौरान भी सामने आया। जब देहरादून ओगल भट्, क्लिमेंटाउन निवासी एक दिव्यांग महिला राखी अपने पति विजेन्द्र कुमार के साथ जन सुनवाई दिवस पर डीएम दफ्तर पहुंची और अपनी पूरी व्यथा डीएम को सुनाई। शारीरिक रूप से 40 प्रतिशत दिव्यांग राखी ने दिव्यांग पेंशन और नौकरी का अनुरोध किया। डीएम ने दिव्यांग महिला की पूरी व्यथा सुनी और मौके पर ही दिव्यांग पेंशन की स्वीकृत की। यही नही डीएम ने दिव्यांग महिला और उसके पति को क्लेक्ट्रेट से ''सारथी'' वाहन द्वारा उनके घर तक सुरक्षित पहुंचाया।

# राज्यपाल व सीएम ने श्री हेमकुण्ट यात्रा के प्रथम जत्थे को किया रवाना

■ यात्रा के लिए जाने वाले संगतों के प्रथम जत्थे को दी बधाई , सुगम व सुरक्षित यात्रा की कामना

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून । राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को ऋषिकेश से पंज प्यारों की अगुवाई में श्री हेमकुण्ट साहिब यात्रा के लिए जाने वाले प्रथम जत्थे को रवाना किया। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने इस दौरान यात्रा के लिए जाने वाले संगतों के प्रथम जत्थे को बधाई देते हुए उनके सुगम व सुरक्षित यात्रा की कामना की।

राज्यपाल ने कहा कि श्री हेमकुण्ट साहिब की यह यात्रा आस्था, भक्ति और विश्वास की प्रतीक है। 15 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित यह तीर्थ स्थल तक की लगभग 18 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा हर श्रद्धालु की धैर्य, साहस और आस्था की परीक्षा है। राज्यपाल ने सिख गुरुओं के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि ''स्वाभिमान, साहस, बलिदान, परिश्रम और सेवा'' सिख परंपरा के मूल स्तंभ हैं। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह की वाणी ''निश्चय कर अपनी जीत करौं'' को आत्मसात करते हुए श्रद्धालुओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने यात्रा आयोजन से जुड़े गुरुद्वारा प्रबंधन समिति, सेवादारों, प्रशासनिक अधिकारियों और सुरक्षा बलों को उनके सतत प्रयासों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और यात्रा की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि श्री हेमकुण्ट साहिब की यात्रा हमारे राज्य की धार्मिक, आध्यात्मिक, संस्कृति का अनुपम संगम है। हेमकुण्ट साहिब सिख समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यह भूमि आज भी दिव्य ऊर्जा का केंद्र है। प्रत्येक श्रद्धालु में हेमकुण्ट साहिब जाकर आत्मिक शांति का अनुभव और नई चेतना का संचार होता है।

कार्यक्रम के दौरान एआई-संचालित चौटबॉट ''इटरनल गुरु'' के अपग्रेडेड वर्जन का भी प्रदर्शन किया गया। यह चौटबॉट गुरबाणी पर आधारित है, जो श्री गुरु ग्रन्थ साहिब के आध्यात्मिक मार्गदर्शन तथा शिक्षाओं को तकनीक के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने में सक्षम है। इस चौटबॉट को उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा हेमकुण्ट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के सहयोग से तैयार किया गया है।

इस अवसर पर हेमकुण्ट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने यात्रा तैयारियों और उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए संगतों की सफल यात्रा के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डुड़ी ''भूषण'', कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक प्रेमचन्द्र अग्रवाल, विधायक रेनू बिष्ट, परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती, निर्मल आश्रम के अध्यक्ष जोत सिंह, निर्मल अखाड़ा प्रमुख श्रीमंत ज्ञान देव महाराज, कुलपति तकनीकी विश्वविद्यालय प्रो. ओंकार सिंह, कुलपति संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार प्रो दिनेश चंद्र शास्त्री सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# डीएम ने सकलाना क्षेत्र का किया निरीक्षण



**चेकडैम, मत्स्य पालन, स्कूलों और सड़कों की स्थिति का लिया जायजा**
**जन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई और गांवों में कृषि-बागवानी को बढ़ावा देने के निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जनपद के जौनपुर ब्लॉक अंतर्गत सकलाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, शिकायती पत्रों पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया और क्षेत्र में चल रहे निर्माण एवं कल्याणकारी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

डीएम दीक्षित ने सारा (सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड रूरल एडवांसमेंट) परियोजना के तहत निर्मित चेकडैम का निरीक्षण कर उनकी सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्हें बताया गया कि क्षेत्र में तीन दर्जन चेकडैम बन चुके हैं, जिनमें से अधिकांश का कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने इन संरचनाओं के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा ताकि जल संचयन और सिंचाई की सुविधा प्रभावी रूप से बनी रहे।

कृषि विभाग द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे घेरबाड़, बागवानी और फसलों की सुरक्षा कार्यों का भी जिलाधिकारी ने अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि और अधिक क्षेत्र में घेरबाड़ की योजना बनाएं तथा किसानों को कृषि और बागवानी के लिए प्रेरित करें, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो।

डीएम ने मत्स्य पालक पंचम हटवाल द्वारा संचालित मत्स्य तालाबों का निरीक्षण करते हुए तालाबों की सफाई बनाए रखने को कहा। सारा परियोजना के उप निदेशक नवीन बर्फवाल ने जानकारी दी कि चेकडैम का पानी सीधे इन तालाबों तक पहुंच रहा है, जिससे मत्स्य पालन को लाभ हो रहा है।

राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंझगांव और सेलवानी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षक व छात्र उपस्थिति की जानकारी ली। एक मानसिक रूप से अस्वस्थ छात्र की जानकारी मिलने पर उन्होंने एसडीएम धनोल्टी को तुरंत उपचार से जुड़ी सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा डीएम ने रायपुरदृमरोड़ादृकुमाल्डा मोटर मार्ग के डेंजर जोन का भी निरीक्षण किया और लोक निर्माण विभाग को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने, सड़क किनारे फैले पीरूल को मशीनों की सहायता से हटाने और नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए।

इस मौके पर एसडीएम मंजू राजपूत, लघु सिंचाई विभाग के ईई बृजेश गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी का यह दौरा क्षेत्रीय विकास और जन कल्याण के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# पर्यावरणीय क्षरण जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा:प्रो.गुसांई

**जंतु विज्ञान विभाग के ओर से अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के जन्तु विज्ञान विभाग के ओर से गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया। प्रकृति संग समरसता और सतत विकास थीम पर आधारित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने जैव विविधता से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। मौके पर छात्रों ने बर्डवॉचिंग में भाग लिया। इस अवसर पर जंतु विभाग के डॉ. आनंद कुमार ने प्रतिभागियों को स्थानीय पक्षी विविधता और जैव विविधता के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को स्थानीय जैव विविधता पर दस्तावेजीकरण करने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान में 47 विभिन्न पक्षी प्रजातियों की पहचान की गई और एक प्रारंभिक चेकलिस्ट तैयार की गई। गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण जवं जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ओपीएस गुसाईं ने जैव विविधता संरक्षण की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि प्रजातियों के तीव्र गति से विलुप्त होना, प्राकृतिक आवासों का ह्रास और पर्यावरणीय क्षरण जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने सभी को जैव विविधता के संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने और ठोस प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रो. मंजु प्रकाश गुसाईं, प्रो. दीपक भंडार तथा प्रो. आरएस फर्त्याल ने जैव विविधता संरक्षण पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने प्राकृतिक संतुलन, खाद्य श्रृंखला, पारिस्थितिक सेवाओं और जलवायु स्थायित्व में जैव विविधता की भूमिका को विस्तार से समझाया। संकाय सदस्य डॉ. गुंजन गोस्वामी और डॉ. गौरव भट्ट ने भी छात्रों को जैव विविधता के वैज्ञानिक अध्ययन और संरक्षण में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया। मौके पर मत्स्य अधिकारी डॉ. जितेन्द्र सिंह राणा, शोधार्थी यास्मीन अख्तर, सचिन कोठियाल, आदिति रतूड़ी, अनुभा, शिप्रा, साक्षी, संजय, अजय भूषण सहित आदि मौजूद थे।

# चार दिवसीय गढ़वाल भ्रमण पर कैबिनेट मंत्री डा. रावत

**शाह टाइम्स मुख्य संवाददाता**

**देहरादून।** सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत गढ़वाल मंडल के चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे। अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत डॉ. रावत पौड़ी, रूद्रप्रयाग और टिहरी जनपद में विभागीय योजनाओं की प्रगति परखेंगे, साथ ही विभिन्न विकासपरक योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे। इसके अलावा वह रूद्रप्रयाग में उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा-2025 के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेंगे। डॉ. रावत भरसार विश्वविद्यालय में आयोजित किसान गोष्ठी में भी प्रतिभाग करेंगे साथ ही वह पैदल मार्ग से बूढ़ा भरसार भी जायेंगे।

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि वह आगामी 26 मई तक गढ़वाल मंडल के दौरे पर रहेंगे। अपने चार दिवसीय दौरे के दौरान वह रूद्रप्रयाग, पौड़ी और टिहरी जनपद का भ्रमण करेंगे। उन्होंने बताया कि अपने दौरे की शुरूआत वह अपनी विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर में आयोजित तिरंगा यात्रा से करेंगे, जो शुक्रवार को रामलीला मैदान में आयोजित होगी। इसके बाद वह रूद्रप्रयाग जनपद जायेंगे, जहां पर वह उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा-2025 में जनपद स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेंगे। इसके साथ ही वह जिला पुस्तकालय का भी लोकार्पण करेंगे।

इसके बाद डॉ. रावत सुमाड़ी-भरदार में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय का भूमिपूजन व शिलान्यास करेंगे।

# कुल व्यय का 60 प्रतिशत जल संरक्षण पर दिया जोर:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



उत्तरकाशी 22 ,मई : जिलाधिकारी डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट ने मनरेगा के अंतर्गत कुल व्यय का 60 प्रतिशत जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित कार्यों पर केंद्रित करने के निर्देश दिए हैं।गुरुवार को जिलाधिकारी श्री बिष्ट की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की वार्षिक कार्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बैठक की है।

बैठक में वित्तीय वर्ष के लिए विकास कार्यों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत कुल व्यय का 60 प्रतिशत जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित कार्यों पर केंद्रित करने के निर्देश दिए। ताकि प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग को सुनिश्चित किया जा सके। शेष 40 प्रतिशत राशि अन्य निर्माणात्मक एवं विकासात्मक कार्यों में व्यय करने के लिए ठोस कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर जॉब कार्डधारकों की संख्या के अनुरूप विस्तृत कार्य योजना तैयार करना सुनिश्चित करें।

ताकि ग्रामीणों को अधिकतम रोजगार उपलब्ध हो सके और योजना का लाभ लक्षित हितग्राहियों तक पहुंच सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कार्यों की योजना बनाते समय स्थानीय आवश्यकताओं और संसाधनों का ध्यान रखा जाए ताकि पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु समयबद्ध निगरानी तंत्र को सशक्त बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि गांव का सुनियोजित एवं समग्र विकास के लिए मनरेगा एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली माध्यम है। स्थानीय नर्सरी विकास को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। ताकि पौधों की उपलब्धता के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार भी सृजित हो सके।

भूमि विकास कार्यों के अंतर्गत किसानों एवं बागवानों की खेती एवं बागवानी को वन्यजीवों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बायोफेंसिंग/घेरबाड़ जैसे कार्यों को प्राथमिकता के साथ कार्य योजना में शामिल करने को कहा। छुटे हुए गांवों में आवागमन को सुलभ और सुरक्षित बनाने हेतु इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं अन्य पथ निर्माण कार्यों को भी कार्य योजना में शामिल करने के निर्देश दिए। ताकि ग्रामीण आधारभूत संरचना में गुणात्मक सुधार हो सके। इसके अतिरिक्त कई महत्वपूर्ण कार्यों को कार्य योजना में शामिल करने पर भी चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एसएल सेमवाल,परियोजना निदेशक अजय कुमार,जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी चेतना अरोड़ा,खण्ड विकास अधिकारी दिनेश जोशी सहित अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### कमांद में नवनिर्मित पुलिस चौकी का एसएसपी ने किया शुभारंभ

**नई टिहरी।** टिहरी जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नव निर्मित थाना छाम की पुलिस चौकी कमांद का विधिवत उद्घाटन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आयुष अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की सेवा के लिए है और आम लोगों को चाहिए कि वे पुलिस से समन्वय बनाकर सहयोग लेते रहें। एसएसपी अग्रवाल ने चौकी भवन में प्रवेश कर धार्मिक विधि-विधान और मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना और हवन सम्पन्न कराया। उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। एसएसपी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नहीं, बल्कि जनता के सुख-दुख में सहभागी बनने के लिए है।उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस विभाग कमांद क्षेत्र के लोगों की हर संभव सहायता करेगा और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी चौकी स्थापना पर संतोष जताते हुए पुलिस को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। उनका कहना था कि चौकी खुलने से अब क्षेत्र में आम लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

### तीन जून से आयोजित होगा त्रि दिवसीय चाई ग्रामोत्सव

**लैंसडाउन** । जयहरीखाल विकास खंड के अंतर्गत ग्राम चाई में श्री नव दुर्गा उत्थान समिति चाई की ओर से तीन जून से त्रि दिवसीय चाई ग्रामोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी। आयोजन समिति सदस्य डॉ पद्मेश बुड़ाकोटी ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत तीन जून को देवपूजन व कलश यात्रा निकाली जायेगी। इसी दिन आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या में ग्राम समाज व धर्मेंद्र रावत ग्रुप के कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। चार जून को ग्राम विकास गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। पांच जून को देवपूजन व भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### 40 छात्रों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



श्रीनगर। कालिंदी फाउंडेशन ने गुरुवार को बिरला परिसर हेल्थ सेंटर में एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। शिविर में 40 छात्रों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनमोहन सिंह रौथाण और कुलसचिव प्रो. राकेश ढोड़ी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्र-छात्राओं को इस तरह के पुण्य कार्य में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग करने की आह्वान किया। मौके पर कार्यक्रम का निर्देशन विरेंद्र बिष्ट, छात्र नेता आयुष मियां, अंकित रावत, राजा बिष्ट, पुनीत अग्रवाल सहित आदि मौजूद थे।

### सच्चिदानंद भारती को महर्षि दयानंद सरस्वती स्मृति सम्मान से किया सम्मानित

**कोटद्वार ।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी गढ़वाल मंडल की ओर से नगर निगम प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरणीय योगदान के लिए पाणी रखो आंदोलन के प्रणेता सच्चिदानंद भारती को महर्षि दयानंद सरस्वती स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. जयपाल सिंह ने कहा कि अकादमी समाज में विभिन्न क्षेत्रों में समानता और न्याय के लिए काम करने वाले विभूतियों को विगत 40 वर्षों से महापुरुषों के नाम से सम्मानित करती आ रही है। अकादमी देश-विदेश में विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक व समतावादी संगठनों व सर्वोदय के साथ मिलकर इस आयोजन को करती है। मंडलीय अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र लाल आर्य ने कहा कि सच्चिदानंद भारती के जल के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के कारण ही अकादमी ने उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर डॉ योगेश धस्माना, भाष्कर द्विवेदी, नेत्र सिंह रावत, मंजू रावत, गीता बिष्ट, पूनम कैंतूरा व कल्याण चक्रवर्ती सहित अकादमी से जुड़े अन्य लोग मौजूद रहे।

# अवैध शराब की तस्करी करने वालों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा पड़ावों में अवैध तरीके से शराब पहुंचाने को लेकर नेपाली मूल के लोगों के साथ कुछ स्थानीय लोग जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं, लेकिन उनकी मेहनत पर पुलिस पानी फेर रही है। बृहस्पतिवार को सोनप्रयाग पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो महिला एवं दो पुरूष नेपालियों के साथ एक स्थानीय युवक को 56 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया, जिनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

बता दें कि इस वर्ष की यात्रा में पुलिस अवैध शराब की तस्करी को लेकर चौकन्ना नजर आ रही है। जगह-जगह दबिश देकर अवैध शराब बरामद करने के साथ ही तस्करों को पकड़ा जा रहा है, जिससे यात्रा मार्गों पर अवैध शराब की तस्करी करने वालों में हड़कंप मचा है। नेपाली मूल के लोगों के साथ स्थानीय युवक भी शराब की तस्करी में संलिप्त पाए जा रहे हैं।

केदारनाथ धाम यात्रा को लेकर एसपी अक्षय कोंडे ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अवैध तरीके से शराब का भंडारण, विक्रय, तस्करी करने वालों पर कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया है बृहस्पतिवार को सोनप्रयाग पुलिस ने चेकिंग के दौरान यात्रा मार्ग पर एक बुलेट व एक स्कूटी से 43 बोतल व 26 अद्धे अवैध शराब बरामद किया, जिसमें पुलिस ने बसन्ती शाही, पत्नी दीपेन्द्र शाही, निवासी कालीकोट कर्णाली प्रदेश, हाल त्रियुगीनारायण पैदल मार्ग, थाना सोनप्रयाग, सुशीला पत्नी युवराज निवासी छापरे नगरपालिका, तिल्लागुफा वार्ड 07, आँचल व प्रदेश कर्णाली, नेपाल उम्र 29 वर्ष, युवराज पत्नी भीम बहादुर बिष्ट, छाबरिया, जिला कालीकोट, आँचल तिल्ला कर्णनाली प्रदेश, नेपाल उम्र 22 वर्ष, टक बहादुर शाही, पुत्र मोनवीर शाही, निवासी कालीकोट नगर पालिका तिलगुफा, नेपाल उम्र 39 वर्ष के साथ ही अमन पुत्र सूरज निवासी बेलनी रुद्रप्रयाग उम्र 23 वर्ष के विरूद्ध कोतवाली सोनप्रयाग में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया। शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को सीज किया गया।

अब तक पुलिस आबकारी अधिनियम के तहत कुल 12 मुकदमे दर्ज कर 895 बोतल शराब की बरामदगी कर चुकी है तथा 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पांच वाहनों को सीज किया जा चुका है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रघुबीर सिंह, संदीप झिंकवाण, आरक्षी धर्मवीर सिंह, सुल्तान, शुभम, महिला होमगार्ड कल्पना शामिल थी।

# महाराज ने दिए मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पौड़ी।** प्रदेश के लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण,पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र स्थित विकासखण्ड बीरोंखाल के सुखई में बोलेरो वाहन दुर्घटना में मारे गए कुंड निवासी संदीप पुत्र भीम सिंह एवं नगासु पजेड़ा निवासी बिलेश्वरी देवी पत्नी कुशाल सिंह की मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

कैबिनेट मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र स्थित विकासखण्ड बीरोंखाल के सुखई में बोलेरो वाहन दुर्घटना में मारे गए कुंड निवासी संदीप पुत्र भीम सिंह एवं नगासु पजेड़ा निवासी बिलेश्वरी देवी पत्नी कुशाल सिंह की मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी पौड़ी को मृतकों के परिजनों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने और घायलों के इलाज की उचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिए हैं। ज्ञात हो कि बुधवार को विकास खण्ड बीरोंखाल के ग्राम सुखई में बोलेरो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

जिसमें कुल सात लोग सवार थे इनमें से बिलेश्वरी देवी पत्नी कुशाल सिंह की मोके पर ही मौत हो गई थी जबकि गंभीर घायल कुंड निवासी संदीप पुत्र भीम सिंह की रामनगर अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। जबकि घायल पांच लोगों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। श्री महाराज ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

# देवलगढ़ पर्यटन सर्किट का निर्माण कार्य चार माह से ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू के देवलगढ़ गांव में स्थित सिद्धपीठ राजराजेश्वरी और गौरा देवी मंदिर को पर्यटन सर्किट से जोडने वाला निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। बीते चार माह से निर्माण कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा हुख है। पर्यटन सर्किट का निर्माण कार्य बंद पड़े होने पर देवलगढ़ क्षेत्र सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास समिति ने रोष व्यक्त किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला पर्यटन विभाग पौड़ी और कार्यदायी संस्था की लापरवाही के कारण पर्यटन सर्किट का निर्माण कार्य अधर में लटक गया है। उन्होंने पर्यटन विभाग से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने की मांग की है। देवलगढ़ क्षेत्र सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास समिति के अध्यक्ष कुंजिकाप्रसाद उनियाल ने बताया कि देवलगढ़ के सिद्धपीठ राजराजेश्वरी और गौरा देवी मंदिर को पर्यटन सर्किट से जुडने का कार्य लगभग चार माह से बंद पड़ हुआ है। बताया कि योजना के अंतर्गत मंदिर मार्ग पर टिन की छ्त व रेलिंग का कार्य, सीसी मार्ग निर्माण, टाइल्स लगाने, पांच प्रवेश द्वार, व्यूप्वाइंट आदि निर्माण कार्य प्रस्तावित थे। लेकिन कुछ माह से योजना का निर्माण कार्य बंद पड़ा हुआ है। बताया कि दो साल से अभी तक सुस्त गति से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने पर्यटन विभाग के अधिकारियों से मामले को संज्ञान में लेते हुए जल्द योजना का निर्माण कार्य शुरू करवाएं जाने की मांग की है। कहा कि यदि जल्द से निर्माण कार्य शुरू नहीं होता है तो वह उग्र आंदोलन के लिज बाध्य होंगे।

# पेंशन बहाली को लेकर संयुक्त मोर्चा का हस्ताक्षर अभियान

**प्रधानमंत्री को भेजे गए पत्र, कहा-नेताओं को पेंशन मिल सकती है, तो कर्मचारियों को क्यों नहीं?**
**सरकार को चेतावनी, बहाली न होने पर किया जाएगा प्रदेशव्यापी आंदोलन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई टिहरी।** जनपद टिहरी में राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर गुरुवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षरित पत्रों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित कर डाक के माध्यम से प्रेषित किया गया, जिनमें केंद्र सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गई है।

हस्ताक्षर अभियान के दौरान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सीताराम पोखरियाल ने कहा कि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली उनका संवैधानिक और नैतिक अधिकार है, जिसे छीनकर उनके भविष्य को असुरक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को भेजे गए फार्मेट पत्रों के माध्यम से हमने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि कर्मचारी वर्ग अपने हक के लिए शांतिपूर्वक प्रयास कर रहा है, और सरकार को इस पर सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि सरकार द्वारा एनपीएस (नई पेंशन योजना) और यूपीएस जैसे 'काले कानून' कर्मचारियों पर जबरन थोपे जा रहे हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है। उन्होंने मांग की कि इन व्यवस्थाओं को समाप्त कर पूर्ववर्ती पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू किया जाए। मोर्चा के जनपद अध्यक्ष राजीव उनियाल ने कहा कि जब सांसदों और विधायकों को बिना किसी सेवा अवधि के पेंशन दी जा सकती है, तो वर्षों की सेवा देने वाले कर्मचारियों को यह सुविधा क्यों नहीं मिलनी चाहिए? यह पूरी तरह अन्यायपूर्ण है और सरकार को इसे तुरंत सुधारना चाहिए। कार्यक्रम में जयदीप रावत ने चेतावनी दी कि यदि सरकार शीघ्र ही इस विषय में कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है, तो प्रदेश स्तर पर कर्मचारियों को हड़ताल या व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान संचालन में मंडल प्रभारी रनिता विश्वकर्मा, सुभाष भट्ट, वंदना सिंह, विजय गुसाईं, विनोद चौहान, विजय आर्य, राकेश चंद, संदीप मैठानी, रोहित जोशी, माखन लाल शाह, अभिषेक नवानी, संरक्षक संजय पांडे, दिनेश, विजय सिंह, मनोज भंडारी, दुर्गा प्रसाद लखेड़ा, सतीश फोंदणी सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सरकार पर दबाव बनाने की बात कही।

# तेज अंधड़ ने देवप्रयाग को किया अंधेरे में तब्दील

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई टिहरी।** तीर्थनगरी देवप्रयाग में बुधवार देर शाम आए तेज अंधड़ और बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। करीब 14 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे नगर के साथ ही आसपास के कई गांव अंधेरे में डूबे रहे। इस दौरान हाई वोल्टेज करंट के कारण कई घरों के बिजली उपकरण जल गए, जबकि कई स्थानों पर पेड़ गिरने से यातायात भी ठप हो गया।

गजादृचाका मोटरमार्ग पर लसेर के समीप पेड़ गिरने से सड़क बंद हो गई, जिससे दर्जनों गांवों की बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो गई। दयूका बागी क्षेत्र में अंधड़ के कारण बिजली की लाइनें आपस में उलझ गई, जिससे हिंडोलाखाल ब्लॉक मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में पूरी रात अंधेरा छाया रहा। हाई वोल्टेज की वजह से यहां कई घरों में फ्रिज, पंखे, टेलीविजन जैसे उपकरण खराब हो गए। नगर क्षेत्र में शांता नदी पर बने एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का पॉवर कंट्रोलर भी तेज हवाओं के चलते गिर गया, जिससे बस अड्डा, थाना क्षेत्र और शांति बाजार में बिजली सप्लाई बंद करनी पड़ी। डिग्री कॉलेज के पास बिजली लाइन पर पेड़ गिरने से मुख्य बाजार और बाहरी इलाकों में भी अंधेरा फैल गया। इससे न केवल स्थानीय लोग परेशान हुए बल्कि तीर्थयात्रियों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। बिजली गुल होने से नगरवासियों में गुलदार और भालू के डर का माहौल भी बना रहा।

गुरुवार सुबह 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति बहाल हो पाई। चाका मार्ग पर गिरे पेड़ को वन विभाग की टीम ने काटकर मार्ग से हटाया, जिसके बाद यातायात और बिजली बहाल हो सकी। इसी प्रकार करणादेवीदृकांडाधार मार्ग पर गिरे भारी पेड़ों को हटाकर आवाजाही शुरू की गई। अंधड़ की चपेट में आए गोर्थीकांडा निवासी जगत सिंह के घर की टीन की छत पूरी तरह उड़ गई, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ।

# नागराजा तोक में पाइपलाइन बिछाने से ग्रामीणों का इंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राजस्व ग्राम उनाना स्थित हिण्डोलाखाल पंपिंग पेयजल योजना (फेज-2) के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति को लेकर उत्पन्न विवाद पर अधिशासी अभियंता, उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, देवप्रयाग, डी. आर. बेलवाल ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत राजस्व ग्राम उनाना के नागराजा तोक के 28 परिवार और भैरवनामी तोक के 5 परिवारों को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जानी है।

बेलवाल ने बताया कि इन दोनों तोकों के लिए 7.50 किलोलीटर क्षमता का जलाशय पहले ही निर्मित किया जा चुका है, जो भैरवनामी तोक से लगभग 350 मीटर और नागराजा तोक से लगभग 800 मीटर की दूरी पर स्थित है। भैरवनामी तोक में इस जलाशय से पाइपलाइन बिछाकर जलापूर्ति की व्यवस्था पूरी कर ली गई है।

हालांकि, नागराजा तोक के ग्रामीणों ने इस जलाशय से अपने तोक तक पेयजल लाइन बिछाने से इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि वे अलग से अपने लिए जलाशय की मांग कर रहे हैं। इसके चलते वर्तमान में उस क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने का कार्य रुका हुआ है।

इस पूरे मामले में विभागीय स्तर पर ग्रामीणों से वार्ता किए जाने की संभावना है, ताकि समाधान निकाला जा सके और दोनों तोकों को समयबद्ध तरीके से पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

# सिविल निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया के उत्तराखंड केंद्र में स्थापित सिविल इंजीनियरिंग प्रयोगशाला को नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेट्रीज से मान्यता प्राप्त हो गई है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप सिंघल ने अपने संबोधन में प्रयोगशाला को मान्यता प्राप्त होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह राज्य में निर्मित होने वाली सिविल संरचनाओं जैसे भवन, सड़क, पुल, सुरंग आदि के निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

डॉ. संदीप सिंघल ने आशा व्यक्त की कि यह प्रयोगशाला राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लिए भी उपयोगी साबित होगी।

प्रयोगशाला के संबंध में जानकारी देते हुए इंस्टीट्यूशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त प्रयोगशाला की स्थापना इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स के उत्तराखंड केंद्र द्वारा यूजेवीएन लिमिटेड के सहयोग से की गई है।

उन्होंने बताया कि संस्था के अध्यक्ष एन.के.यादव तथा प्रयोगशाला के निदेशक प्रशांत अग्रवाल के अथक प्रयासों से यह मान्यता प्राप्त हुई है।

## छात्रों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** द एनफील्ड स्कूल में आयोजित आपदा प्रबंधन कार्यशाला में एनडीआएएफ और एसडीआरएफ के टीमों ने छात्रों को आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए। इस दौरान छात्रों को प्राकृतिक आपदाओं भूकंप, बाढ़, आगजनी आदि के दौरान आत्म सुरक्षा व बचाव तकनीकों की जानकारी दी गई। इसके बाद प्रशिक्षकों ने छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा, फायर सेफ्टी, स्ट्रेचर बनाना और कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन जैसी जीवन रक्षक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। छात्रों को मॉक ड्रिल के माध्यम से यह सिखाया गया कि आपदा की स्थिति में कैसे संयम बनाए रखते हुए सुरक्षित निकासी करनी चाहिए। इस दौरान छात्रों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि इस सेमिनार ने उन्हें आपदा में घबराने के बजाय प्रतिक्रिया देने की सीख दी।

# 30 जून तक सौंपे कलस्टर विद्यालयों की डीपीआर: डॉ. रावत

## विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अधिकारियों को दिए निर्देश

■ कहा, विभागीय बजट की प्रत्येक तीन माह में होगी समीक्षा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में कलस्टर विद्यालयों की स्थापना में तेजी लाने के दृष्टिगत विभागीय अधिकारियों को 30 जून तक डीपीआर तैयार करा कर शासन को सौंपने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही विभागीय बजट को समय पर खर्च करने को कहा गया है, बजट व्यय की प्रत्येक तीन माह में समीक्षा की जायेगी।

इसके अलावा प्राथमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षक भर्ती की 5वीं काउसिलिंग को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये गये।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गुरुवार को शासकीय आवास पर विद्यालयी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने कलस्टर विद्यालयों की स्थापना को शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिये मील का पत्थर बताते हुये शीघ्र डीपीआर शासन को सौंपने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

उन्होंने कहा कि जो जनपद 30 जून से पहले अपने यहां के चयनित कलस्टर विद्यालयों की डीपीआर उपलब्ध नहीं करायेंगे, उनका महा. निदेशालय स्तर पर स्पष्टीकरण लिया जायेगा। इस संबंध में महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा को स्पष्ट निर्देश दे दिये गये हैं। डॉ. रावत ने इस बात पर नाराजगी जताई कि विभागीय अधिकारियों की हिलाहवाली के कारण वित्तीय वर्ष के अंतर्गत 100 फीसदी बजट खर्च नहीं हो पाता है, जिसका खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना होता है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत चल रही शिक्षकों की भर्ती के क्रम में उन्होंने शीघ्र ही पांचवीं काउंसिलिंग करा कर दुरस्थ क्षेत्र के विद्यालयों में नवनियुक्त शिक्षकों के तैनाती के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने समग्र शिक्षा के अंतर्गत बीआरपी-सीआरपी की भर्ती में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुये अधिकारियों को शीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने वार्षिक स्थानांतरण प्रक्रिया में भी तेजी लाने के निर्देश देते हुये कहा कि पात्र शिक्षकों का स्थानांतरण अनिवार्य रूप से किया जाय। साथ ही स्थानांतरण के समय विद्यालयों में छात्र संख्या को मध्यनजर रखते हुये शिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित की जाय।

बैठक में महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा अभिषेक रोहिला, अपर सचिव एमएम सेमवाल, निदेशक एससीईआरटी वंदना गर्ब्याल, निद. ेशक प्राथमिक शिक्षा अजय कुमार नौडियाल, निदेशक माध्यमिक डॉ. मुकुल सती, अपर निदेशक एनसीईआरटी पदमेन्द्र सकलानी, उप निदेशक समग्र शिक्षा अजीत भण्डारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## यूटिलिटी खेत में गिरी, तीन घायल

■ स्थानीय पुलिस व ग्रामीणों की मदद से घायलों को निजी अस्पताल पहुंचाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** बुधवार को देवभूमि होटल के पास एक यूटिलिटी वाहन (यूके13 टीए 1281) अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेत में जा गिरा। वाहन दुर्घटना की सूचना स्थानीय दुकानदार पवन ने चौकी लाखामंडल को दी, जिस पर चौकी प्रभारी अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने देखा कि यूटिलिटी वाहन खेत में पलटी हुई थी। वाहन में सवार तीनों युवक घायल थे, जिन्हें पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए निजी अस्पताल लाया गया और उसके बाद उन्हें घर भेज दिया गया। राहत की बात यह रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

प्रथम दृष्टया यह दुर्घटना कच्ची मिट्टी के धंसाव के कारण हुई प्रतीत हो रही है। वाहन के बारे में जानकारी जुटाने पर पता चला कि यह ग्राम धोरा निवासी बॉबी पुत्र सतपाल (उम्र लगभग 22 वर्ष) का है। वाहन चालक सुनील पुत्र शांतिलाल (उम्र लगभग 23 वर्ष) निवासी लाखामंडल था। वाहन में सवारी के रूप में दीपू पुत्र राजू निवासी सेरा लाखामंडल (उम्र लगभग 20 वर्ष) मौजूद था। चौकी इंचार्ज लाखामंडल नवीन सिंह ने बताया कि मोटर मार्ग पर एक जगह सड़क के किनारे भूमि दसने कैंपर वाहन अनियंत्रित हो गया।

## नगर आयुक्त ने शहर में स्वच्छता व ड्रेनेज व्यवस्था को लेकर किया निरीक्षण

■ नमामि बंसल ने कारगी स्थित पुराने ट्रांसफर स्टेशन को देखा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर आयुक्त नमामि बंसल ने शहर में स्वच्छता एवं ड्रेनेज व्यवस्था को लेकर व्यापक फील्ड निरीक्षण किया । निरीक्षण की शुरुआत कारगी स्थित पुराने ट्रांसफर स्टेशन से हुई, जहाँ पहले से एकत्रित 10,000 मीट्रिक टन कूड़े को हटाया जा चुका है। नगर आयुक्त ने मौके पर मौजूद सनलाइट वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी को निर्देशित किया कि शेष बचे 500 से 600 मीट्रिक टन कूड़े को फौरन हटाया जाए। साथ ही उन्होंने कंपनी को ट्रांसफर स्टेशन क्षेत्र की चारदीवारी करने एवं सौंदर्यीकरण करने के निर्देश भी दिए।

इसके बाद नगर आयुक्त ने नवनिर्मित मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया, जहाँ डोर-टू-डोर वाहनों द्वारा कूड़ा कैप्सूल में डाला जा रहा था। उन्होंने सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि उपलब्ध कम्पैक्टरों का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करें और 30 मई 2025 तक ट्रांसफर स्टेशन की व्यवस्था को कुशल बनाएं। साथ ही प्लांट प्रभारी को ट्रांसफर स्टेशन को स्वच्छ एवं क्रियाशील बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

इसके बाद नगर आयुक्त ने शहर के विभिन्न कचरा संवेदनशील बिंदु का दौरा किया, जिनमें पाम सिटी, पटेलनगर, भंडारी बाग, कांवली रोड एवं चकराता रोड आदि स्थानों का निरीक्षण किया । उन्होंने इन स्थानों से समय पर कचरा हटाने एवं सौंदर्यीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने शहर में चल रहे नदी एवं नालों की सफाई कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत भंडारी बाग से की गई, इसके बाद इन्द्रेश अस्पताल के पास का नाला, गोविंदगढ़ व ओएनजीसी क्षेत्र के नालों का जायजा लिया गया। निर्देशित किया कि सफाई कार्यों में तेजी लाई जाए व आगामी मानसून से पहले सभी नालों की सफाई पूर्ण कर ली जाए। इस दौरान मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना ,सहायक नगर आयुक्त, राजबीर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## एसजीआरआरयू व यूपीईएस ने एमओयू किया साइन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** श्री गुरु राम राय यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी आफ पेट्रोलियम एण्ड एनर्जी स्टडीज के बीच गुरुवार को एमओयू साइन हुआ। एमओयू के अन्तर्गत दोनों संस्थान कम्प्यूटर साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, अनुसंधान सहयोग, योगिक साइंस व ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट पर मिलकर काम करेंगे। श्री गुरु राम राय विश्व. विद्यालय की ओर से डॉ लोकेश गम्भीर, कुलसचिव और यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियन की ओर से मनीष मदान, कुलसचिव ने एमओयू पर साइन किये। दोनों संस्थानों के बीच एमओयू होने पर श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के प्रेसीडेंट श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज व पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी के प्रेसीडेंट डॉ सुनील राय ने बधाई एवम् शुभकामनाएं दीं।

कुलपति डॉ कुमुद सकलानी ने कहा कि एमओयू का लाभ दोनों संस्थानों के छात्र-छात्राओं को मिलेगा। यूनिवर्सिटी आफ पेट्रोलियम एण्ड एनर्जी स्टडीज के कुलपति डॉ राम के शर्मा ने कहा कि एमओयू के तहत दोनों संस्थानों के रिसर्च स्कोलर्स को मिलकर काम करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर विपिन घिल्डियाल, प्रो. द्वारिका मैठाणी, डायरेक्टर इनोवेशन एण्ड इन्क्यूबेशन सेंटर, डॉ सुरेन्द्र रयाल आदि उपस्थित रहे।

### एक नजर .......

## टोंस नदी के किनारे मिला एक अज्ञात शव

**चकराता। (शाह टाइम्स संवाददाता )** थाना त्यूनी क्षेत्र अंतर्गत टोंस नदी के किनारे एक अज्ञात शव तैरता हुआ दिखाई दिया। स्थानीय व्यक्तियों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की मदद से शव को पानी से बाहर निकाल कर शिनाख्त को मोर्चरी त्यूनी में रखा गया है। पुलिस के अनुसार शव 10 से 15 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है, पुलिस शिनाख्त की कार्यवाही में जुट गई।

## बोर्ड परीक्षा मेधावी विद्यार्थी हुए पुरस्कृत



**विकासनगर। (शाह टाइम्स संवाददाता )** महर्षि अरविंद घोष इंटर कालेज डाकपत्थर में जन जागरण समाज सेवी संस्था के द्वारा विद्यालय के बोर्ड परीक्षा 25 की मैरिट सूची में स्थान पाने वाले छात्र छात्रा को पुरस्कृत किया गया। बोर्ड परीक्षा में कनिका चौहान कक्षा 12 महषि अरविंद घोष कालेज डाकपत्थर ने 22वा स्थान प्राप्त किया तथा प्रिया चौहा कक्षा 10 आश्रम पद्धति कन्या पाठशाला चिलीयों बाढ़वाला को बोर्ड परीक्षा में 10वां स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय में जन जागरण समाज सेवी संस्था द्वारा मोमेंटो प्रमाण पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर समानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अरूण डबराल, भरत सिंह चौहान, कुंवर सिंह राय, अमित कोठियाल, कुशलानंद पुरोहित, वितोष गैरोला, शूरवीर तोमर, एकता चौहान, चेतन रमोला, प्रियंका तोमर, सुमित, अनीता नयाल, कृष्णा जोशी, सरितना बिजल्वाड, सुमिता, मनीषा, आंचल, कुसुम आदि मौजूद रहे।

## सुभारती में नर्सों को किया गया सम्मानित

**देहरादून।** गौतम बुद्ध चिकित्सा महाविद्यालय व सम्बद्ध डॉ. केकेबीएम सुभारती अस्पताल के प्रांगण में नर्सों को सम्मानित करते हुए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुभारती ग्रुप के संस्थापक व परियोजना निदेशक डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा कि हमारी सेहत को सुनिश्चित करने में जितना योगदान डॉक्टर का होता है, उतना ही नर्सों का भी है। नर्स मरीजों की देखभाल ही नहीं करतीं, बल्कि डॉक्टर और मरीजों के बीच की एक मजबूत कड़ी का भी काम करती हैं। कार्यक्रम में निदेशक डॉ. वी.पी. सिंह ने बताया कि 2025 में नर्स दिवस की थीम 'नर्स: नेतृत्व करने के लिए एक आवाज, गुणवत्ता प्रदान करना, समानता सुनिश्चित करना' है। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. देशदीपक, प्रधानाचार्या नारायण स्वामी कालेज ऑफ नर्सिंग डॉ. दीप्ती यशवंतराव, प्रधानाचार्या बिहाईव नर्सिंग कालेज डॉ. दीपक शानडिल्य, उप-प्रधानाचार्या डॉ. रूपा हंसपाल, अस्पताल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. अनिल मोंगिया, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल शुक्ला, प्रचार व मार्केटिंग प्रमुख डॉ. प्रशान्त कुमार भटनागर, डॉ. अनुभा अग्रवाल (प्रमुख गुणवत्ता विभाग), ए.एम.एस. डॉ. नावेद कुरेशी, रवि मित्तल, रितिका शर्मा, शिखा थापा, सहायक निदेशिका डॉ. दीपिका भयाना व नर्सिंग अधीक्षिका प्रियंका आदि उपस्थित थे।

## सहोदय नृत्य प्रतियोगिता में सेपियंस प्रथम



■ ब्राइट एंजल ने द्वितीय व सेपियंस हरबर्टपुर तृतीय रहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सहोदय अंतर्विद्यालयी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन सेपियंस स्कूल विकासनगर में किया गया। इसमें कुल 14 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। सेपियंस विकासनगर ने प्रथम व सेपियंस हरबर्टपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय स्थान ब्राइट एंजल स्कूल व तृतीय स्थान सेपियंस स्कूल हरबर्टपुर व आरकेडिया स्कूल ने प्राप्त किया। कॉन्सोलेशन एवार्ड जीडी गोइंका स्कूल ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका में पुष्पेंद्र त्यागी, रुपा, कमल को भी स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी, प्रबंधक रविकांत, रशिता सपरा, विद्यालय प्रधानाचार्य नवीन तनेजा, सेपियंस स्कूल हरबर्टपुर प्रधानाचार्या रश्मि गोयल, सुनीता रावत ने विजेताओं को व अध्यापक को बधाई दी।

## महेंद्र यादव बने आप उत्तराखंड प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा आप उत्तराखंड प्रभारी के रूप मे महेन्द्र यादव व सह प्रभारी घनेन्द्र भारद्वाज को नियुक्त करने की घोषणा की गई। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आप एसएस कलेर ने कहा कि राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल व राष्ट्रीय महामंत्री संगठन संदीप पाठक द्वारा उत्तराखंड संगठन निर्माण को लेकर महेन्द्र यादव व घनेन्द्र भारद्वाज को दी गई नवीन जिम्मेदारी से आप कार्यकर्ताओ मे एक आत्मविश्वास पैदा हुआ है क्योंकि दोनो ही नेताओं का संगठन मे कार्य करने का अपना शानदार अनुभव है निश्चित ही जिसका लाभ उत्तराखंड संगठन को भी मिलेगा।

## जोशी ने किया गल्जवाड़ी सामुदायिक भवन का शिलान्यास

■ भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए बनने वाला यह भवन उपनल के सहयोग से बनाया जाएगा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के गल्जवाड़ी क्षेत्र में रुपये 92.16 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए बनने वाला यह भवन उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड (उपनल) के सहयोग से बनाया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना है, जिससे आमजन को सीधे लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि गल्जवाड़ी क्षेत्र में सामुदायिक भवन की लंबे समय से मांग की जा रही थी, जिसे अब धरातल पर उतारा जा रहा है। भवन के निर्माण से भूतपूर्व सैनिकों और स्थानीय लोगों को सामा. जिक, सांस्कृतिक व पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक बेहतर मंच उपलब्ध होगा।

सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि उपनल के माध्यम से न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं, बल्कि विकास कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। भाजपा सरकार जिन योजनाओं का शिलान्यास करती है, उनका लोकार्पण भी करती है। उन्होंने बताया कि गढ़ी कैंट में रुपये 12 करोड़ से अधिक की लागत से एक भव्य सामुदायिक भवन का निर्माण कर जनता को समर्पित किया गया है। इस अवसर पर लीला शर्मा, उपनल के प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर (सेनि) जेएनएस बिष्ट, मीनू क्षेत्री, ज्योति कोटिया, विमला देवी, ज्योति ढकाल, किरन, कर्नल सतीश शर्मा, रवि शर्मा, डीजीएम मंडी एनपी सिंह सहित पूर्व सैनिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## जय हिंद रैली में पछवादून से हजारों कार्यक्रता करेंगे प्रतिभाग: संजय



■ पाकिस्तान के किए दो टुकड़े, मगर इंदिरा गांधी ने नहीं लिया इसका क्रेडिट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विकासनगर द्वारा हल्द्वानी में होने वाली कांग्रेस की जय हिंद रैली की तैयारी को तिलक भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए पीसीसी मेंबर संजय जैन ने कहा की पूर्व मंत्री नव प्रभात के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में कार्य करता हल्द्वानी रैली में भागीदारी करेंगे, रैली के माध्यम से जनता को बताया जाएगा सैनिकों ने हमारे देश में हमारा जो मान सम्मान बढ़ाया है व किसी राजनीतिक दल का योगदान नहीं है, कुछ दल के नेता इसका क्रेडिट लेना चाहते हैं जो गलत है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे लेकिन कभी भी उन्होंने इसका क्रेडिट खुद ना लेकर भारत की आर्मी को दिया।

बैठक मैं अपने संबोधन में उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव विकास शर्मा ने कहा आज ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में भारतीय सैनिकों ने हमारा देश में गौरव बढ़ाया है जिसके लिए हमारी आर्मी बधाई की पात्र है। हल्द्वानी की जय हिंद रैली उन सैनिकों के सम्मान में की जा रही है जिन्होंने भारत को ऑपरेशन सिंदूर में सफलता दिलाई।

बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिनव ठाकुर ने की।

बैठक में हरबर्टपुर अध्यक्ष आशीष पुंडीर, डाकपत्थर अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव बिना चौहान, पूर्व सभासद पम्मी देवी, सभासद भारत कालरा, फुरकान अहमद, संजीव कुमार, वीरेंद्र सिंह, नगर पालिका परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अनुपम कपिल, भुवन पंथ, समून अहमद, अशोक कुमार, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सैनिक प्रकोष्ठ के हाकम सिंह, राजदीन, ईलम चंद मुल्तानी, विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस अभिषेक चौहान आदि उपस्थित थे।

## दो सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास और पुस्कालय शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में पहल करते हुए डेवलपमेंट कंसोर्टियम की संस्थापक एवं सीईओ अनामिका श्रीवास्तव ने गुरुवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय सहसपुर-एक और राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सेलाकुई में स्मार्ट क्लास और पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इन स्मार्ट क्लासों में लगाए गए इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले के माध्यम से कक्षा एक से 12 तक की उत्तराखंड बोर्ड आधारित डिजिटल सामग्री, वीडियो, ऑडियो, नोट्स, अभ्यास प्रश्न, गतिविधियां और सिमुलेशन हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध कराई गई है। इससे पढ़ाई अब अधिक प्रभावशाली और रोचक बनेगी। अनामिका श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर संसाधनों तक पहुंचे। कार्यक्रम में वसीम अहमद, अतुल आजाद, गरिमा पांडे, अवंतोर टीम से पंकज थापलियाल मेघा चौधरी, अंजलि नेगी राहुल गर्ग, नारायण सिंह तथा विद्यालय से प्रीति खाली, बबीता देवी, सुंदर सिंह, माया देवी पदम बहादुर राणा, रियासत अली सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## मासूमियत वह उपहार है जो सर्वशक्तिमान ने छोटे बच्चों को दिया है: डॉ. एस. फारूक



**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य बाल कल्याण परिषद के 23 शिक्षकों के साथ उत्तराखंड के सभी 13 जिला और दूरदराज के स्थानों के 100 छात्रों ने उत्तराखंड राज्य बाल कल्याण परिषद की ओर से आयोजित 5 दिनों के आवासीय शिविर 19 से 23 मई के बीच हिमालय वेलनेस कंपनी का दौरा किया। उक्त शिविर का उद्देश्य एक साथ रहने, स्थानीय संस्कृति, भाषाओं, स्थानीय गीतों, रचनात्मक कला, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय एकता को सीखने की कला विकसित करना है। परिसर के विभिन्न कोनों जैसे कारखाने, सुरक्षा, संग्रहालय, खेल के मैदान आदि का दौरा पूरा होने पर उन्होंने अध्यक्ष डॉ. एस. फारूक से बातचीत की, जिन्होंने अपने संबोधन में उन्हें बताया किआप प्राकृतिक परिवेश से आए हैं, जिसकी हमारे बड़े शहरों में कमी है, जहां से आप आए हैं वहां ताजी हवा, शुद्ध पानी और सूरज की रोशनी है।

## मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए अनिवार्य: शर्मा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने गुरूवार को राज्य मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नयागांव पेलियो तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेलाकुई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों को गुणवत्तापरक एवं त्वरित उपचार मुहैया कराने के लिए निर्देशित किया। राज्य मानसिक स्वास्थ्य संस्थान सेलाकुई में निरीक्षण के दौरान डॉ शर्मा ने मरीजों के उपचार तथा देखभाल के संबंध में संवेदनशीलता और धैर्य के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये। मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में जनमानस को परामर्श एवं जानकारी उपलब्ध कराने के लिए संस्थान में स्थापित किये गये टेलीमानस कॉल सेंटर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉल सेंटर में आने वाली कॉल्स तथा उनके सापेक्ष सूचना प्रबंधन की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। डॉ शर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेलाकुई तथा नयागांव पेलियो का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सालयों में साफ-साफाई का विशेष ध्यान देने के लिए निर्देश दिये।

## सिविल इंजीनियरिंग प्रयोगशाला को नेशनल लैबोरेट्रीज से मिली मान्यता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया के उत्तराखंड केंद्र में स्थापित सिविल इंजीनियरिंग प्रयोगशाला को नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेट्रीज से मान्यता प्राप्त हो गई है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप सिंघल ने अपने संबोधन में प्रयोगशाला को मान्यता प्राप्त होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह राज्य में निर्मित होने वाली सिविल संरचनाओं जैसे भवन, सड़क, पुल, सुरंग आदि के निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। प्रयोगशाला के संबंध में जानकारी देते हुए इंस्टीट्यूशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त प्रयोगशाला की स्थापना इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स के उत्तराखंड केंद्र द्वारा यूजेवीएन लिमिटेड के सहयोग से की गई है।

## स्वच्छता अभियान नहीं, हर भारतीय की जिम्मेदारी: विश्नोई

■ केंद्र सरकार के स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत टीएचडीसी हाईस्कूल में हुआ कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की ओर से केंद्र सरकार के स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत बुधवार को कंपनी के हाईस्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं की चित्रकला, निबंध और नारा प्रतियोगिता आयोजित हुई। मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर भी छात्राओं को कार्यक्रम में जागरूक किया गया।

कंपनी के ऋषिकेश स्थित मुख्यालय में हाईस्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सीएमडी आरके विश्नोई ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक अभियान मात्र नहीं है, बल्कि यह हर भारतीय की जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण अंग है। समाज के हर वर्ग में खासकर बच्चों औ युवाओं में यह भावना जागृत की जाए, तो हम न सिर्फ स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत की जागरूकता में भी तेजी से आगे बढ़ सकते हैं।

बताया कि इसी क्रम में रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन प्रतियोगिता के रूप में किया गया, जिसका उद्देश्य मुख्यतौर पर भावी पीढ़ी को स्वच्छता के महत्व से जोड़ना है। निदेशक कार्मिक शैलेंद्र सिंह ने भी कहा कि स्वच्छता की भावना व्यवहार में उतरती है, तो उसका वास्तविक प्रभाव भी नजर आता है। मासिक धर्म को लेकर भी जागरूकता यह दर्शाती है कि यह सिर्फ स्वास्थ्य भारत के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला है।

अपर महाप्रबंधक डॉ. एएन त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा पांच से दस के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्रतियोगिता में कंपनी के निरायम की डॉ. मानसी और डॉ. मनोज रांगड़ ने किया। मौके पर प्रधानाचार्य गीता कोठियाल, अनामिका बुड़ाकोटी, महक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने चारधाम यात्रा पंजीकरण केन्द्र का किया स्थलीय निरीक्षण

## व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को दिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, लघु सिंचाई, संस्कृति, ग्रामीण निर्माण, पंचायतीराज, जलागम प्रबन्धन, बाढ़ नियंत्रण एवं भारत-नेपाल नदी परियोजना मंत्री सतपाल महाराज ने गुरूवार को ऋषिकुल मैदान पहुँचकर चारधाम यात्रा पंजीकरण केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पंजीकरण केन्द्र पर यात्रियों की सुविधा हेतु पंजीकरण काउण्टर, बैठने, पेयजल, शौचायलय, चिकित्सा, सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।



उन्होंने देश-विदेश से चार धाम यात्रा हेतु पंजीकरण केन्द्र पहुंचे श्रद्धालुओं से वार्ता करते हुए विभिन्न विषयों पर फीडबैक लिया तथा सभी की सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। पंजीकरण केन्द्र पहुँचे सभी श्रद्धालुओं ने पंजीकरण हेतु किये गये इन्तजामात की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

श्री महाराज ने जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को पंजीकरण कराने में किसी भी प्रकार की परेशानी या असुविधा न हो तथा आने वाले श्रद्धालु अपने साथ सुखद यादें लेकर जायें। उन्होंने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि पहलगांव आतंकवादी हमले के बाद यात्रियों की संख्या में कमी आई थी, परन्तु अब धीरे-धीरे यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी चारधाम यात्रा पर बड़ी संख्या में यात्रियों के आने की संभावना है।अभी तक यमनोत्री धाम में 5,08,041 (पांच लाख आठ हजार इकतालीस) गंगोत्री धाम में 5,59,272 (पांच लाख उनसठ हजार दो सौ बहत्तर) केदारनाथ धाम में 10,40,901 (दस लाख चालीस हजार नौ सौ एक) बद्रीनाथ धाम में 9,46,619 (नौ लाख छियालीस हजार छह सौ उन्नीस ) एवं हेमकुण्ड साहिब में 61,822 (इकसठ हजार आठ सौ बाईस) श्रद्धालुओं सहित कुल 31,16,655 (इकतीस लाख सोलह हजार छह सौ पचपन) श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि अभी तक यमनोत्री धाम में 2,10,908 (दो लाख दस हजार नौ सौ आठ) गंगोत्री धाम में 1,96,200 (एक लाख छियानबे हजार दो सौ) केदारनाथ धाम में 4,53,414 (चार लाख तिरेपन हजार चार सौ चौदह) एवं बद्रीनाथ धाम में 2,94,864 (दो लाख चौरानबे हजार आठ सौ चौसठ) अभी तक कुल 11,55,386 (ग्यारह लाख पचपन हजार तीन सौ छियासी) श्रद्धालु दर्शन कर चुके है। उन्होंने बताया कि हेमकुण्ड साहिब के दर्शन के लिए 61 हजार 822 श्रद्धालुओ द्वारा अपना पंजीकरण कराया गया है। उन्होंने बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा भी शुरू होने वाली है। 250 यात्री कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जायेंगे। उन्होंने बताया कि यह यात्रा लिपुलेख होते हुए जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐंसी व्यवस्था की गई है कि भारत के लिपुलेख से भी यात्री कैलाश मानसरोवर के दर्शन कर पायेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुशील नौटियाल, तहसीलदार सचिन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दिगंबर मुनि आचार्य प्रसन्न सागर जी का पतंजलि विवि में भव्य स्वागत




**स्वामी जी व आचार्य जी ने मानवता के स्वास्थ्य, समाज की सम्पन्नता तथा विश्व सद्भावना के लिए निस्वार्थ भाव से पारमार्थिक कार्य किया, योग-आयुर्वेद की महति साधना की : जैन मुनि प्रसन्न सागर**

**गुणातीत अवस्था में जीना ही सच्चा जीवन उपदेश: स्वामी रामदेव**

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार के परिसर में आध्यात्मिक चेतना, दर्शन और धर्म-संवाद का एक विलक्षण दृश्य साकार हुआ, जब दिगंबर जैन परंपरा के प्रखर चिंतक, संत-शिरोमणि, अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज का आगमन हुआ। पतंजलि विक में जैन मुनि के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्वामी रामदेव महाराज एवं आचार्य बालकृष्ण ने उनका भावपूर्ण अभिनंदन किया।

जैन मुनि ने कहा कि कहा कि स्वामी रामदेव तथा आचार्य बालकृष्ण मानवता के स्वास्थ्य, समाज की सम्पन्नता तथा विश्व सद्भावना के लिए निस्वार्थ भाव से पारमार्थिक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने योग व आयुर्वेद की महति साधना की है। जैन मुनि ने प्रकृति, संस्कृति व विकृति की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने कहा कि प्रकृति व संस्कृति के अनुरूप जीवन जीएं, विकृति में जीवन जीना दरिद्रता का प्रतीक है।

पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं योग ऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि अतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज का आगमन न केवल एक जैन संत का आगमन है, बल्कि यह समग्र भारतीय दर्शन के उस शुद्धतम चिंतन का उद्घोष है, जो सनातन परंपरा की आत्मा है। जैन धर्म सनातन धर्म का शुद्धतम रूप है, जो तप, संयम, अहिंसा और आत्मा की चेतना का मार्गदर्शन करता है। स्वामी रामदेव ने कहा कि गुणातीत-भावातीत अवस्था में जीना ही सच्चा जीवन है। हमारे अंतर्मना श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज ने आजीवन प्रकृति की उपासना की है। पतंजलि विवि के कुलपति एवं आयुर्वेदाचार्य आचार्य बालकृष्ण ने आचार्य श्री के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए संस्कृत में रचित आठ श्लोकों से युक्त प्रशस्ति-पत्र का सस्वर पाठ किया। आचार्य ने कहा कि अंतर्मना प्रसन्न सागर जी के शुचिता पूर्ण जीवन, तप व पुरुषार्थ को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता।

समारोह में जैन समाज की ओर से स्वामी रामदेव को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय की ओर से आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज को भी विशेष प्रशस्ति-पत्र भेंट किया गया। इससे पूर्व जैन मुनि ने पतंजलि रिसर्च इंस्टीट्यूट का भ्रमण कर पतंजलि के अनुसंधानपरक कार्यों की प्रसंशा की। उन्होंने पतंजलि हर्बल गार्डन में वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर जैन मुनि पीयूष सागर जी, अप्रमत्त सागर जी, परिमल सागर जी, आचार्य नैगम सागर जी, माता ज्ञानप्रभा, चरित्रप्रभा जी व पुण्यप्रभा जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पतंजलि विवि की कुलानुशासिका प्रो. साध्वी देवप्रिया, प्रतिकुलपति प्रो. मयंक कुमार अग्रवाल, सभी संकायाध्यक्षगण, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की भागीदारी रही।

# घाट पर लावारिस घूमती मिली नाबालिगों को पुलिस ने परिजनों को सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** देर रात घाट पर घूमती मिली दो नाबालिकों को नगर कोतवाली पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। बेटियों को सकुशल वापस पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया है। बीती रात अलकनन्दा घाट पर गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों को 2 नाबालिक लडकियां घूमते हुए मिली। पुलिसकर्मियों के पूछताछ करने पर लड़कियां कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पायी। गहराई से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वे बल्लभगढ़ दिल्ली की रहने वाली हैं और घर से बिना बताये घूमने के लिए हरिद्वार आई थी। पुलिस दोनों को कोतवाली ले आयी और परिजनों से संपर्क किया। बेटियों को लेकर परेशान परिजन जानकारी मिलने पर नगर कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने दोनों लड़कियों को परिजनों के हवाले कर दिया। बच्चियों को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# प्रेमिका के कहने पर ससुराल घर में घुसकर जेवरात चोरी करने वाला प्रेमी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे में के भीतर चोरी का खुलासा किया है। प्रेमिका के कहने पर ससुराल घर में जेवरात चोरी करने वाले प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के सोने व चांदी के जेवरात बरामद करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। फरार प्रेमिका सादिया की तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि मंगलवार को तस्लीम पुत्र बशीर निवासी ग्राम दादूपुर रानीपुर हरिद्वार पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि बीते शनिवार को दोपहर के समय घर पर ताला लगाकर किसी से बाहर गये हुये थे, जब वापस आये तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और घर के अन्दर रखे सन्दूक का ताला तोडकर उसमें रखे ज्वैलरी को किसी चोर द्वारा चोरी कर ले गये है। चोरी का शक अपने पुत्र सारिक की पत्नी सादिया व उसके दोस्त मुदस्सिर पर होना बताया था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया की चोरी की घटना के खुलासे के लिए एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना मिली घर में जेवरात चोरी करने वाला आरोपी बहादराबाद जाने वाली गंगनहर की पुलिया रेगुलेटर पुल से जा रहा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुदस्सिर पुत्र नवाब निवासी मेहरबान वाली गली ग्राम-दादुपुर कोतवाली रानीपुर जनपद हरिद्वार को गिरफ्तार कर लिया ।



पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के जेवरात पीली धातु के 4 हार, 1 जोड़ी कान की लटकन, 2 अंगूठियां, 4 जोड़ी टाप्स सोने, 3 जोड़ी बाली, 3 नोज पिन, तथा 1 जोड़ी कंगन, 3 जोड़ी पायल, 2 जोड़ी बिछवा, 2 मंगल सूत्र, 6 अंगूठी, 9 बिछुवे, 1 जोड़ी चांदी के कुंडल व एक चांदी का सिक्का बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी मुदस्सिर ने बताया कि उसका वादी मुकदमा तस्लीम के लडके की पत्नी सादिया के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग है, सादिया का अपने पति के साथ विवाद चल रहा है, सादिया अपने पति से अलग रह रही है, सादिया ने उसे बताया कि उसके ग्राम दादूपुर स्थित ससुराल में एक कमरे में रखे सन्दूक में काफी सारे गहने/ज्वैलरी है।जिसे चोरी कर हम कहीं भागकर शादी कर लेगें इस योजना के अनुसार उसके द्वारा सादिया के कहने पर ससुराल घर में घुसकर घर के अन्दर से सोने चांदी के जेवरात चोरी किए थे। रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि आरोपी बैग में छिपाकर बेचने के लिये कलियर जा रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पकड़ लिया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है फरार सादिया की तलाश की जा रही है जल्दी ही पकड़ लिया जाएगा। पुलिस टीम में रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भण्डारी, उ.नि. विकास रावत, कां. कुँवर राणा, कां. उदय चौहान शामिल रहे।

# दुर्घटनाग्रस्त में घायल लोगों के लिये देवदूत बने डॉ. नरेश चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं इंडियन रेडक्रास के सचिव डॉ. नरेश चौधरी ध्रुव अस्पताल श्यामपुर कांगडी से वापस अपने घर हरिद्वार आ रहे थे कि तभी श्यामपुर कांगड़ी के पास हाईवे पर एक एक्सीडेंट से घायल बेहोशी की हालत में सड़क पर पड़ा था। डॉ. नरेश चौधरी ने अपने वाहन को रोककर उसका चिकित्सीय परीक्षण किया तो परीक्षण में पता चला कि उक्त व्यक्ति के सिर पर अंदरुनी चोटें महसूस हो रही है। डॉ. नरेश चौधरी ने बिना समय गवायें गंभीर रूप से घायल व्यक्ति एवं उसके साथ दूसरे मामूली रूप से घायल व्यक्ति को अपने वाहन में बैठाकर उनको तुरन्त जिला चिकित्सालय हरिद्वार में आकस्मिक कक्ष में पहुंचाया। वहीं गंभीर रूप से घायल बिजेन्द्र पुत्र सोमपाल (48)निवासी टांडा साववाला निकट नजीबाबाद जिला बिजनौर का प्राथमिक उपचार कराकर एम्स चिकित्सालय ऋषिकेश के लिये रैफर कराया और उसके घर सूचना देकर एम्स चिकित्सालय के लिये एम्बुलेंस की व्यवस्था कर दूसरे घायल व्यक्ति सोनू पुत्र मनोहर सिंह (35)का भी प्राथमिक उपचार कराकर एम्स चिकित्सालय ऋषिकेश गंभीर रूप से घायल बिजेन्द्र के साथ ही भेजने की व्यवस्था करायी। घायल सोनू ने डॉ. नरेश चौधरी को अवगत कराया कि हम दोनों मोटर साईकिल से नजीबाबाद से हरिद्वार काम के सिलसिले में जा रहे थे तभी श्यामपुर के पास कोई अज्ञात वाहन सामने से टक्कर मारकर भाग गया। उक्त सराहनीय सेवा के लिये जिसको भी मालूम हुआ वह डॉ. नरेश चौधरी की सराहना कर रहा है।



# डा. बृज प्रकाश अध्यक्ष एवं ललिता सिंह चुने गए वरिष्ठ नागरिक कल्याण एवं सेवा समिति के सचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** डा. बृज प्रकाश गुप्ता वरिष्ठ नागरिक कल्याण एवं सेवा समिति शिवालिक नगर के अध्यक्ष तथा ललिता सिंह रावत सचिव चुने गये हैं। समिति के सदस्यों ने फूलमाला पहनाकर समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सचिव का स्वागत किया। शिवालिक नगर स्थित सामुदायिक केंद्र फेस-1 में सर्वसम्मति से संपन्न हुए समिति के द्विवार्षिक चुनाव के पश्चात समिति के अध्यक्ष एवं सचिव को कार्यकारिणी गठन के लिए अधिकृत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डा. बृजप्रकाश गुप्ता एवं सचिव ललिता सिंह रावत ने सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि जल्दी ही अनुभवी एवं योग्य सदस्यों को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया जाएगा। इस अवसर पर वीरेन्द्र कुमार, रामकुमार गुप्ता, हरकेश सिंह, सुरेश सिंह चौहान, एसआर कपिल, एचसी जोशी, उपेन्द्र कुमार शर्मा, टीके वर्मा एवं हरपाल शर्मा उपस्थित रहे।

# समारोह पूर्वक मनाया श्री जगद्गुरू उदासीन आश्रम का वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जस्साराम रोड़ स्थित श्रीजगद्गुरू उदासीन आश्रम का 54वां वार्षिक महोत्सव संत महापुरूषों के सानिध्य व श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति में समारोह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान संत समागम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों ने ब्रह्मलीन स्वामी सत्यनामदास, ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी प्रियतम मुनि एवं ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के मुखिया महंत रामनौमी दास ने कहा कि समाज को धर्म और अध्यात्म का ज्ञान प्रदान कर देश की सांस्कृतिक एकता को मजबूत करने में संत महापुरूषों की हमेशा अहम भूमिका रही है। स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि जिस प्रकार अपने गुरूजनों की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। निर्धन निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी ऋषि रामकृष्ण एवं महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद



गिरी ने कहा कि युवा संत स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि संत परंपराओं का पालन करते हुए सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन में उल्लेखनीय योगदान कर रहे हैं। स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि ने सभी संत महापुरूषों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूज्य गुरूजनों द्वारा दिए गए ज्ञान और शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए आश्रम की सेवा परंपरा का विस्तार करना ही उनके जीवन का उद्देश्य है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि महाराज की उनके गुरूजनों के प्रति अगाध श्रद्धा सभी के लिए प्रेरणादायी है। साध्वी नारायण मुनि, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी दिनेश दास ने सभी फूलमाला पहनाकर सभी संतों का स्वागत किया। इस अवसर पर स्वामी अनंतानंद, महंत मोहन सिंह, पदम प्रसाद द्विवेदी, महंत राघवेंद्र दास, महंत सूरज दास, महंत जगजीत सिंह, महंत सूर्यमोहन सिंह, महंत विष्णुदास, महंत गंगादास उदासीन, स्वामी कपिल मुनि, स्वामी निर्मलदास, महंत गोविंददास, महंत रघुवीर दास, महंत प्रेमदास, महंत मधूसूदन गिरी सहित बड़ी संख्या में संत महापुरूष व श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे युवक को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा लिया है।उसके पास से सट्टा पर्चियां, पैन, डायरी और 3350 रुपये की नकदी बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी को चालानी कार्रवाई करने के बाद छोड़ दिया है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल के आदेश पर अवैध कारोबार व नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए थे। मंगलवार को अलग-अलग टीम में बनाकर क्षेत्र में नशा व अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर एक व्यक्ति को सट्टे की खाई बड़ी करते हुए भूसा स्टोर के सामने वाली गली पीठ बाजार से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना नाम सुनील पुत्र शेर सिंह निवासी पीठ बाजार ज्वालापुर हरिद्वार बताया है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के बाद हिदायत देकर छोड़ दिया गया है। पुलिस टीम में कां. अमित गॉड, कां. राजेश बिष्ट शामिल रहे हैं।

# कांग्रेसियों ने वंदना कटारिया स्टेडियम का नाम बदले जाने के विरोध में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रोशनाबाद स्थित वंदना कटारिया स्टेडिम का नाम बदले जाने के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने स्टेडियम के गेट पर सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। धरने को संबोधित करते हुए महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि सरकार ने वंदना कटारिया स्टेडियम का नाम बदलकर हरिद्वार के साथ पूरे देश की बेटियों का अपमान किया है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस एससी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मदन लाल और युवा नेता वरुण बालियान ने कहा कि वंदना कटारिया स्टेडियम का नाम बदलने से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार की असलियत सबके सामने उजागर हो गई है। कहा कि जब तक नाम बदलने का अध्यादेश वापिस नहीं होता तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजबीर सिंह और महेश प्रताप राणा ने कहा कि वंदना कटारिया स्टेडियम का नाम बदलने से एक राष्ट्रीय खिलाड़ी का अपमान हुआ है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राव आफाक अली और वरिष्ठ नेता तीर्थपाल रवि ने कहा कि वंदना कटारिया स्टेडियम का नाम बदलने से भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता जगजाहिर होती है। वरिष्ठ नेता सीपी सिंह, मनोज सैनी और एनएसयूआई अध्यक्ष याज्ञिक वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार स्टेडियम के नाम बदलकर राष्ट्रीय विभूतियों का अपमान कर रही है। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से बीएस तेजियान, कैलाश प्रधान, ब्लाक अध्यक्ष अमित नौटियाल, लव चौहान, सीपी सिंह, दिनेश कुमार, पार्षद प्रतिनिधि पुनीत कुमार, मनीराम बागड़ी, लक्ष्य चौहान, ईसम सिंह, रिजवान, निजाम पठान, अज्जू खान, गजे सिंह, अमर भारद्वाज, अक्षय नागपाल, भूपेंद्र वशिष्ठ, मृत्युंजय पाण्डेय, अभिषेक शर्मा, रिषभ वशिष्ठ, यूथ कांग्रेस महासचिव शुभम जोशी, शानू गिरी, एलएस रावत, अरूण चौहान, सुनील चौहान, राव बिलावल, राव कासिफ, शक्ति कुमार आदि कांग्रेस कार्यकर्ता प्रमुख रूप से शामिल रहे।



# परमार्थ आश्रम घाट पर होगा नृत्य कला महोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** भारतीय संस्कृति फाउंडेशन की ओर से परमार्थ आश्रम घाट पर नृत्य कला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। भारतीय संस्कृति फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक मानवी शर्मा ने प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान महोत्सव की रूपरेखा, उद्देश्य एवं सांस्कृतिक विशेषताओं के बारे में जानकारी साझा करते हुए बताया कि शुक्रवार की शाम परमार्थ आश्रम घाट पर आयोजित किया जा रहा नृत्य कला महोत्सव भारतीय शास्त्रीय कलाओं की विभिन्न शैलियों को समर्पित एक अनूठा आयोजन है। महोत्सव में शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत के कलाकार अपनी सुंदर प्रस्तुतियां देंगे, जिसमें तबला, मृदंग, पखावज, बांसुरी एवं गिटार जैसे वाद्यों की मधुर संगत देखने को मिलेगी। इस दौरान भव्य गंगा आरती का आयोजन भी किया जाएगा। हजारों की संख्या में लोग ऑनलाइन और ऑफलाइन गंगा आरती से जुड़ेंगे, जो एक रिकॉर्ड होगा। उन्होंने बताया कि




कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति के रूप में भव्य गंगा नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी। जिसका निर्देशन प्रसिद्ध कलाकार डा.रागिनी मक्कड़ करेंगी। महोत्सव का समापन सामूहिक गंगा आरती के साथ होगा, जिसमें सैकड़ों कलाकार एक साथ आरती करेंगे। डा.रागिनी मक्कड़ ने बताया कि नृत्य एवं संगीत के माध्यम से गंगा के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व को अभिव्यक्त किया जाएगा। प्रेसवार्ता में फाउंडेशन की सचिव रितु शर्मा, सुनीता गोड़, मीडिया प्रभारी ममता चौहान, रितु शर्मा तथा भाजपा नेता राहुल चौहान मौजूद रहे और सभी महोत्सव में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि गंगा नृत्य कला महोत्सव भारतीय संस्कृति, कला एवं आध्यात्मिक चेतना का अनूठा संगम है, जो समाज में सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा देगा।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद् डोईवाला (देहरादून)

पंत्राक 242 /रा0वि0आ0/2025–26 दिनांक 22/05/2025

## निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद् डोईवाला, देहरादून द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–2026 मे राज्य/15 वां वित्त आयोग/एम0एस0डब्लू0/बोर्ड फण्ड मे प्राप्त धनराशि के अर्न्तगत **निविदा सूचना प्रकाशन की तिथि तक नगर पालिका परिषद् डोईवाला मे पंजीकृत ठेकेदारो** से **दिनांक 09.06.2025 को समय दोपहर 02:00** बजे तक निम्नलिखित **निर्माण कार्य** कराये जाने के लिए सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें **दिनांक 10.06.2025 को प्रातः 11.00 बजे** गठित निविदा समिति के सदस्यों द्वारा निविदादाताओं/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जायेंगे, निविदा प्रपत्र पालिका कार्यालय से **निविदा प्रकाशन की तिथि के उपरांत से दिनांक 06.06.2025 तक** को नगद भुगतान पर विक्रय किये जायेंगे। किसी एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष, निविदा समिति मे निहित होगा। निर्माण कार्यो की निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस मे जानी जा सकती है। निविदा की वैधता 45 दिन होगी। निविदा प्राप्त होने की तिथि मे किसी भी प्रकार का सार्वजनिक अवकाश होने पर अगला कार्यदिवस ही निविदा प्राप्ति की तिथि मानी जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 मे | जी0 एस0 टी0 18% | योग | धरोहर राशि रू0 | श्रेणी | कार्य समाप्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | वार्ड सं 01 में थपलियाल जी के घर से जगत सिंह नेगी के के घर तक एवं थापा जी के घर वाली गली मे इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 12460 | I,II | 90 दिन |
| 2 | वार्ड सं 01 में भद्रकाली मंदिर वाली रोड पर पुलिया तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 9260 | I,II,III | 90 दिन |
| 3 | वार्ड सं 01 मिस्सरावला में साहस सिंह के घर से अश्वनी कौशल के घर की ओर इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 10980 | I,II,III | 90 दिन |
| 4 | वार्ड सं0 02 में आर्यनगर में अजय सिंह गुसांई के घर से लाल बाबू गिरी के घर की ओर इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 17160 | I,II | 90 दिन |
| 5 | वार्ड सं 02 में चरनजीत के घर से कुलदीप सैनी के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 3500 | I,II,III | 90 दिन |
| 6 | वार्ड सं 02 आर्यनगर में मेंन रोड से सन्दीप कौर के घर से मायाराम डंगवाल के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 12660 | I,II | 90 दिन |
| 7 | वार्ड सं 02 आर्यनगर में ऋषिकेश रोड से परमीन्दर के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 4640 | I,II,III | 90 दिन |
| 8 | वार्ड सं 02 में तूर कालोनी में सुखजीत सिंह के घर से हुकुम सिंह के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 22700 | I | 90 दिन |
| 9 | वार्ड सं 03 में संगीतयावला में अनिल नेगी के घर से सुरेश नेगी के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 12220 | I,II | 90 दिन |
| 10 | वार्ड सं 03 में देवेन्द्र रौथान के घर से विजेन्द रौथान के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 6500 | I,II,III | 90 दिन |
| 11 | वार्ड सं 03 में संगम स्कूल रौड से ठाकुर सिंह रौथान के घर के पास तक नहर की पटरी पर रैलिंग का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 30880 | I | 90 दिन |
| 12 | वार्ड सं0–03 मे थानो रोड पर रजनी जनरल स्टोर से प्रकाश चौहान के घर की ओर इंटरलाकिंग टाईल्स सड़क का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 12400 | I,II | 90 दिन |
| 13 | वार्ड सं 03 में 10 सोकपिटो का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 15340 | I,II | 90 दिन |
| 14 | वार्ड सं 04 बुराश कालोनी में दीवान चन्द के घर से राजस्थानी के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 6780 | I,II,III | 90 दिन |
| 15 | वार्ड सं 04 जूडडी में जंगलात रोड से संदीप रावत के घर की ओर इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 13840 | I,II | 90 दिन |
| 16 | वार्ड सं 04 सैन चौकी के पस इतवार सिंह के घर से राजेश के घर की ओर इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 11080 | I,II | 90 दिन |
| 17 | वार्ड सं 04 में मेंन रोड से केशर सिंह के घर तक एंवम राजेश पाल के घर तक राजस्थानी के घर तक मेंन रोड से विकम सिंह नेगी के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 6960 | I,II,III | 90 दिन |
| 18 | वार्ड सं 04 तरली जौली मं मेंन रोड नरेश एंवम रमेंश के घर तक एंवम इशवर पाल वाली गली में इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 8340 | I,II,III | 90 दिन |
| 19 | वार्ड सं 04 तरली जौली में गब्बर सिंह के घर से उमेंर सिंह के घर तक एंवम रघुवीर सिंह रावत के घर से नवीन के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 9520 | I,II,III | 90 दिन |
| 20 | वार्ड सं 05 में बिजली जौली में मेंन रोड देव सिंह उदेय सिंह के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 11080 | I,II | 90 दिन |
| 21 | वार्ड सं 05 बिचली जौली में मेंन रोड से जयोतसना भट्ट के घर तक एंवम मेंन रोड सूरज पाल के घर से विरेन्द कण्डारी के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 8080 | I,II,III | 90 दिन |
| 22 | वार्ड सं 05 में अपर जौली में कुवर रिंह कोहली के घर से शुभमनेगी के घर के पास नाली तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य।। | 1000 | 180 | 1180 | 13840 | I,II | 90 दिन |
| 23 | वार्ड सं 05 बिजली जौली में मेन रोड राजेन्द सिंह नेगी के घर से रमेश जोशी के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 7300 | I,II,III | 90 दिन |
| 24 | वार्ड सं 05 सोलंकी मोहल्ले में अनुप सोलंकी के घर से सुमेर सिंह के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 11260 | I,II | 90 दिन |
| 25 | वार्ड सं 05 कोठारी मोहल्ले में विकम सिंह बिष्ट के घर से बलदेव सिंह के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 14120 | I,II | 90 दिन |
| 26 | वार्ड सं 05 में बिजली जौली में मदन त्यागी के घर से प्रीमत गुंसाई के घर तक एंवम पाल मोहल्ले में ललित पाल के घर से जयप्रकाश के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | | | | | | 90 दिन |
| 27 | वार्ड सं 06 में सुयालोक कालोनी में मेन रोड से कालोनी की ओर इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 10200 | I,II | 90 दिन |
| 28 | वार्ड सं 6 में मेंन रोड गिरिश नौटियाल के घर से विजय रावत के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 7320 | I,II,III | 90 दिन |
| 29 | वार्ड सं 07 में जगदीश सेमवाल के घर से रतूडी जी के घर तक एंवम लक्ष्मी देवी वाली गली में इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 8080 | I,II,III | 90 दिन |
| 30 | वार्ड सं 07 में कोठारी मोहल्ले में देवेन्द प्रसाद तिवारी के घर से रामेशवर तिवारी के घर तक मेन रोड से महेन्द चमोली के घर तक एवम राजेश वाली गली में इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 14120 | I,II | 90 दिन |
| 31 | वार्ड सं 07 में अशोक चौहान के घर से जसवीर के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 5580 | I,II,III | 90 दिन |
| 32 | वार्ड सं 07 बागी जौली मे जूनियर हाई स्कूल में एल के भट्ट के घर से परशुराम सेमवाल के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 13300 | I,II | 90 दिन |
| 33 | वार्ड सं 07 अनिल नेगी के घर से राजपाल नेगी के के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 4000 | I,II,III | 90 दिन |
| 34 | वार्ड सं 07 में iiae कालेज से सुरत सिंह नकोटी के धर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 10680 | I,II | 90 दिन |
| 35 | वार्ड सं 07 में जसवीर सिंह के घर के पास इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 5460 | I,II,III | 90 दिन |
| 36 | वार्ड सं 07 कोठारी मोहल्ले में राजेश के घर से धनबहादुर के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 6960 | I,II,III | 90 दिन |
| 37 | वार्ड सं 07 में सैनिक कालोनी में राजकीय इन्टर कालेज बडोवाला रोड से अनिल सेमलटी के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 20340 | I | 90 दिन |
| 38 | वार्ड सं 07 राठोर मोहल्ले में मेंन रोड से सुखपाल के घर तकइंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 13360 | I,II | 90 दिन |
| 39 | वार्ड सं 08 बागी में अजय दुलयान के घर से पंकज के घर तक चत्तर सिंह के घर से हंसराज डंगवाल के घर तक एंवम राम सिंह के घर वाली गली में इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 12460 | I,II | 90 दिन |
| 40 | वार्ड सं 08 बागी में जय सिंह रोतेला के घर से संगीता मन्द्वरवाल के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 5860 | I,II,III | 90 दिन |
| 41 | वार्ड सं 08 कण्डल में मेंन रोड से गीता नेगी के घर तक एंवम मेन रोड से पंकज राणा के घर तक एंवम सन्दीप भण्डारी के घर वाली सडक परइंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 9720 | I,II,III | 90 दिन |
| 42 | वार्ड सं 08 खाण्ड गाव में मेंन रोड से मोहन सिंह नेगी के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 5580 | I,II,III | 90 दिन |
| 43 | वार्ड सं 08 कोटी में जंगलात रोड पर जयपाल सिंह रावत के घर से बच्चन सिंह राणों एंवम नीवन चन्द के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 7740 | I,II,III | 90 दिन |
| 44 | वार्ड सं 08 कोटी में मनोज तिवारी के घर से कैन्तुरा जी के घर तक राजकीय इन्टर कालेज के नजदीक शम्भावी बडोनी वाली गली एंवम रजनीकान्त वाली गली में इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 15220 | I,II | 90 दिन |
| 45 | वार्ड सं 08 विनोद नेगी के घर से मुकेश नेगी के घर तक एवम कोटी में भगत सिंह तिवारी वाली गली में इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 13840 | I,II | 90 दिन |
| 46 | वार्ड सं0 08 रणवीर नेगी के घर से अखिलेश के घर तक चौक न0 01 में टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 21440 | I | 90 दिन |
| 47 | वार्ड सं0 08 में चौक सं0 03 मुख्य मार्ग सचिन कुमार के घर से मयंक बिष्ट घर तक टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 16080 | I,II | 90 दिन |
| 48 | वार्ड सं0 08 में चौक सं0 02 मुख्य मार्ग से लेकर संदीप चौहान सुयेमणि बदी के घर तक टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 6960 | I,II,III | 90 दिन |
| 49 | वार्ड सं 08 में चौक सं0 04 के पास शहीद सते सिंह बिष्ट वाली सडक एंवम गोविन्द रावत के घर के आगे तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 12480 | I,II | 90 दिन |
| 50 | वार्ड सं 09 आशीष नेगी के घर के पास इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 20840 | I | 90 दिन |
| 51 | वार्ड सं 09 पडिया जी के घर से भगवती देवी के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 9720 | I,II,III | 90 दिन |
| 52 | वार्ड सं 09 कोटी में जमन सिंह पंवार के घर से ओमकर सिंह मन्द्वरवाल के घर तक , देवन्द्र सिंह नेगी के घर से दामोदर सिंह कोठियाल के घर तक एंवम मंगल सिंह वाली गली में इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 12920 | I,II | 90 दिन |
| 53 | वार्ड सं 09 कोटी अदूरवाला में मेंन रोड से गोविन्दराम गोदियाल के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 20200 | I | 90 दिन |
| 54 | वार्ड सं 09 कोटी में मेंन रोड से मनोज नेगी के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 4860 | I,II,III | 90 दिन |
| 55 | वार्ड सं 10 में अरूण कुकरेती के घर से आरएस गुंसाई के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 14700 | I,II | 90 दिन |
| 56 | वार्ड सं 10 में राजेश उनियाल जी के घर से हरिद्वार रोड तक एंवम अशाके रौनी वाली गली एवंम धर्म सिंह चौहान वाली गली में इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 14580 | I,II | 90 दिन |
| 57 | वार्ड सं 10 में हरिद्वार रोड तोपवाल जी के घर से सपेरा बस्ती वाली रोड तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 2000 | 360 | 2360 | 44940 | I | 90 दिन |
| 58 | वार्ड सं 10 में 10 सोकपिटो का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 15340 | I,II | 90 दिन |
| 59 | वार्ड सं 11 में केशवपुरी बस्ती में मनोज हरदयारि के घर वाली गली उमा शहा के घर से दशरत के घर तक लाल बहादुर राजेन्द वाली गली हरि के घर से सुमित्रा एंवम रतन के घर तक मुख्य मार्ग से मनीश उपादय के घर एंवम राकेश एंवम मुकेश के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 27720 | I | 90 दिन |
| 60 | वार्ड सं 11 में केशवपुरी बस्ती में रामखिलवन के घर से महादेन मंदिर तक नाली का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 10120 | I,II | 90 दिन |
| 61 | वार्ड सं 11 में 10 पुलिया का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 10340 | I,II | 90 दिन |
| 62 | वार्ड सं 12 में भागीरथी पुरम मेंन रोड से कालोनी की ओर इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 19060 | I,II | 90 दिन |
| 63 | वार्ड सं 12 में राजीवनगर मे विशाल बनसल के घर से जसवन्त सिंह के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 5820 | I,II,III | 90 दिन |
| 64 | वार्ड सं 12 में राजीवनगर में उषा के घर से संजय सोनकर के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 11080 | I,II | 90 दिन |
| 65 | वार्ड सं 13 में विनय कण्डवाल जी के घर से नवीन सैनी के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक एंवम 03 पुलिया का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 11300 | I,II | 90 दिन |
| 66 | वार्ड सं 13 में मेंन रोड से रन्जन पिराटा के घर तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक एंवम नाली का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 12140 | I,II | 90 दिन |
| 67 | वार्ड सं 13 में मेन रोड से राजेन्द थापा तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 9120 | I,II,III | 90 दिन |
| 68 | वार्ड सं 14 में बुराश कालोनी में बिशन सिंह के घर से आशीष असवाल के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 17920 | I,II | 90 दिन |
| 69 | वार्ड सं 14 में खत्ता रोड से अनिल भटट् के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 4200 | I,II,III | 90 दिन |
| 70 | वार्ड सं 14 में खत्ता रोड से बलराम के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 11780 | I,II | 90 दिन |
| 71 | वार्ड सं 15 तेलीवाला में वहीद हसन के घर से नदीम के घर तक एवम तेलीवाला में मेंन रोड से इमरान के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 14920 | I,II | 90 दिन |
| 72 | वार्ड सं 15 में नई बस्ती कुडकावाला में नाली का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 25600 | I | 90 दिन |
| 73 | वार्ड सं 16 बदीश कालोनी में मनोज जोशी के घर से किशन पाल के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 8340 | I,II | 90 दिन |
| 74 | वार्ड सं 16 तेलीवाला मेंन रोड इन्दपाल के घर से फूल सिंह के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 18520 | I,II | 90 दिन |
| 75 | वार्ड सं 16 मुख्य मार्ग जोगिनदर कुमार के घर से राजेन्द रावत के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 11160 | I,II | 90 दिन |
| 76 | वार्ड सं 16 में चन्द मोहन जैसवाल के घर से राजेन्द प्रसाद के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 4980 | I,II,III | 90 दिन |
| 77 | वार्ड सं 16 में जितेन्द कौशल के घर से लक्ष्मी पंत के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 8760 | I,II,III | 90 दिन |
| 78 | वार्ड सं 16 में लोधी मोहल्ले में राकेश कुमार के घर से महेन्द लोधी के घर तक एंवम राजेश कुमार के घर से मनोज के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 6960 | I,II,III | 90 दिन |
| 79 | वार्ड सं 17 एंकता कालोनी में मेंन रोड से सरदार प्रीमत सिंह के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 18400 | I,II | 90 दिन |
| 80 | वार्ड सं 17 बंजारा मोहल्ले में विनोद के घर से पप्पू के घर से खेड मंदिर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 11080 | I,II | 90 दिन |
| 81 | वार्ड सं 17 मे रेडियन स्कूल वाली गली में त्रिलोक सिंह के घर से मनीश कुमार एंवम सुनील सेमवाल के घर तक एंवम बलदेव पुण्डीर के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 19920 | I,II | 90 दिन |
| 82 | वार्ड सं 18 में भूसा स्टोर से विजय के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 4920 | I,II,III | 90 दिन |
| 83 | वार्ड सं 18 में सैनिक विहार में चंद सिंह राणा के घर तक एंवम जसवन्त राठौर के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 8340 | I,II,III | 90 दिन |
| 84 | वार्ड सं 18 प्रेमनगर में मेन रोड दून घाटी कालेज के सामने से मलकीत सिंह के घर तक एंवम कुपर सिंह नेगी के घर के पास इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 15840 | I,II | 90 दिन |
| 85 | वार्ड सं 18 प्रेमनगर मं गैस अजेनसी से शालू के घर तक एंवम संगीता सुमित्रा वली गली में इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 11080 | I,II | 90 दिन |
| 86 | वार्ड सं 19 मे बलबन्त सिंह के घर से सुखदेव सिंह के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 10860 | I,II | 90 दिन |
| 87 | वार्ड सं 19 में मेंन रोड से गौतम के धर से पुनम के धर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 5860 | I,II,III | 90 दिन |
| 88 | वार्ड सं 19 में अनुप जेटली के घर से इन्दमणी के घर तक एंवम टोगिंया रोड से अरूण के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 7140 | I,II,III | 90 दिन |
| 89 | वार्ड सं 19 में नव ज्योति विहार में टूयबवैल से अनुप रावत के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 12740 | I,II | 90 दिन |
| 90 | वार्ड सं 19 मे रामबाग में राजेन्द के घर से शेर सिंह के घर तक एंवम रघु के घर से राजेश के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 7560 | I,II,III | 90 दिन |
| 91 | वार्ड सं 20 में मिस्सरवाला कला में सतीश बिन्जोला के घर से खुशीराम चमोली के धर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 7800 | I,II | 90 दिन |
| 92 | वार्ड सं 20 में लच्छीवाला में मेंन रोड से रामा गुरूंग के घर से राजेश खत्री के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 7360 | I,II,III | 90 दिन |
| 93 | वार्ड सं 20 में भागीरथी एन्कलेव में इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 7300 | I,II,III | 90 दिन |
| 94 | वार्ड सं 20 में मिस्सरवाला कला में रविद सिंह के घर वाली गली सरस्वती देवी वाली गली एंवम दीपक काटोरी के घर वाली गली में इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 7600 | I,II,III | 90 दिन |
| 95 | वार्ड सं 20 में ओमप्रकाश के घर से कनडारी के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक एंवम नाली का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 18980 | I,II,III | 90 दिन |
| 96 | वांड सं 01 में पूर्व अध्यक्ष महेश रावत जी के घर के पास नाली एंवम टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 14680 | I,II | 90 दिन |
| 97 | वार्ड सं 20 में मिस्सरवाला कला से टीकाराम उनियाल के घर तक मकान सिंह के घर तक एंवम केहर सिंह पवार के घर से महेशानन्द देवराडी के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1500 | 270 | 1770 | 20560 | I,II | 90 दिन |
| 98 | वार्ड सं 08 में खाण्ड में निर्मल नेगी के घर से धूप सिंह पंवार के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 500 | 90 | 590 | 6960 | I,II | 90 दिन |
| 99 | वार्ड सं 01 मिस्सरावला में साहस सिंह के घर से अश्वनी कौशल के घर की ओर इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 10980 | I,II | 90 दिन |
| 100 | वार्ड सं 05 में बिजली जौली में मदन त्यागी के घर से प्रीमत गुंसाई के घर तक एंवम पाल मोहल्ले में ललित पाल के घर से जयप्रकाश के घर तक इंटरलाकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 11180 | I,II | 90 दिन |
| 101 | एम0आर0एफ0 सेन्टर मे एडमिन बिल्डिंग एवं ऐन्ट्री गेट का निर्माण कार्य। | 1000 | 180 | 1180 | 14280 | I,II | 180 दिन |

**(उत्तम सिंह नेगी)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद् डोईवाला

**(नरेन्द्र सिंह नेगी)**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद्

# ऑनलाइन देखा कथा हो रही है, वारदात करने पहुंच गए

## चेन स्नैचिंग की घटना का एसएसपी ने किया राज़फाश

### पति-पत्नी और महिला गिरफ्तार एक आरोपी फरार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऊंचापुल स्थित बाबा बालकनाथ मंदिर में चल रही भागवत कथा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के गले से चेन और मंगलसूत्र चोरी करने वाले दिल्ली के गिरोह का मुखानी पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह में शामिल दंपती समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक महिला अभी भी फरार बताई जा रही है। आरोपियों के पास से दो सोने की चेन, एक मंगलसूत्र और वारदात में प्रयुक्त एक कार बरामद की गई है। गुडवर्क करने वाली टीम को एसएसपी ने ढाई हजार रूपये ईनाम की घोषणा की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया। गुरुवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में इस मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि तीन महिलाओं के गले से मंगलसूत्र और चेन लूटने की घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद महिलाओं ने पुलिस को सूचना दी और बताया कि तीन वृद्ध महिलाओं के साथ यह घटना ऊंचापुल स्थित बाबा बालकनाथ मंदिर में घटी। जिसके बाद घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते गए। इस मामले को लेकर मुखानी पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम को आरोपियों की धरपकड़ में लगाया गया। सीसीटीवी फुटेज खंगालती पुलिस ने तीन आरोपियों को गुसाईपुर तिराहे से धर दबोचा। इनमें कल्याणपुरी दिल्ली निवासी मयूरी पत्नी सुशील कुमार, मयूरी का पति सुशील कुमार पुत्र जगदीश और संतोष पत्नी अनिल है। जबकि चौथी आरोपी कल्याणी पूर्वी दिल्ली निवासी भावना पत्नी चंद्रकांत फरार है। आरोपियों से लूटी गई दो चेन और एक मंगलसूत्र के साथ घटना में इस्तेमाल की गई कार बरामद की गई है। बताया जा रहा कि ये शातिर महिलाओं का गैंग है, जो भारत के कई राज्यों में इसी पैटर्न पर वारदातों को अंजाम देता है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों का मूल महाराष्ट्र है और दिल्ली में यह जहां रहते हैं वो पूरा क्षेत्र की लूट के धंधे में लिप्त है। पूरे दिन इंटरनेट और टीवी पर आरोपी यही देखते हैं कि कहां भागवत या अन्य कथाएं चल रही हैं। हल्द्वानी में बाबा बालकनाथ मंदिर में भागवत की जानकारी भी इन्हें ऐसे ही मिली थी। जिसके बाद शातिरों ने लूट की योजना बनाई और तय किया कि घटना को अंजाम देने के बाद बाबा नीब करौली के दर्शन के लिए जाएंगे। एसएसपी पीएन मीणा ने गुडवर्क करने वाली टीम को ढाई हजार इनाम की घोषणा की गई है। टीम में मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी, एसओजी प्रभारी संजीत राठौर, एसआई मनोज अधिकारी, हैड कांस्टेबल ललित कुमार, कांस्टेबल संतोष बिष्ट, अरविन्द्र, बलवंत बिष्ट, रविन्द्र खाती, अनूप तिवारी, महिला कांस्टेबल सुनीता चन्द्र शामिल रही।

#### मशीन नाम से हैं मशहूर ये गैंग

बताया जा रहा है कि पकड़े गए आरोपी दिल्ली पूर्वी के कल्याणपुरी में जिस जगह पर महिलाओं का ये गैंग रहता है, उस स्थान के लोग वहां इन्हें मशीन कहकर बुलाते है और ये इसी नाम से मशहूर है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए दंपती मयूरी और सुशील ने वर्ष 2022 में एक ऐसी ही घटना को हिमाचल प्रदेश के थाना कालाअम्ब जिला सिरमौर में अंजाम दिया था और इस मामले में दोनों जेल भी जा चुके हैं। पुलिस ने बताया कि इनके खिलाफ देश के कई राज्यों में इस तरह के मुकदमे दर्ज हैं, जिनकी जानकारी जुटाई जा रही है।

## गाउट जागरूकता दिवस मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रत्येक वर्ष 22 मई को गाउट जागरूकता दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य गाउट (गठिया का एक रूप) के बारे में जानकारी प्रदान करना व जागरूकता बढ़ाना है। इसी के चलते गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के अस्थि रोग विभाग की और से चिकित्सालय स्टाफ के लिए निशुल्क जांच कैम्प का आयोजन किया गया व गाउट के संबंध में जानकारी दी गयी। अस्थि रोग विभाग ने सुशीला तिवारी चिकित्सालय में लगे शिविर में 70 कार्मिकों की शुगर व यूरिक एसिड की जांच की। अस्थि रोग विभाग के एसो. प्रो. डा. गणेश सिंह ने बताया कि गाउट एक आम बीमारी है लेकिन कई लोग इसके बारे में नहीं जानते है। गाउट जागरूकता दिवस लोगों को गाउट के बारे में शिक्षित करने व जागरूकता बढ़ाने में मदद करता है। डा. सिंह ने बताया कि गाउट एक प्रकार का सूजन संबंधी गठिया है जो जोड़ों में यूरिक एसिड क्रिस्टल के निर्माण के कारण होता है।

# जैव विविधता दिवस पर क्विज व भाषण प्रतियोगिता

## नैनीताल के स्कूली बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर नैनीताल प्राणी उद्यान में गुरुवार को क्विज और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वन संरक्षक टीआर बीजूलाल के मुख्य आतिथ्य में तथा निदेशक प्राणी उद्यान चंद्रशेखर जोशी के निर्देशन में किया गया। प्रतियोगिता दो सत्रों में संपन्न हुई। पहले सत्र में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें दो चरणों के बाद लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल, बिरला विद्या मंदिर, मोहनलाल साह बाल विद्या मंदिर और कुंदन लाल साह कन्या इंटर कॉलेज विजेता रहे। दूसरे सत्र में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास विषय पर विचार रखे। निर्णायक मंडल में प्रो. ललित तिवारी और प्रो. आशीष तिवारी शामिल रहे।



इस प्रतियोगिता में राफिया (मोहनलाल साह बाल विद्या मंदिर) और आशीष सिंह रावत (लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल) ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर टीआर बीजूलाल ने कहा कि जैव विविधता पृथ्वी की जीवनरेखा है और इसे बचाने के लिए हर व्यक्ति को वृक्षारोपण, प्लास्टिक के कम उपयोग और जल-संरक्षण जैसे छोटे कदम उठाने होंगे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नवीन पांडे और डा. रजनी रावत (बोटनिस्ट) ने किया। इस दौरान करीब 150 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। दूसरी ओर हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, नारायणनगर में भी चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया। दोनों आयोजनों में वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षाविद बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# श्री आनंद आश्रम ने मनाया स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री आनंद आश्रम संस्था ने अपना नौवां स्थापना दिवस गुरुवार को बाबा नीब करौरी वृद्धाश्रम, हल्द्वानी में धार्मिक आयोजन, सम्मान समारोह और भंडारे के साथ धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर संगीतमय सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, आरती और भजन प्रस्तुत किए गए। संस्था अध्यक्ष कनक चंद ने इस शुभ अवसर पर नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए मदन सिंह बिष्ट (पूर्व वन क्षेत्राधिकारी) को उपाध्यक्ष और भुवन चंद जोशी (व्यवसायी) को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड उच्च न्यायालय की अपर महाधिवक्ता और सांसद अजय भट्ट की धर्मपत्नी पुष्पा भट्ट मौजूद रहीं। साथ ही वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष नवीन चंद्र वर्मा और पूर्व ब्लॉक प्रमुख शांति भट्ट विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित रहे। भजन व सुंदरकांड का संगीतमय पाठ त्रिलोक जोशी एंड ग्रुप द्वारा किया गया। संस्था संस्थापक टीएस रावत और नवीन वर्मा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह और सम्मान पट्टिकाएं भेंट कीं। पूर्व ब्लॉक प्रमुख शांति भट्ट ने भी संस्था की प्रशंसा करते हुए इसे समाजसेवा का सच्चा उदाहरण बताया और



उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में संस्था अध्यक्ष कनक चंद ने सभी अतिथियों, सहयोगियों, दानदाताओं, मीडिया, सुंदरकांड मंडली और वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का धन्यवाद करते हुए कहा संस्था की 9 वर्षों की सेवा बाबा नीब करौरी महाराज की कृपा और सभी शुभचिंतकों के सहयोग से संभव हुई है। इस अवसर पर डीआर चंद, मनीष चंद, हिम्मत सिंह बिष्ट, शुभम भट्ट, अनिता रावत, पं. दीपक जोशी, नीना पंत, मुन्ना पंत, ममता देवाल, शिवम रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## चाकू के साथ एक शातिर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** गश्त के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर उसके पास से चाकू बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। एसआई गौरव जोशी ने बताया कि बीते बुधवार को वह कांस्टेबल जगदीश भण्डारी और मो. अजहर के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के पास एक व्यक्ति संदिग्ध हालात में दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की तो उसने अपना नाम जफर पुत्र शेख असगर, निवासी लाइन नंबर 17, बनभूलपुरा बताया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत उसे हिरासत में लेकर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया और आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

# इंदिरानगर में टूटी सड़कों पर पानी के लिए प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इंदिरा नगर क्षेत्र की दुर्दशा से परेशान स्थानीय लोगों ने सोमवार को पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी के नेतृत्व में दुर्गा मंदिर के पास मुख्य सड़क पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी जल निगम, जल संस्थान और नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द समाधान की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि करीब एक माह पूर्व जल निगम ने बिना सूचना दिए सिविल लाइन बिछाने के लिए इंदिरा नगर की छोटी सड़क को खोद डाला। इससे सड़क पर गहरे गड्ढे बन गए और मलबा नालियों में भर गया। नतीजा यह हुआ कि हल्की बारिश में ही गंदा पानी घरों में घुस गया। कई घरों की पेयजल पाइपलाइन में भी सिविल लाइन का गंदा पानी मिल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की हालत इतनी खराब है कि स्कूली बच्चों की बसें बंद हो गई हैं और लोग मंदिर-मस्जिद तक भी कीचड़ से होकर जाने को मजबूर हैं। हादसों की भी खबरें सामने आई हैं, जिसमें कई महिलाएं और बुजुर्ग घायल हुए हैं।



पूर्व सभासद शकील सलमानी ने बताया कि नगर निगम और जल निगम एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं, लेकिन कोई भी विभाग सफाई और मरम्मत के लिए तैयार नहीं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क और नालियों की सफाई व मरम्मत का काम शुरू नहीं किया गया तो वे आम जनता के साथ संबंधित विभागों के कार्यालयों पर धरना देंगे। प्रदर्शन में खलील अहमद, विजय सिंह चौहान, शब्बीर अहमद, मोहित, पिंटू गुप्ता, वसीम अहमद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल रहे।

# बारिश से जलभराव के बाद एक्शन में प्रशासन

## नाले-नालियों की सफाई के लिए दिखाई मुस्तैदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बारिश के बाद विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव और नालियों के अवरुद्ध होने की सूचनाओं के बाद प्रशासन ने तत्परता से कार्रवाई शुरू की। जिलाधिकारी नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में उपजिलाधिकारी हल्द्वानी राहुल शाह और नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान देवखड़ी नाला (हाइडिल के पास) में कचरे की अधिकता पाई गई, जिसे देखते हुए नगर निगम ने तत्काल सफाई कार्य शुरू कर दिया। वहीं, कालूसिद्ध क्षेत्र में नाले की सफाई के लिए जेसीबी मशीन तैनात की गई। कालसिया नाले में जलस्तर सामान्य पाया गया। इसके अलावा, लालडांट में रक्षिता नाले की स्थिति का निरीक्षण किया गया और हीरानगर क्षेत्र में जल निकासी की स्थिति की समीक्षा की गई। प्रशासन ने संबंधित विभागों को नालों की शीघ्र सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त तीन पानी जंक्शन और रेलवे ओवरब्रिज क्षेत्र में जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए सिंचाई विभाग और एनएचएआई की टीमों को तुरंत बुलाया गया। इन क्षेत्रों में कलवर्ट और नालियों की सफाई के लिए जेसीबी मशीन तैनात कर कार्रवाई शुरू की गई। निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता अमित बंसल, तहसीलदार मनीषा बिष्ट, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, नायब तहसीलदार दयाल चंद्र मिश्रा, लोक निर्माण विभाग और नगर निगम की टीम मौजूद रही।



# एनसीसी का दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 78 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हो गई है। यह शिविर 21 मई से शुरू होकर 30 मई तक चलेगा, जिसमें नैनीताल और उधमसिंह नगर जिलों से आए लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स और सात एनसीसी अधिकारी भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान कैडेट्स को हथियार संचालन, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, मैप रीडिंग, आपदा प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास, और अग्निवीर योजना से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। एनडीआरएफ टीम द्वारा आपदा प्रबंधन और मॉक ड्रिल्स के माध्यम से युद्धकालीन परिस्थितियों में कैडेट्स की भूमिका को भी समझाया जाएगा। 22 मई को बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल कुंदन शर्मा (सेना मेडल) ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए एनसीसी प्रशिक्षण और अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाने में अहम भूमिका निभाती है। इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अभिलाशा जोशी, सूबेदार मेजर एमएस राव, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जावेद अहमद, कैप्टन राजीव कुमार पाठक और अन्य एनसीसी अधिकारी कमल कांडपाल, देव भट्ट, फ्रुल कौशिक, राजीव मंडल, जगदीश पांडे और किरण गुरुरानी मौजूद रहे।

# हाथों में तिरंगा, आंखों में दिखी गर्व की चमक

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर नैनीताल में भाजपा ने निकाली तिरंगा शौर्य यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल में वीरवार को भाजपाई के नेतृत्व में देश के वीर सैनिकों के शौर्य की बदौलत मिशन सिंदूर की कामयाबी को लेकर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इससे पूर्व यात्रा मुख्य संयोजक निखिल बिष्ट व सह संयोजक ज्योति ढौडियाल व मनोज कुमार के नेतृत्व में सुबह 11 बज से मल्लीताल स्थित पंत से शुरु होकर देशभक्ति के नारों और जोश के साथ तल्लीताल गांधी चौक तक पहुंची। इस दौरान अन्य लोगों के साथ ही नैनीताल के विभिन्न विद्यालयों के बच्चे हाथों में लहराते तिरंगे, होंठों पर देशभक्ति के गीत गाते और आंखों में गर्व की चमक के साथ चल रहे थे और जय भारत- जय वीर जवान के नारे लगा रहे थे। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या ने किया। इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा को कामयाब बनाने में भारतीय जनता पार्टी नैनीताल मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ने भी पूर्ण उत्साह और समर्पण के साथ भागीदारी निभाई। विशेष रूप से नितिन सिंह कार्की, विक्रम सिंह राठौर, मोहित लाल साह, आशीष बजाज, हर्षित पंत, मनीष बवाड़ी, अंशु आर्या, आशा आर्या, वाजदा आर्या, मनोज पंत, भारत मेहरा, आयुष भण्डारी, कमल जोशी और प्रखर रावत ने आयोजन की हर व्यवस्था में सक्रिय योगदान दिया और तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा, वरिष्ठ भाजपा नेत्री बिमला अधिकारी, सलाहकार मंडी परिषद मनोज जोशी, भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कविता गंगोला समेत रीना मेहरा, जीवंती भट्ट, विनीता पांडे, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, डा. प्रगति जैन, सुमन माहोरी, आरती बिष्ट, सभासद ललिता दफौटी, काजल आर्या, भगवत सिंह रावत, मनोज साह जगाती समेत राधा खोलिया, आनंद सिंह बिष्ट, अरविंद सिंह पडियार, मोहित आर्या, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, विकास जोशी, मनोज पवार, पंकज भट्ट, डा.भुवन आर्या, राहुल नेगी, विक्रम सिंह रावत, बच्ची आर्या, संतोष कुमार सहित नगर के कई गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।



# संस्कृत महाविद्यालय भारतीय ज्ञान परम्परा का उत्कृष्ट स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नवशिक्षण वर्ष के प्रथम सत्र के दौरान श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में संस्कृत शिक्षा निदेशक डा. आनन्द भारद्वाज ने औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों के शिक्षण ज्ञान, रहन-सहन तथा शिक्षण कार्य की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के पश्चात डा. भारद्वाज ने महाविद्यालय की अनुशासन व्यवस्था और शिक्षण गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित एक आदर्श और उत्कृष्ट संस्था है। निरीक्षण के दौरान समिति अध्यक्ष मोहन गिरी गोस्वामी, सनातन धर्म समाज के अध्यक्ष योगेश चंद्र तिवारी, अशोक वार्ष्णेय, प्राचार्य मनोज कुमार पांडेय, जानकी त्रिपाठी, मोहित जोशी, डा. नारायण दत्त थुवाल, साकेत पाठक, कृष्ण कुमार पांडेय, रजनी बेलवाल, कीर्ति चंद्र कलौनी, दीप जोशी और भुवनचंद्र जोशी उपस्थित रहे।



**समन वाद के निस्तारण हेतु विपक्षीगण की उपस्थिति के लिए न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिविजन) मुजफ्फरनगर**

वाद संख्या 884 सन् 2024 (दो हजार चौबीस)

1. अरविन्द कुमार जैन पुत्र स्व0 श्री जुगमेन्दर जैन, 2. अक्षय कुमार जैन पुत्र श्री अरविन्द कुमार जैन, 3. श्रीमति मंजू जैन पत्नी श्री अरविन्द कुमार जैन निवासीगण 7 नवाबगंज पश्चिमी तहसील व जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी 194 पटेल नगर, नई मंडी, मुजफ्फरनगर, 4. अनू जैन पत्नी रविन जैन निवासी 7 व 11 नवाबगंज पश्चिमी जिला मु0नगर, 5. ललित जैन पुत्र स्व0 श्री जुगमेन्दर जैन निवासी 19 नवाबगंज पूर्वी तहसील व जिला मुजफ्फरनगर ...........**वादीगण**

**बनाम**

1. पवन चौधरी पुत्र राजकुमार, 2. श्रीमति इंदु चौधरी पत्नी पवन चौधरी निवासी ग्राम काकड़ा परगना शिकारपुर, तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासीगण लेन संख्या 15 टर्नर रोड, वार्ड संख्या 47 टाउन देहरादून।....**प्रतिवादीगण**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादीगण ने माननीय न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिविजन) मुजफ्फरनगर के समक्ष वाद संख्या 884 सन 2024 अरविन्द बनाम राजकुमार आदि दायर किया गया है। आपको इस न्यायालय में प्रतिवाद-पत्र/आपत्ति आदि प्रस्तुत करने के लिये उपसंजात होने के लिये दिनांक 23.25.2025 को प्रातः में 10.00 नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या आने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे समयक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के तलिये जो उक्त तिथि नियत की गयी है यह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिए भी नियत है। इसलिये आपको उसी दिन अपने उन सभी साक्षियों को या उनसे सम्बन्धित सभी सारवान प्रपत्रों साक्ष्यों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हो आपको सह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद में निस्तारण के समय उपसंजात उपस्थिति नहीं होगें तो इस दशा में उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में गुण दोष पर किया जायेगा।

आज दिनांक 17 माह 05 सन् 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा से सीविल जज (सीनियर डिविजन) मुजफ्फरनगर।**

# चेतावनी वन रैली को लेकर मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा की बागजाला कार्यकारिणी की बैठक 27 मई को होने वाली चेतावनी रैली की तैयारी को लेकर गांव में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने की, जिसमें कई अन्य कार्यकर्ता और स्थानीय नेता भी शामिल हुए।

प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने भाजपा सरकार पर कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है, तब से प्रदेशभर में गरीबों को उनकी ज़मीनों से उजाड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। बागजाला में भी यहाँ के निवासियों को उजाड़ने की कोशिश की जा रही है। किसान महासभा बागजाला की उपाध्यक्ष विमला देवी ने कहा कि, हमारी लगातार कोशिशों के बावजूद, भाजपा सरकार और जिला प्रशासन द्वारा बागजाला की उपेक्षा जारी है। हम वन विभाग के नोटिसों के खिलाफ, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, और लोगों को उनके मकानों और ज़मीनों पर मालिकाना हक देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। किसान महासभा के सचिव वेद प्रकाश ने बताया कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा बागजाला गांव के लोगों की सुनवाई नहीं हो रही है, जिसके कारण 27 मई को हल्द्वानी के बुधपार्क में विशाल चेतावनी रैली आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। प्रचार सचिव पंकज चौहान ने रैली की सफलता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार की योजना की जानकारी दी। इसके तहत प्रभातफेरी, नुक्कड़ सभाएं, पर्चा वितरण और जन संपर्क किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, सैकड़ों की संख्या में बागजाला के लोग चेतावनी रैली में शामिल होंगे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी, उपाध्यक्ष विमला देवी, सचिव वेद प्रकाश, कोषाध्यक्ष मीना भट्ट, प्रचार सचिव पंकज चौहान, भाकपा माले जिला सचिव डा. कैलाश पांडेय, दौलत सिंह कुंजवाल, हरक सिंह बिष्ट, भगवती भट्ट, चंदन सिंह मटियाली, हेमा देवी, दीपा देवी, नंदी देवी, दुर्गा देवी समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# बारिश में उफनाया गधेरा, बहने से एक महिला की मौत

**नैनीताल।** बुधवार को हुई तेज बारिश में उफान में आए गधेरे में रामगढ़ क्षेत्र के बना गांव में एक महिला के बहने से मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक बना गांव में पेयजल के प्लास्टिक पाईप को ठीक करने गई महिला पुष्पा देवी (45) पत्नी देवेन्द्र सिंह तेज बारिश के दौरान तेज उफान में आये गधेरा में बह गई। बुधवार को परिजनों द्वारा महिला की काफी खोज बीन लेकिन लापता महिला नहीं मिली। लापता महिला का दूसरे दिन यानी वीरवार को शव बरामद हुआ। थाना मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा घटना स्थल से लगभग दो किलोमीटर नीचे एक महिला का शव मिला, जिसकी परिजनों द्वारा शिनाख्त की गई। मृतक पुष्पा देवी के 4 बच्चे हैं जिसमें तीन लड़कियां व एक लड़का है जबकि पति देवेन्द्र सिंह खेतीबाड़ी करते हैं। इधर घटना की सूचना पर गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। मौके पर पहुंचे भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया किसान महिला प्लास्टिक पाइप को ठीक करने गई थी। अचानक दोपहर में तेज बारिश में गधेरा का बहाव में पत्ते मिट्टी आदि ऊपर से आने से सम्भवतः महिला का संतुलन बिगड़ा होगा। लापता महिला काफी खोजबीन की परंतु सफलता नही मिल पाई। विधायक कैड़ा ने बताया घटना स्थल पर पंचनामा कर शव का नैनीताल से पहुंची डाक्टर टीम व प्रशासन की मौजूदगी पोस्टमार्टम किया गया। विधायक के मुताबिक यह दैवीय आपदा है पीड़ित परिवार को हर सम्भव आर्थिक सहायता दी जाएगी।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### साइफर्ट अस्थायी रिप्लेसमेंट के रूप में आरसीबी में शामिल

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने न्यूजीलैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज टिम साइफर्ट को जैकब बेथेल की जगह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिये अपनी टीम में अस्थायी रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल किया है। आईपीएल की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि साइफर्ट 24 मई से चयन के लिए उपलब्ध होंगे। साइफर्ट अधिकतम 26 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ में होने वाले मैच के लिए आरसीबी दल से जुड़ सकते हैं। वह फिलहाल पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में कराची किंग्स के लिए खेल रहे हैं। साइफर्ट इससे पहले आईपीएल 2022 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए दो मैच और कोलकाता नाइटराइडर्स के लिए 2021 में एक मैच खेल चुके हैं।

### टाटेनहॅम हाटस्पर ने यूरोपा लीग का खिताब जीता

**मैनचेस्टर, वार्ता।** टाटेनहॅम हाटस्पर ने यूरोपा लीग का खिताब जीत लिया है। टीम ने गुरुवार एथलेटिक बिलबाओ के सैन मैम्स स्टेडियम में खेले गए फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराया। इसी के साथ टाटेनहॅम का यूरोपीय ट्रॉफी के लिए 41 साल का इंतजार खत्म हो गया। टीम ने पिछला खिताब 1984 में जीता था। टाटेनहॅम का यह तीसरा यूरोपा लीग टाइटल है। टाटेनहॅम का यह तीसरा यूरोपा लीग टाइटल है। ब्रेनन ने 42वें मिनट में यह गोल किया ब्रेनन जानसन ने मैच का इकलौता गोल किया। मैच में दोनों टीमों के लिए मौके बनाना मुश्किल था। हालांकि, 42वें मिनट में टाटेनहॅम को सफलता मिल गई। ब्रेनन ने पहले हाफ (42वें मिनट) में यह गोल किया। इस जीत के साथ टाटेनहॅम 2025-26 यूईएफए चैंपियंस लीग के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। 17 साल बाद टाटेनहॅम ने मेजर ट्राफी जीती टाटेनहॅम ने 17 साल बाद कोई मेजर ट्राफी जीती है। टीम ने अपना पिछला बड़ा खिताब 2008 में जीता था, जब उन्होंने लीग कप अपने नाम किया था।

### इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का ऐलान

**मुंबई, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का ऐलान हो गया है। बीसीसीआई ने गुरुवार को 16 मेंबर्स स्क्वाड का ऐलान किया। इस दौरे पर भारतीय टीम 24 जून से 23 जुलाई तक एक वार्म-अप, पांच वनडे और दो मल्टी-डे मैच खेलेगी। इस टूर के जरिए 17 साल के आयुष म्हात्रे को भारतीय टीम की कमान दी गई है। वहीं 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में जगह मिली है। वैभव और आयुष दोनों ने ही आईपीएलके इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है। वैभव ने एक शतक लगाया आयुष और वैभव दोनों का ही यह पहला प्ज्स्सीजन है।

# शीर्ष दो में जगह बनाने उतरेगी आरसीबी

● हैदराबाद अपने अभियान का जीत के साथ समापन करना चाहेगी

**लखनऊ, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में प्लेऑफ में पहुंच चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शुक्रवार को टूर्नामेंट के 65वें मैच में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकना स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की करने मैदान में उतरेगी।

वहीं एसआरएच अपने अभियान का जीत के साथ समापन करना चाहेगी। आरसीबी 12 मैचों में 17 अंक हासिल करने के साथ इस सीजन में अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाने वाली टीमों में से एक रही है। रजत पाटीदार की अगुआई वाली यह टीम शीर्ष दो में जगह बनाकर एलिमिनेटर वन की नॉकआउट अनिश्चितता से बचना चाहेगी और उन्हें पहले क्वालीफायर के जरिए फाइनल में पहुंचने का दूसरा मौका मिलेगा। एक ऐसी टीम के लिए जो पहले भी खिताब के करीब पहुंच चुकी है, लेकिन कभी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं उठा पाई है। इसके विपरीत, पिछले सीजन की फाइनलिस्ट सनराइजर्स हैदराबाद पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

बारह मैचों में मात्र चार जीत के साथ वह अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। हालाँकि, इस सप्ताह की शुरुआत में लखनऊ सुपर जायंट्स पर मिली शानदार जीत से टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है और पैट कमिंस के नेतृत्व वाली टीम अपने अभियान को शानदार तरीके से समापन करना चाहेगी। इस सत्र में आरसीबी की वापसी विराट कोहली के शानदार फॉर्म की वजह से हुई है। बीच के मैचों में टीम डगमगा गयी थी। आरसीबी के पूर्व कप्तान कोहली ने 11 पारियों में 63-12 की औसत और 143-46 की स्ट्राइक रेट से 505 रन बनाए हैं। शीर्ष पर उनके अनुभव के साथ-साथ फिल साल्ट की आक्रामकता और देवदत्त पडिक्कल के टीम के स्कोर को धीरे-धीरे आगे बढाने के साथ मजबूत नींव रखने में मददगार साबित हुए हैं। टीम ने मध्य क्रम ने भी अपनी लय हासिल कर ली है। पाटीदार ने अब तक शानदार स्ट्राइक रेट से 239 रन बनाए हैं, जबकि निचले क्रम को टिम डेविड और वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड की मौजूदगी से टीम को मजबूती मिली है।

टिम डेविड ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मात्र 14 गेंदों पर 53 रन बनाकर नॉटआउट रहे थे। यह सत्र के सबसे बेहतरीन डेथ ओवरों में से एक है। फिर भी, ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड का टीम में वापस नहीं आ पाना चिंता का विषय बना हुआ है।

## आईपीएल-2025 प्लेऑफ की चारों टीम तय



● लखनऊ के निकोलस पूरन टूर्नामेंट के टॉप-6 हिटर बने हुए है


**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में ग्रुप स्टेज के 63 मैच खत्म होने के बाद ही प्लेऑफ की 4 टीमें मिल गईं। बुधवार को मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर प्लेऑफ स्पाट कन्फर्म की। इससे दिल्ली बाहर होने वाली छठी और आखिरी टीम बनी। बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए 180 रन बनाए। दिल्ली ने 65 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे, यहां से टीम 121 रन ही बना सकी और 59 रन से मुकाबला गंवा दिया। दिल्ली को 13 मैचों में छठी हार मिली। टीम के 6 जीत और 1 बेनतीजा मैच से 13 पाइंट्स हैं। क्ष्अब पंजाब के खिलाफ आखिरी मैच जीतकर भी 15 पाइंट्स तक ही पहुंच पाएगी, जो प्लेऑफ में पहुंचने के लिए काफी नहीं है। मुंबई को 13 मैचों में 8वीं जीत मिली। टीम 16 पाइंट्स के साथ चौथे स्थान पर रही और प्लेऑफ में पहुंच गई। अब एमआई को टॉप-2 पोजिशन में जगह बनानी है तो पंजाब के खिलाफ आखिरी मैच जीतना होगा। साथ ही आरसीबी और जीटी के सभी मैच हारने की दुआ करनी होगी। लखनऊ सुपरजायंट्स प्लेऑफ से बाहर हो चुकी है। टीम के 12 मैचों में 5 जीत से 10 ही पाइंट्स हैं। आज का मैच जीतकर स्ैळ प्लेऑफ में तो नहीं पहुंचेगी, लेकिन गुजरात के नंबर-1 पर बने रहने की उम्मीदों को कम कर देगी। गुजरात के साई सुदर्शन टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर बने हुए हैं। उन्होंने 12 मैच में 617 रन बनाए हैं। शुभमन गिल 601 रन बनाकर दूसरे नंबर पर हैं। बुधवार को मुंबई के सूर्यकुमार यादव 73 रन बनाकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए। उनके नाम 583 रन हो गए। गुजरात के ही तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर बने हुए हैं। उनके नाम 12 मैचों में 21 विकेट हैं। चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद के भी 21 विकेट हैं। मुंबई के ट्रेंट बोल्ट 19 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गए। लखनऊ के निकोलस पूरन टूर्नामेंट के टॉप सिक्स हिटर बने हुए हैं। उनके नाम 12 मैचों में 35 छक्के हैं। मुंबई के सूर्यकुमार यादव 30 सिक्स लगाकर दूसरे नंबर पर पहुंच गए। राजस्थान के यशस्वी जायसवाल 28 सिक्स लगाकर तीसरे नंबर पर रहे।

## यूएई ने बांग्लादेश को हराया, सीरीज भी जीती

**शारजाह।** हैदर अली (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद आलीशान शराफ (नाबाद 68) और आसिफ खान (नाबाद 41) की विस्फोटक पारियों की बदौलत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 मुकाबले में पांच गेंदे शेष रहते बांग्लादेश के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज करते हुए तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है।

टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ यूएई की दूसरी सीरीज जीत है। शारजाह स्टेडियम में बुधवार की रात खेले गए टी-20 मुकाबले में यूएई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही और उसने 57 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये। बांग्लादेश के बल्लेबाजे हैदर अली की घातक गेंदबाजी के आगे बेबस नजर आये। बांग्लादेश का पहला विकेट दूसरे ओवर में परवेज हुसैन इमॉन (शून्य) के रूप में गिरा। कप्तान लिटन कुमार दास (14), मो-तौहीद हृदोय (शून्य), महेदी हसन (दो) और तंजिद हसन 18 गेंद पर (40) रनों की पारी खेली। इसके बाद शमीम हुसैन (नौ), रिशाद हुसैन (छह) और जाकेर अली 34 गेंदों में (41) रन बनाकर आउट हुये। यूएई के गेंदबाजों ने बांग्लादेश को निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 162 के स्कोर पर रोक दिया। यूएई की ओर से हैदर अली ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिये। मतिउल्लाह खान और सगीर खान को दो-दो विकेट मिले। अकिफ राजा और ध्रुव पराशर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट दूसरे ही ओवर में कप्तान मुहम्मद वसीम (नौ) के रूप में गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये आलीशान शराफु ने मुहम्मद जोहैब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 44 रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में रिशाद हुसैन ने मुहम्मद जोहैब (29) को बोल्ड इस साझेदारी का अंत किया।

## मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में श्रीकांत, प्रणॉय हुए बाहर



■ किदांबी श्रीकांत ने आयरलैंड के खिलाड़ी को सीधे सेटों में हराया

**बुकित जलील, वार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने गुरुवार को मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जीत दर्जकर अगले दौर में जगह बनाई। वहीं मिश्रित युगल में तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। यहां एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में 59 मिनट तक चले मुकाबले में किदांबी ने आयरलैंड के न्हाट गुयेन को सीधे गेम में 23-21, 21-17 हराकर अगले दौर में जगह बनाई। किदांबी ने पहले गेम की शुरुआत से ही अपना दबदबा कायम रखते हुए अपनी बढ़त बनाए रखा। न्हाट ने किदांबी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन आखिर में किदांबी ने अंक अर्जित कर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भी किदांबी ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन जारी रखते हुए आयरलैंड के बैडमिंटन खिलाड़ी को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। क्वार्टरफाइनल में किदांबी का मुक. ाबला फांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा। इसके अलावा विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विज. ेता एचएस प्रणॉय को 23वें रैंक के खिलाड़ी जापान के युशी तनाका से सीधे गेम में 9-21, 18-21 से हार मिली। पुरुष एकल के अन्य मुक. ाबले में आयुष शेट्टी को फांस के टोमा जूनियर पोपोव से 13-21, 17-21 से हार मिली, जबकि पुरुष एकल रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज सतीश करुणाकरन भी राउंड ऑफ 16 में रैंकिंग में 18वें स्थान के खिलाड़ी फांस के क्रिस्टो पोपोव से 13-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में एक घंटा और सात मिनट तक चले मुकाबले में तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय जोड़ी ने फ्रांस के ली पालेर्मो और जूलियन मयो को 21-17, 18-21, 21-15 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

## एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को नीदरलैंड के एम्सटेलीवन और बेल्जियम के एंटवर्प में सात से 22 जून तक होने वाली एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। अनुभवी ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह कप्तान के रूप में टीम अगुवाई करेंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह उप-कप्तान होंगे। भारत अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत में सात और नौ जून को नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैचों खेलेंगा। इसके बाद 11 और 12 जून को एम्सटेलवीन के वैगनर स्टेडियम में अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच होंगे।

## नाम परिवर्तन

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मैंनें अपना नाम मो0 तयब से बदल कर मो0 तय्यब अंसारी रख लिया है। भविष्य में मुझे मो0 तय्यब अंसारी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**शपथकर्ता:** मो0 तय्यब अंसारी
पुत्र मो0 इस्लाम निवासी-15,
टर्नर रोड सना मस्जिद,माजरा,
देहरादून उत्तराखण्ड।

## नाम परिवर्तन

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम कुछ दस्तावेजों में साहिद लिखा गया जो गलत है, मेरे पुत्र का सही नाम साहिब है जैसा कि आधार कार्ड संख्या 780621073090 में है भविष्य में **साहिब** (Sahib) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**शमशेर अहमद**
**पुत्र श्री सब्बीर अहमद**
**निवासी-आजाद कालोनी,माजरा,निकट सईदिया मस्जिद,माजरा,देहरादून उत्तराखण्ड।**

## सार्वजनिक घोषणा

**मैं** राजपाल सिंह, नंबर 4087461W, पद: हवलदार, निवासी: भवानीपुर खुल्बे, पीरूमदारा, रामनगर, नैनीताल। मेरे सेना के रिकॉर्ड में मेरी पत्नी (श्रीमती लक्ष्मी देवी) की जन्म तिथि 25/08/1987 दर्ज है, जो कि सही नहीं है। सही जन्म तिथि 01/01/1987 है। कृपया भविष्य में इसे सही रूप में दर्ज करना न्यायोचित होगा।

## दीक्षा ने तैराकी व नागालैंड, मणिपुर ने पेंचक सिलाट में जीते स्वर्ण पदक

■ दीक्षा ने 1:10:12 में पूरा कर पांच किमी. की रेस में स्वर्ण पदक जीता

**दीव, वार्ता।** महाराष्ट्र की दीक्षा यादव ने पहले खेलो इंडिया बीच गेम्स में गुरुवार को ताकत और सहनशक्ति का प्रदर्शन करते हुए ओपन सी तैराकी प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। वहीं पेंचक सिलाट में मणिपुर, नागालैंड और जम्मू-कश्मीर ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। यहां समुद्र में हुई तैराकी प्रतियोगिता पांच किलोमीटर की रेस को 19 वर्षीय दीक्षा एक घंटा 10 मिनट 12 सेकंड पूरा कर स्वर्ण पदक जीता और वह अपनी राज्य की ही पूर्वा गावड़े (1:10:25) से सिर्फ 13 सेकंड आगे रहीं।

कर्नाटक की आसरा आर- सुधीर (1:10:29) ने कांस्य पदक हासिल किया। इससे पहले दीक्षा ने बुधवार को 10 किलोमीटर रेस में पहला स्थान हासिल किया था। पुरुषों की रेस भी बेहद रोमांचक रही, जिसमें कर्नाटक के द्रुपद रामकृष्ण ने 1 घंटा 6 मिनट 46 सेकंड में फिनिश लाइन पार कर स्वर्ण पदक जीता। पेंचक सिलाट में गुरुवार को दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव और मणिपुर ने अपने सभी चार स्वर्ण पदक इसी खेल में जीते हैं। महाराष्ट्र, जो इस समय पदक तालिका में सबसे ऊपर है, ने ओपन वाटर स्विमिंग और पेंचक सिलाट दोनों में दो-दो स्वर्ण पदक जीते हैं। डीएनएचडीडी के प्रसन्ना नरेंद्र बेंद्रे ने भी अपना दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक पेंचक सिलाट में जीतकर खासा नाम कमाया है। नागालैंड ने भी आज दो स्वर्ण पदक जीते। जम्मू-कश्मीर के सजाद अहमद बैग ने ओडिशा के सोहिल गुरंग को सीनियर पुरुष श्रेणी सी (55-60 किग्रा) तांडिंग (कॉम्बैट) फाइनल में 9-0 से पराजित कर अपने प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक जीता। यह जम्मू-कश्मीर का पहला स्वर्ण पदक है।

## मुकेश कुमार पर 10 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगा

**मुंबई, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मुकेश कुमार को बुधवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल के आचार संहिता के अनुच्छेद 2-2 के तहत लेवल एक के उल्लंघन के लिए दोषी पाया गया। इसके लिए उन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया। यह मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण, कपड़ों, ग्राउंड उपकरण या फिटिंग्स के दुरुपयोग से संबंधित है। उन्होंने मैच रेफरी डैनियल मनोहर द्वारा लगाए गए दंड को स्वीकार कर लिया है।


## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, मगोती रोड, नारायणबगड़ (चमोली)
कारपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UR2001SGC025867, दूरभाष : 01363-255215

### विद्युत बाधित सूचना

विद्युत वितरण खण्ड नारायणबगड के अन्तर्गत सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है 132 के०वी० उपसंस्थान सिमली से निकलने वाली 33 के०वी० विद्युत लाईन पर नंगे तारों को कवड कन्डक्टर में बदलने तथा लौपिंग चौपिंग का कार्य किया जाना है जिसके कारण निम्न उपसंस्थानों से सम्बन्धित 33/11 के०वी० पोषकों की विद्युत आपूर्ति पूर्ण या आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

| दिनांक | समय | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान का नाम | इन समस्त 11 के0वी0 पोषकों की सप्लाई बन्द रहेगी। | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 23/05/2025 (शुक्रवार) 25/05/2025 (रविवार) | प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक | थराली | | थराली, बाजार, ग्वालदम, देवाल इत्यादि। |
| | | नारायणबगड़ | | नारायणबगड़ बाजार, केवर, रैंस, चौपता इत्यादि। |
| | | देवाल | | देवाल बाजार इत्यादि। |

अतः समस्त उपभोक्ताओं से निवेदन है कि इस कार्य हेतु अपनी वैकल्पिक व्यवस्था बनाये रखें एवं विद्युत विभाग को सहयोग करने की कृपा करें।

No. : 286/EE(CM)/UPCL/A-2, Dt. 22.05.2025
अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्रहित में बिजली बचायें, (टोल फ्री नं0 : 1912) बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
'विद्युत बिलों के 24x7 ऑन लाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/फैक्स नं0: 0135-2760911 पर दें)



## कार्यालय नगर पंचायत, सुल्तानपुर आदमपुर, जनपद-हरिद्वार।
ई-मेल - eonp.sultanpuradhampur@gmail.com

पत्रांक:- 93 /नं0प0सु0आ0/2025-26
दिनांक: 22/05/2025

### सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर जिला हरिद्वार क्षेत्रान्तर्गत वर्ष 2025-2027 हेतु विज्ञापन करने के लिये (होर्डिंग्स / यूनिपोल / विद्युत पोल) की नीलामी दिनांक 28.05.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर के कार्यालय में की जायेगी। उक्त नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक फर्म/ठेकेदार व्यक्ति 2000 रु शुल्क जमा कर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर हरिद्वार कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी/प्राप्त की जा सकती हैं। नीलामी की तिथि को अवकाश होने अथवा अन्य परिस्थितियों की दशा में नीलामी अगले किसी भी कार्य दिवस में की जायेगी। नीलामी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष, महोदय नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर हरिद्वार में निहित होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत, सुल्तानपुर आदमपुर, हरिद्वार।

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत, सुल्तानपुर आदमपुर, हरिद्वार।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद्, मसूरी।
दूरभाष नं0 :- 0135-2632251 फैक्स स० 0135-2632039
E-mail:-nppmussoorie@gmail.com

पत्रांक 568/E.O/ अधि0अधि० / 2025-26
दिनांक :-22/05/2025

### निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मसूरी के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु दिनांक 30/5/25 को सांय 3:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 29/5/ 25 को दोपहर 2:00 बजे तक निर्धारित शुल्क पर क्रय किये जा सकते है। निविदा के साथ 2 प्रतिशत अग्रिम धनराशि एफ०डी०आर०/सी0डी0आर0 जो कि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद मसूरी के नाम प्लेज्ड हो संलग्न करनी आवश्यक है। निविदा दिनांक 30/5/2भु को सांय 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। नगर पालिका परिषद मसूरी के पास किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त एंव स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

| क्र. स. | कार्य का नाम | अनुमानित आगणन धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र राशि जी०एस०टी० अतिरिक्त | कार्य पुर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड सं0 7 क्षेत्रान्तर्गत पीक व्यू के निकट स्थित नाले के पुस्ते का नवनिर्माण | 4,06,533.00 | 8200.00 | 500.00 | 1 माह | 1 माह |

नोट :- 1. निविदा प्रपत्र कय करने से पूर्व 2 प्रतिशत धरोहर राशि जमा करने पर ही निविदा जारी किये जायेगें।
2. व्यापार कर अतिरिक्त
3. काली सूची में दर्ज न होने का शपथ पत्र धनराशि रू0 10.00 का जनरल स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है।
4. धनराशि रु0 100-00 का स्टाम्प पेपर पर निविदा की वैधता हेतु रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर कर सलंग्न करना अनिवार्य होगा। 5. रेन वॉटर हारवेस्टिंग के कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

**अधिशासी अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद् मसूरी।**



**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०), नई टिहरी, टिहरी गढवाल।**

उत्तराधिकार प्रार्थना पत्र संख्या-
सन-2025
श्रीमती शकुन्तला देवी
**बनाम**
अमित कुमार व अन्य

**नोटिस बनाम**- आम व खास।

चूंकि श्रीमती शकुन्तला देवी द्वारा एक प्रार्थना पत्र अपने स्व० पति श्री दीपक लाल बिजल्वाण की मृत्यु दिनांक 16-05-2019 को स्थान-चमोलगांव, पट्टी-धमान्दस्यूं, जिला-टिहरी गढवाल में होने के कारण तथा स्व० श्री दीपक लाल बिजल्वाण के मुख्य शिक्षा अधिकारी उत्तरकाशी, उत्तराखण्ड में सामान्य भविष्य निधि में- 2,80,311.00 रुपये, अवकाश नगदीकरण- 7,28,000.00 रुपये, ग्रेच्युटी- 20,00,000.00 रुपये तथा जी०आई०एस० अनुमानित- 2,00,000. रुपये कुल योग- 31,08,311.00 रुपये धनराशि का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने हेतु निवेदन किया गया है जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक 10-06-2025 की तिथि नियत की गयी है। यदि किसी आम व खास को इस सम्बन्ध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो तो उक्त तिथि को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा इसके बाद की गयी आपत्ति समायत नहीं होगी और मामले में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 15-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

**आदेशानुसार**
**प्रबन्धक**
**सीनियर सिविल जज**
**टिहरी गढ़वाल**



**न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय टिहरी गढ़वाल, नई टिहरी।**

सिविल अपील सं०-04
सन-2025

**अपीलार्थीगण**-1. श्रीमती बनता देवी, उम्र-63 वर्ष पत्नी आशाराम। 2. दीपराम उम्र-40 वर्ष श्री आशाराम दोनों निवासी ग्राम व पोस्ट-आमणी, पट्टी व थाना-हिण्डोलाखाल, तहसील-देवप्रयाग, जिला-टिहरी गढ़वाल।

**बनाम**

**प्रतिवादीगण**-1. सरकार उत्तराखण्ड द्वारा कलक्टर महोदय टिहरी गढ़वाल।
2. समस्त रिश्तेदारान आम व खास द्वारा प्रधान ग्रामसभा ग्राम व पोस्ट-आमणी, पट्टी व थाना-हिण्डोलाखाल, तहसील-देवप्रयाग, जिला-टिहरी गढ़वाल।

आपको सूचित किया जाता है, अपीलार्थीगण के द्वारा उपरोक्त एक अपील परीक्षण सीनियर सिविल जज टिहरी गढ़वाल द्वारा मूल वाद सं०-19/2024 श्रीमती बनता देवी आदि बनाम उत्तराखण्ड सरकार आदि में पारित निर्णय दिनांक 22-02-2025 के विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत की है, जिसमें दिनांक 11-06-2025 की तिथि प्रतिवादीगण की आपत्ति हेतु नियत है, यदि आप आम व खास को अपीलार्थीगण की उक्त अपील पर कोई आपत्ति हो तो आप आम व खास उक्त नियत तिथि पर असालतन या वकालतन प्रातः 10:00 बजे उपस्थित आकर अपना ऐतराज प्रस्तुत कर देवें, आपके द्वारा ऐसा न किये जाने की दशा में उक्त अपील में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

आज दिनांक 17-05-2025 को न्यायालय की मुद्रा एवं हस्ताक्षरों से जारी।

**आदेशानुसार**
**प्रबन्धक**
**जिला न्यायाधीश**
**टिहरी गढ़वाल, नई टिहरी**

## जोरासी गांव में ड्रग्स इंस्पेक्टर-एएनटीएफ व पुलिस की मेडिकल स्टोर पर छापेमारी

# नशीली दवाइयों के जखीरे के साथ एक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** प्रतिबंधित नशीली दावों के खिलाफ ड्रग्स इंस्पेक्टर की लगातार छापामार कार्रवाई जारी है हरिद्वार औषधि निरीक्षक अनीता भारती लगातार मेडिकल स्टोरो व दवाई बनाने की कंपनियों में छापामार कार्रवाई कर रही है और बड़ी तादाद में नशीली दवाइयों का जखीरा भी अब तक बरामद किया जा चुका है। बृहस्पतिवार को भी मुखबिर की सूचना पर ड्रग्स इंस्पेक्टर अनीता भारती ने एएनटीएफ की टीम के साथ सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से जौरासी गांव में एक मेडिकल स्टोर पर छापामार कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दावों का जखीरा बरामद कर मेडिकल स्टोर स्वामी को गिरफ्तार किया है। जो बिना लाइसेंस अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार रुड़की सिविल लाइन्स कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जौरासी में मुखबिर की सूचना पर औषधि निरीक्षक अनीता भारती ने एफडीए, ए एन टी एफ और पुलिस टीम ने साथ मिलकर संयुक्त रूप से एक मेडिकल स्टोर पर छापामारी की गई जिसमे मौके पर भारी मात्रा में 4800 नारकोटिक्स कैप्सूल, 29 सिरप और अन्य नशीली दवाइयाँ बरामद हुई। मेडिकल स्वामी शाहरुख पुत्र मोहम्मद अनीस बिना लाइसेंस के अवैध रूप से मेडिकल संचालित कर रहा था। दवाइयाँ अवैध रूप से नशे के लिए बेची जा रहीं थीं। मेडिकल स्वामी द्वारा कोई बिल नहीं दिखाया गया। गहनता से जाँच करने पर ज्ञात हुआ कि बिना लाइसेंस के अवैध रूप से दुकान संचालित की जा रही है। मौके पर से टीम ने एक युवक को हिरासत में लिया। जिसने अपना नाम शाहरुख पुत्र मोहम्मद अनीस बताया और खुद को मेडिकल स्वामी होना



❖अवैध रूप से बिना लाइसेंस संचालित किया जा रहा था मेडिकल स्टोर

बताया। आपको बता दे कि हरिद्वार जिले में ड्रग विभाग की तरफ से लगातार मेडिकल स्टोरों का औचक निरिक्षण की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर रुडकी कोतवाली सिविल लाइन्स क्षेत्र के जौरासी गांव स्थित एक मेडिकल पर ड्रग विभाग और छ्व्ञ्ज्ल टीम पहुँची जहां पर टीम को भारी मात्रा में 4800 नारकोटिक्स कैप्सूल,29 सिरप व अन्य नारकोटिक्स दवाइयाँ बरामद हुई। जिसमें मौके पर से एक युवक को हिरासत में लिया गया जिसने पूछताछ की जा रही है। जिसने खुद को मेडिकल स्टोर का स्वामी बताया। वही आगे की कार्रवाई टीम छ्व्ञ्ज्ल, ड्रग विभाग और सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा की जा रही है। पकड़ा गया आरोपी...शाहरुख पुत्र मोहम्मद अनीस है। जिसकों पकडने वाली पुलिस टीम में एसई. चंद मोहन सिंह, कांस्टेबल प्रदीप भंडारी और कांस्टेबल अनूप लिंगवालड्रग विभाग टीम.. अनिता भारती, ड्रग इंस्पेक्टर हरिद्वार, मेघा, ड्रग इंस्पेक्टर हरिद्वारअमित कुमार आजाद, ड्रग इंस्पेक्टर रुद्रप्रयाग ऋषभ धामा ड्रग इंस्पेक्टर टिहरी गढ़वाल एएनटी एफ, टीम... रणजीत सिंह तोमर, हेड कॉस्टेबल सतेंद्र चौधरी आदि शामिल रहे।

# विवाहिता की तहरीर पर 11 के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र की एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति ससुर ननद सहित 11 लोगो के खिलाफ दहेज उत्पीड़न कर मारपीट गाली गलौज जानसे मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कलियर के मुकर्रबपुर निवासी महिला नूर फातिमा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले फरमान निवासी इब्राहिमपुर रुड़की के साथ हुई थी।शादी में उसके परिवार वालो ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया था। शादी के कुछ दिनों के बाद उसका पति और ससुराल वाले उसके साथ आए दिन मारपीट कर गाली गलौज करते रहते थे। वह सहन करती रही।इसी बीच उसने एक मरे हुए बच्चे को जन्म दिया।उसके बाद पति और ससुराल वाले मारपीट करते हुए घर से बाहर निकाल दिया था। वह अपने मायके में रह रही है। वह फोन पर अपने पति से ले जाने की बात करती है तो वह उसे जान से मारने व तीन तलाक देने की धमकी दे रहा है। महिला ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया पीड़ित महिला की तहरीर पर पति फरमान, ससुर अनवर एहसान मेहरबान, सुलेमान, समीर, कबरुननिशा, जुल्ला, आशिया, सीना, रुखसार, के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेस नेता सलीम खान की पार्किंग पर एचआरडीए ने लगाई सील

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** मलकपुर चुंगी पर संचालित एक पार्किंग को प्रशासन और हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण के द्वारा सील कर दिया गया। पार्किंग स्वामी द्वारा इसका विरोध करते हुए उत्पीड़न का आरोप लगाया गया।रुड़की में मलकपुर चुंगी के समीप कांग्रेस नेता सलीम खान की एक पार्किंग है जिसमें साईकिल और बाइक आदि पार्क किए जाते हैं। गुरुवार को प्रशासन और हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण की टीम पुलिस बल के साथ उक्त स्थान पर पहुंची और उक्त पार्किंग को सील करने की कारवाई शुरू कर दी। मौके पर पहुंचे कांग्रेस नेता सलीम खान ने इसका विरोध किया। लेकिन इसके बावजूद टीम उक्त पार्किंग को सील करके चली गई। मीडिया के पूछे जाने पर सील करने आई टीम सील करने का कारण नहीं बता पाई। वहीं इस संबंध में पार्किंग स्वामी सलीम खान का कहना है कि उनके द्वारा उक्त स्थान पर वर्तमान में कोई निर्माण नहीं किया जा रहा। उक्त भूमि को प्राधिकरण और प्रशासन के द्वारा नुजूल का बताया जाता रहा है लेकिन वह नुजूल मुक्त भूमि है और उनके पास न्यायालय के आदेश भी हैं। इस संबंध में एसडीएम लक्ष्मी चंद चौहान का कहना है कि हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण द्वारा कारवाई की गई है उनके द्वारा प्रशासन की टीम और पुलिस की मांग की थी इसलिए हमारी टीम वहां गई थी पार्किंग क्यों सील की गई इस बार में हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण बता पाएंगे।

# कलियर में युवक पर चाकुओं से हमला, गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।**कलियर में एक युवक पर युवकों ने चाकुओं से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर अफरा तफरी मच गयी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सैंटर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि घायल शाहबाज निवासी माहीग्रान बंदा रोड रंगाई पुताई का काम करता है देर रात वह किसी के फोन आने पर घर से निकला था। पुलिस को शक है कि किसी परिचित ने ही शहबाज पर हमला किया है पुलिस मामले की जांच कर रही है। वही परिजन भी हमले के बाद सदमे में हैं।

# बी.एस.एम कॉलेज में छात्रों को दी यातायात नियमों की जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** बी.एस.एम इंटर कॉलेज रुड़की में आज इंस्पेक्टर राजेंद्र नाथ के नेतृत्व में रुडकी की ट्रैफिक पुलिस की टीम द्वारा छात्रों को जागरूक करने के लिए एक ट्रैफिक अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें यातायात इंस्पेक्टर राजेंद्र नाथ द्वारा छात्रों को यातायात के नियमों की विस्तृत जानकारी दी गयी। इसी के क्रम में अग्निशमन विभाग से आये राजेश कुमार एवम मोहन सिंह नेगी ने आग से कैसे बचा सकते है इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बी.एस.एम शिक्षण संस्थान के प्रबंधक, पूर्व राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार, भा. ज.पा नेता मनोहरलाल शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नव युवाओं द्वारा यातायात के नियमों की अनदेखी किया जाना बड़ी-बड़ी घटनाओं को अंजाम देता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों का जागरूक होना अति आवश्यक है। यातायात विभाग एवं अग्निशमन विभाग द्वारा चलाए गए अवेयरनेस कार्यक्रम इन नौनिहालों में जागरूकता पैदा करेगा एवम वे भविष्य के लिए एक सुरक्षित समाज के निर्माण की भूमिका अदा करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने संबोधित करते हुए कहा कि यातायात पुलिस एवं अग्निशमन



विभाग द्वारा चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम एक सराहनीय कदम है। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र टीन एजर्स होते हैं ये जब सड़क पर निकलते हैं तो नियमों को ताक में रखकर वाहन चलाते हैं, और यही वजह दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण बनती है। उन्होंने विभाग द्वारा उठाए गए जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की। अग्निशमन विभाग से आए राजेश कुमार एवं मोहन सिंह नेगी द्वारा सीज फायर अग्निशमन यंत्र के बारे में बताया कि इनका प्रयोग कैसे किया जाता है इसका उदाहरण देकर बताया। यातायात इंस्पेक्टर राजेंद्र नाथ द्वारा छात्रों को ट्रैफिक लाइट, जेबरा क्रासिंग, ओवरटेक आदि के साथ - साथ अन्य कई जानकारियां साझा की। यातायात के नियमों की अनदेखी करने पर किस तरह की धाराओं के अंतर्गत दंड का प्रावधान है इसके बारे में भी उन्होंने विस्तृत जानकारी दी। यातायात पुलिस की टीम में कॉस्टेबल नवीन कुमार एवम जियाउर रहमान ने भी कार्यक्रम में छात्रों को जानकारी साझा की। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन डॉ. अभय डीडियाल ने किया। कार्यक्रम में अमित कपिल, अखिलेश मोहन शर्मा, डॉ. उदयन, डी. एन. पाण्डेय, मैनपाल, विनय कुमार वर्मा, नीरज कुमार वर्मा, विशेष कुमार, विकास गौतम, विशाल कुमार शर्मा संगीता गौड़ आदि मौजूद रहे।

# राजकीय इंटर कॉलेज में कक्षा 9 व 10 संचालित करने की मिली परमिशन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज को 9 व 10 की कक्षाएं संचालित करने की अनुमति मिल गई है। अनुमति मिलने से नगर क्षेत्र की बालिकाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी है।

मंगलौर में साल 2006 में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की स्थापना हुई थी। इस दौरान कॉलेज में कक्षा 11 व 12 के कक्षाएं संचालित करने की अनुमति मिली थी। तभी से कॉलेज प्रशासन व जन प्रतिनिधि कॉलेज में कक्षा 9वीं 10 वीं के संचालन करने के प्रयास में लगे हुए थे। बताया गया है की निदेशक माध्यमीक शिक्षा उत्तराखंड देहरादून ने राजकीय कन्या इंटर कॉलेज मंगलौर में कक्षा 9 व 10 की कक्षाएं संचालित करने की अनुमति दे दी है। मंगलौर विधायक काजी निजामुद्दीन ने बताया कि वह 2006 से ही कॉलेज में कक्षा 9 व 10 की कक्षाएं संचालित करने के प्रयास में लगे हुए थे उन्होंने बताया कि यह मंगलोर क्षेत्र वासियों के लिए बड़ी खुशी की बात है कि अब राजकीय कन्या इंटर कॉलेज मंगलौर में ही कक्षा 9 व 10 की कक्षाएं संचालित होगी और क्षेत्र के बालिकाओं को अब परेशान होने की जरूरत नहीं पड़ेगी उन्होंने कहीं की राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कस्बे के बीच में होने से बालिकाओं को जायदा दूर नहीं जाना पड़ेगा उन्होंने कहाँ की शिक्षा को लेकर जो भी बेहतर से बेहतर हो सके गा वो करेंगे उनका प्रयास मंगलौर को शिक्षित बनाना हैं वही समाज सेवी शहजाद एडवोकेट ने कहाँ की कॉलेज को हाइस्कूल की अनुमति मिलने से कस्बे बालिकाओं को लाभ मिलेगा इसके लिए उन्होंने मंगलौर विधायक का धन्यवाद भी किया।

# माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** आज माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों, समाजसेवियों, व्यापारी वर्ग और प्रजापति समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

जानकारी के अनुसार मुख्य अतिथि शोभाराम प्रजापति ने अपने संबोधन में क्षेत्रवासियों के प्रेम, विश्वास और सम्मान के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि माटी कला को आधुनिक बाजार से जोड़ना, युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और पारंपरिक शिल्पकारों को सम्मान दिलाना उनका प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने समाज के युवाओं से आत्मनिर्भर बनने और अपनी संस्कृति को जीवित रखने की अपील की।कार्यक्रम अध्यक्ष ईश्वर दयाल कंसल ने कहा कि शोभाराम प्रजापति का उत्तराखण्ड सरकार में माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष के रूप में मनोनयन समाज के पिछड़े वर्ग विशेषकर कुम्हार एवं कारीगर समुदाय के लिए प्रेरणाश्रोत है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रजापति के अनुभव एवं नेतृत्व में पारंपरिक हस्तशिल्प को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पंकज नंदा ने किया। कार्यक्रम संयोजक सुंदरलाल प्रजापति ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

# महिला के साथ अभद्रता व धमकाने पर छह के खिलाफ केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र की महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति दो महिलाओं सहित छ लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न कर मारपीट गाली गलौज जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पिरान कलियर के वार्ड चार निवासी महिला लुबना ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 30 नवंबर 2011 को मोहम्मद आलम निवासी मुस्तुफाबाद हाल निवासी कारगी चोक पटेल नगर देहरादून के साथ हुई थी।शादी में उसके परिवार ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया था। लेकिन शादी के बाद से ही उसका पति और ससुराल वाले दिए गए दहेज से खुश नही थे। दहेज में दो लाख रुपए की मांग करने लगें।शादी के कुछ दिन बाद ही दहेज की मांग पूरी नही करने पर पति और ससुराल वाले उसके साथ मारपीट कर उत्पीड़न करने लगे। विवाहिता के तीन बच्चे है। उसका पति व उसकी बहन ने उसके साथ मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। 30 मार्च 2025 को वह अपने बच्चों को लेकर ईद का त्योहार मनाने के लिए ससुराल आ गई।उसके पति ने फिर से मारपीट करते हुए उसे दहेज लाने को लेकर घर से निकाल दिया।एक अप्रैल को उसका पति अपने भाई भतीजे के साथ उसके मायके में घर आकर मारपीट कर फरार हो गए।महिला ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की।एसओ रविंद्र सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर पति मोहम्मद आलम , भाई नूर आलम, भतीजे आमिर, आरीफ निवासी मुस्तुफाबाद, ननद शाइस्ता ,शबाना निवासी कलियर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न कर मारपीट गाली गलौज जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुणे राइज व एससीईआरटी देहरादून के संयुक्त कार्यक्रम के तहत

# डायट में तीन दिवसीय विज्ञान गणित में इन्नोवेटिव कार्यशाला का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) रुड़की में विज्ञान गणित में नवाचार कार्यशाला का समापन आईसर पुणे से राइज व एससीईआरटी देहरादून के संयुक्त कार्यक्रम के अंतर्गत डायट रुड़की में तीन दिवसीय विज्ञान गणित में इन्नोवेटिव कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद से 42 शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभा किया।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम समन्वयक अनिल कुमार ने बताया कि दमच 2020 के अनुसार बच्चों को विज्ञान गणित में गतिविधि आधारित शिक्षण कराने के लिए शिक्षकों का इस प्रकार के इन्नोवेटिव प्रशिक्षण करने की आवश्यकता है जिससे बच्चों के अंदर गणित विज्ञान के प्रति रुचि हो और तार्किक क्षमता का विकास हो। डायट प्राचार्य कैलाश डंगवाल ने बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी के अंदर एक वैज्ञानिक है इसकी स्वतंत्र सोच को विकसित करने की आवश्यकता है उसकी ऊर्जा को एक सही दिशा देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में आयसर पुणे से पंकज यादव तथा जनपद हरिद्वार के इन्नोवेटिव चौंपियन शिल्पा त्यागी ममतेश धीमान राजकुमार और आदर्श वीर भारद्वाज ने प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विभिन्न रोचक गतिविधियां कराई जिसको सभी शिक्षकों ने बहुत ही मनोयोग से किया तथा इस कार्यशाला को सराहा। कार्यक्रम क्या उसके समापन के अवसर पर अकादमी की शोध एवं प्रशिक्षण देहरादून से डॉक्टर मोहन सिंह बिष्ट की उपस्थित रहे जिन्होंने शिक्षकों के अपने आशीर्वचन के रूप में शिक्षक को सदैव ऊर्जावान और इन्नोवेटिव रहने के लिए प्रेरित किया इस दौरान जिला विज्ञान समन्वयक रविंद्र चौहान तथा डायट फैकल्टी से राजीव आर्य, ज्ञानप्रकाश सिलस्वाल, शिप्रा राजपूत, डॉक्टर गरिमा, प्रेरणा बहुगुणा, जान आलम, रविंद्र ममगई आदि उपस्थित रहे।

# अवैध चाकू के साथ पुलिस ने एक व्यक्ति को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर के द्वारा जानकारी दी गई एसएसपी हरिद्वार द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर प्रभावित कार्रवाई करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था। उच्च अधिकारियों के आदेश पर पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर 21 मई 2025 को छापेमारी चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम अरशद उर्फ चुण्डी पुत्र गुलजार उम्र 24 वर्ष निवासी मोहम्मदपुर कुन्हारी थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में सुल्तानपुर पुलिस चौकी प्रभारी बीरेंद्र सिंह नेगी कांस्टेबल सतपाल राणा मदन वर्मा शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# मंगलौर में लगने वाले समर मेले को लेकर विवाद

**मंगलौर** मंगलौर में लगने वाला समर मेला उद्घाटन से पहले ही विवादों में आ गया है। गौरतलब हैं की मंगलौर के मोहल्ला लालबाड़ा में जहाँ 25 मई से एक समर मेले का आयोजन होना है जिसको लेकर मोहल्ला वासियों ने आरोप लगाया है कि गली से होकर मेले में जाने वाले लोग बाइकों से तेज गति से गुजरते है जिससे लेकर कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है इस गली में डिवाइडर लगने बहुत जरूरी है मोहल्ले के नफीस ने बताया की गली छोटी हैं और मेले की वजह कई बार हादसे भी हो चुके इसकी शिकायत मंगलौर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से की गई तो ईओ नौशाद हसीन ने बताया कि मेले की नगर पालिका से कोई परमिशन नही ली गई है और बिना परमिशन के मेला नहीं चलाया जा सकता।

# मंगलौर पुलिस ने चोरी के सामान सहित दो को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** कोतवाली पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी का सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया है।

कोतवाली प्रभारी शांति कुमार ने बताया कि 17 मई को पीड़ित अरविंद कुमार ने मोबाइल फोन कैमरा व कंप्यूटर से संबंधित अन्य उपकरण चोरी होने के संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था जीके बाद टीम का गठन किया गया पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मोहित कुमार पुत्र मुकेश पाल निवासी जबलपुर थाना पुरकाजी,साहिल उर्फ सुहेल पुत्र नसीम निवासी सुवाहेड़ी पुरकाजी को गिरफ्तार कर लिया जिनके पास से चोरी किया हुआ मोबाइल फोन और 920 रुपए की नगदी व अन्य सामान बरामद किया गया। दोनों आरोपियों का चालान करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया गया है। पुलिस टीम उप निरीक्षक वीरपाल, कांस्टेबल अरुण चमोली, कांस्टेबल विनोद, कांस्टेबल रविंद्र खत्री शामिल रहे।

## संबंध विच्छेद-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी शादी परिवार की सहमति से 18-02-2025 को अनुराग शर्मा पुत्र महेश चंद शर्मा नि. कुरडी, कोतवाली मंगलौर के साथ हुई थी। वह अपने पति वह उसके परिवार के साथ हंसी -खुशी से रह रही है लेकिन मेरी दादी राजवती पत्नी प्रदीप नि. रामपुरी साहब मुजफ्फरनगर उ.प्र. मुझे तंग व परेशान कर बहकाया कर रही है। इसलिए मैं अब अपनी दादी राजवती उपरोक्त व मायके वालों से संबंध विच्छेद कर रही हूं। अब मेरा मेरी दादी व मेरे मायके वालों से किसी भी तरह का कोई लेना-देना व संबंध नहीं है।
तानिया शर्मा पत्नी अनुराग शर्मा नि. कुरडी मंगलौर,जनपद हरिद्वार, उत्तराखंड।

# 1300 किमी साइकिल चलाकर लक्सर पहुंचे अंशु

**लक्सर।** उत्तर प्रदेश के कासगंज निवासी अंशु शर्मा ने खानपुर विधायक उमेश कुमार से मिलने के लिए करीब 1300 किलोमीटर का सफर साइकिल से तय किया। उनकी इस अथक यात्रा ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोरी।अंशु शर्मा अपनी यात्रा की शुरुआत में पहले खाटू श्याम पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे वापस अपने घर कासगंज लौटे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा

## मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप बत्रा व भाजपा नेता सुबोध राकेश हुए शामिल

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर भारतीय सेना के सम्मान में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा कस्बा भगवानपुर सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल से प्रारंभ होकर पूरे कस्बा में निकाली गई। तिरंगा यात्रा में रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा और भगवानपुर विधानसभा के लोकप्रिय नेता सुबोध राकेश और समस्त भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान भगवानपुर विधानसभा के लोकप्रिय नेता सुबोध राकेश ने कहा कि हम उन सभी सेना के वीर जवानों को जवानों की उनके साहस और हिम्मत की शरण करते हैं और जिस तरीके से वह देश की सेवा में लगे हुए हैं उनको हम सलाम करते हैं।



## सड़कों में दुर्घटनाग्रस्त चैंबर कार्य पर बैरीकेडिंग न होने पर

# सहायक अभियंता ने लगाई ठेकेदार को कड़ी फटकार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** प्रेम मंदिर सिविल लाइन में दुर्घटनाग्रस्त चौंबर जिसके द्वारा लगातार दुर्घटना हो रही थी दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए और ट्रैफिक पुलिस द्वारा दिए गए सुरक्षा उपायों के अनुपालन में उत्तराखंड जल संस्थान गंगा ने पुनर्निर्माण प्रारंभ करा दिया है जिसका सहायक अभियंता जुनैद गौड़ ने निरीक्षण किया इस अवसर पर सहायक अभियंता द्वारा ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई और सुरक्षा उपाय हेतु बैरीकेडिंग लगाने के निर्देश दिए गए

सहायक अभियंता जुनैद गौड़ ने कहा चौंबर पुनर्निर्माण कार्य में सुरक्षा उपाय सर्वोपरि है और सुरक्षा मानकों का दृष्टिगत रखते हुए ही कार्य किए जाएंगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी यदि भविष्य में ठेकेदार द्वारा पुनरावृत्ति की गई तो उसकी रिपोर्ट प्रेषित कर दी जाएगी ठेकेदार द्वारा तत्काल बैरिकेडिंग लगाकर सुरक्षा की व्यवस्था कर दी गई है जिस पर शहरवासियों ने सहायक अभियंता जुनैद गौड की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा जुनैद गौड़ द्वारा प्रत्येक साइट का स्वयं निरीक्षण किया जाता है जिससे नगर में सीवर व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार हुआ है इस अवसर पर आकाश जैन,



हनुमंत पांडे, चौधरी चरण दास कटप्पा, पूर्व पार्षद सुबोध चौधरी, रवि कुमार,राजन चांदनी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

शुक्रवार , 23 मई 2025

## भारत का कड़ा रुख

गुरुवार को भारत ने एक बार फिर अपने पुराने स्टैंड को दोहराया कि पाकिस्तान से कोई भी संपर्क द्विपक्षीय ही होगा और आतंकवाद से स्थायी रूप से नाता समाप्त किए जाने के बाद ही यह संपर्क हो सकता है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी नियमित प्रेस ब्रीफिंग में स्पष्ट रूप से कहा कि किसी को भी इस मुगालते में नहीं रहना चाहिए कि भारत अपने स्टैंड से जरा भी पीछे हटेगा। उन्होंने साफ किया कि बातचीत और आतंक एकसाथ नहीं चल सकते। पाकिस्तान के साथ तभी बातचीत संभव हो सकती है जब पाक भारत द्वारा सौंपी गई आतंकियों की सूची के अनुसार आतंकियों को भारत को सौंपे। जहां तक बात कश्मीर की है, जम्मू कश्मीर पर कोई बात नहीं होगी और जब कभी भी बात होगी तो कश्मीर के उस भाग पर होगी जिस पर जबरन तरीके से पाक ने कब्जा किया हुआ है। जल संधि पर भी उन्होंने भारत के नजरिये को उचित ठहराया। जल संधि को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस कथन को दोहराया जिसमें उन्होंने कहा कि जल्द और रक्त एकसाथ नहीं बह सकते। हालांकि गुरुवार को भी पीएम मोदी ने राजस्थान के बिकानेर जिले के दौरे पर सरकार के नजरिये को साफ किया और कहा कि पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा और न टाल्क। अगर बात होगी तो पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर यानि पीओके पर होगी। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान को भारत के हिस्से का पानी नहीं मिलेगा। दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प को नहीं गिरा सकती। जायसवाल ने तुर्कीय और चीन को भी नसीहत दी और कहा कि आतंकवाद के समर्थन में खड़ा होना पूरी मानवता के खिलाफ खड़ा होने जैसा है और इससे भारत के साथ उनके संबंधों को चोट पहुंचेगी। जायसवाल का कहना था कि भारत उम्मीद करता है कि तुर्की दृढ़ता से पाकिस्तान से सीमापार आतंकवाद के खिलाफ तुर्कीय समर्थन करने और दशकों से पनाहगाह रहे आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र के खिलाफ विश्वसनीय और सत्यापन योग्य कार्रवाई करने का आग्रह करेगा। उनके कहने का मतलब साफ था कि संबंध एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर बनाए जाते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत-पाक तनाव के बीच जिस तरह का आचरण तुर्कीए व चीन की तरफ से देखने में आया वह जरा भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता, बल्कि इससे साफ हो जाता है कि ये दोनों देश आतंकवाद को लेकर गंभीर नहीं हैं। आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं है। इसलिए इससे पार पाने के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। यह मसला केवल पक्ष विपक्ष में जाने का भी नहीं है, क्योंकि आतंकवाद से किसी का भला नहीं होने वाला। भारत ने जिस तरह पहलगाम में हुए नरसंहार को लेकर पाक पर स्ट्राइक की, जिसमें सौ से अधिक आतंकी मारे गए, बताता है कि भारत की लड़ाई केवल आतंकवाद से है। किसी देश या नागरिक से नहीं। भारत ने साफ भी किया कि सर्जिकल स्ट्राइक में पाक सेना या वहां के नागरिकों का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## उद्योग सीएसआर कोष को कृषि में लगाएं



उद्योग सीएसआर कोष को कृषि में लगाएं

विकसित भारत का मार्ग किसानों से होकर गुजरता है, अर्थव्यव्यस्था को विकसित बनाने के प्रयासों में किसानों की सहभागिता बढ़ाई जानी चाहिए, उद्योगों को अपने सीएसआर कोष को कृषि में लगाना चाहिए, इस कोष का प्रयोग कृषि संबंधी अनुसंधान में किया जाना चाहिए और किसानों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए, किसान की सहभागिता स्थापित करनी चाहिए, उनका जो फंड होता है, सीएसआर फंड वो ग्रामीण विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों में लगना चाहिए तभी जाकर बड़ा बदलाव आएगा, विकसित भारत बनने का रास्ता किसान के खेत और गांव से निकलता है।

**-जगदीप धनखड़**
**उपराष्ट्रपति**

# भविष्य की महामारियों से निबटने के लिए WHO एक ऐतिहासिक समझौते की ओर

वर्तमान समय में जब पूरी दुनिया कोविड-19 जैसी भयावह महामारी से उबरने की प्रक्रिया में है, तब विश्व स्वास्थ्य संगठन की यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है कि भविष्य में ऐसी किसी भी वैश्विक स्वास्थ्य आपदा से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। WHO अब एक ऐतिहासिक वैश्विक समझौते की दिशा में अग्रसर है जिसका उद्देश्य है एक ऐसी स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण करना जो न केवल प्रतिक्रियात्मक हो, बल्कि पहले से तैयार, लचीली और समन्वित भी हो।

### महामारी से सीख

कोविड-19 महामारी ने वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली की खामियों को उजागर कर दिया। असमान स्वास्थ्य सुविधाएं, सीमित संसाधन, दवाओं और टीकों का असमान वितरण और सूचनाओं के आदान-प्रदान की धीमी प्रक्रिया ने साबित किया कि एक देश की कमजोरी पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकती है। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की कमी और चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति श्रंखला में बाधाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि अगर समय रहते प्रभावी वैश्विक रणनीति नहीं बनाई गई, तो भविष्य की महामारियां और भी विनाशकारी सिद्ध हो सकती हैं।

### डब्ल्यूएचओ की भूमिका

विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना 1948 में हुई थी और तब से लेकर अब तक यह संगठन विश्व स्तर पर स्वास्थ्य संकटों से निपटने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान भले ही WHO को कुछ आलोचनाओं का सामना करना पड़ा हो, परंतु उसने विज्ञान आधारित मार्गदर्शन, टीकाकरण की पहल और वैश्विक समन्वय की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया।

अब WHO का लक्ष्य केवल संकट का प्रबंधन करना नहीं, बल्कि उससे पहले की तैयारी सुनिश्चित करना है। इसी सोच के तहत महामारी संधि Pandemic Accord का विचार सामने आया है।

### ऐतिहासिक पहल-महामारी संधि

2021 में, WHO की सदस्य देशों ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया। एक ऐसी वैश्विक संधि की शुरुआत करना जिसका उद्देश्य भविष्य की महामारियों के लिए एक साझा रणनीति, पारदर्शिता और संसाधनों के समान वितरण को सुनिश्चित करना है। इस संधि को आधिकारिक रूप से Pandemic Prevention Preparedness and Response Accord कहा जा रहा है।

इस संधि के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं

**प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना**

नई और उभरती बीमारियों की जानकारी तुरंत साझा करना ताकि जल्द से जल्द कार्रवाई की जा सके।

**अनुसंधान और नवाचार में सहयोग**

टीके, दवाएं, और निदान तकनीकों के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना।

**समानता आधारित वितरण प्रणाली**

महामारी के समय आवश्यक संसाधनों का सभी देशों तक न्यायपूर्ण वितरण सुनिश्चित करना, विशेषकर विकासशील देशों के लिए।

**स्वास्थ्य संरचना को सशक्त बनाना**

वैश्विक स्तर पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता और बुनियादी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता देना।

**प्राकृतिक और मानव निर्मित जोखिमों की निगरानी**

जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों (जूनोटिक रोग) की निगरानी करना और उन पर समय रहते नियंत्रण पाना।

### वैश्विक प्रतिक्रिया और भागीदारी

इस संधि को लेकर अधिकांश देशों ने सकारात्मक रुख अपनाया है, विशेष रूप से यूरोपीय संघ, अफ्रीका के कई राष्ट्र और भारत जैसे विकासशील देश। हालांकि कुछ विकसित देशों ने संप्रभुता के मुद्दे पर चिंता जताई है कि एक वैश्विक समझौते से उनकी स्वतंत्र निर्णय लेने की शक्ति सीमित हो सकती है। इसके बावजूद, इस विचार को व्यापक समर्थन मिल रहा है कि यदि दुनिया को भविष्य में एकजुट रहना है, तो साझा दिशा और प्रतिबद्धता अनिवार्य है।

### भारत की भूमिका

भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान वैक्सीन मैत्री पहल के अंतर्गत 100 से अधिक देशों को टीके भेजकर वैश्विक स्वास्थ्य कूटनीति में अपनी सक्रिय भूमिका को दर्शाया। भारत की मजबूत दवा उद्योग, बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्र और स्वास्थ्य सेवाओं की विशेषज्ञता ने उसे एक अग्रणी खिलाड़ी बना दिया है। WHO के नए समझौते में भारत जैसे देशों से अपेक्षा की जा रही है कि वे नवाचार, अनुसंधान और उत्पादन की क्षमता का उपयोग कर वैश्विक स्तर पर महामारी की तैयारी में नेतृत्व करें।

### चुनौतियां: सिद्धांत व व्यवहार में अंतर

हालांकि यह संधि बेहद आवश्यक और उपयोगी है, परंतु इसके क्रियान्वयन में कई चुनौतियां सामने आ सकती हैं-




राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमीरू कई देशों के लिए अपने राष्ट्रीय हितों को वैश्विक समझौते के तहत सीमित करना कठिन हो सकता है।

**वित्तीय प्रतिबद्धता**- महामारी की तैयारी के लिए भारी निवेश की आवश्यकता होगी, जिसे सभी देश वहन नहीं कर पाएंगे।

**डेटा की पारदर्शिता**- कुछ देश महामारी संबंधी जानकारी साझा करने में हिचकिचाते हैं, जिससे प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली कमजोर पड़ सकती है।

**नैतिक और कानूनी सवाल**- किस हद तक WHO को हस्तक्षेप का अधिकार होगा, और क्या कोई वैश्विक संस्था संप्रभु राष्ट्रों को बाध्य कर सकती है?

**समाधान की दिशा में पहल**- इन चुनौतियों के बावजूद, अगर कुछ प्रमुख कदम उठाए जाएं, तो महामारी संधि को प्रभावी बनाया जा सकता है। समझौते के नियमों को पारदर्शी बनाना और देश-विशेष की कानूनी संरचना में इसे शामिल करना। विकासशील देशों को तकनीकी और आर्थिक सहायता प्रदान करना ताकि वे महामारी की स्थिति में आत्मनिर्भर हो सकें। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ाना। महामारी से संबंधित जानकारी आम जन तक पहुंचाना और स्वास्थ्य शिक्षा को स्कूली पाठ्क्रमों में शामिल करना।

WHO का यह प्रयास कि सभी देश एक साझा स्वास्थ्य दृष्टिकोण को अपनाएं, न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उपयुक्त है, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी आवश्यक है। कोविड-19 जैसी आपदाएं यह सिखा चुकी हैं कि वायरस सीमाओं का सम्मान नहीं करते। ऐसे में एक वैश्विक, समन्वित और न्यायपूर्ण रणनीति ही एक सुरक्षित भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

भारत जैसे देश, जो जनसंख्या, संसाधन और विज्ञान के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, इस समझौते में एक निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। WHO द्वारा प्रस्तावित महामारी संधि एक ऐतिहासिक कदम है। एक ऐसा दस्तावेज जो आने वाले समय में लाखों जीवनों की रक्षा कर सकता है। अब यह हम सब पर निर्भर करता है कि हम इस ऐतिहासिक अवसर का लाभ कैसे उठाते हैं, क्या हम फिर एक संकट का इंतजार करेंगे या अब से तैयारी शुरू करेंगे?

**चुनौतियों के बावजूद, अगर कुछ प्रमुख कदम उठाए जाएं, तो महामारी संधि को प्रभावी बनाया जा सकता है। समझौते के नियमों को पारदर्शी बनाना और देश-विशेष की कानूनी संरचना में इसे शामिल करना। विकासशील देशों को तकनीकी और आर्थिक सहायता प्रदान करना ताकि वे महामारी की स्थिति में आत्मनिर्भर हो सकें।**

# हंसना, रोना, ब्रेकअप के बाद क्या किया आपने

ब्रेकअप के बाद आप कैसे रिएक्ट करते हैं? मैं हंसी, जैसे मेरे अंदर कुछ ऐसा था जो यह मानने से इन्कार कर रहा था कि अभी क्या हुआ था। फिर मैं रोई, उस तरह का रोना जो आपके सीने में दर्द पैदा कर दे और आपके विचार बिखर जाएं।

उसके बाद, मुझे ईमानदारी से याद नहीं है। अब सब कुछ धुंधला है, एक दूर का दर्द जो कभी दुनिया के अंत जैसा लगता था। ब्रेकअप गड़बड़, अप्रत्याशित और बेहद निजी होते हैं और जबकि दुख अक्सर केंद्र में होता है, यह एकमात्र भावना नहीं है जिसे लोग अनुभव करते हैं। सच्चाई यह है कि हर कोई अलग-अलग तरीके से शोक मनाता है-कुछ लोग टूट जाते हैं, कुछ फट जाते हैं और कुछ चुपचाप उसके बाद बह जाते हैं।

वास्तव में, अधिकांश लोग तीन प्रमुख भावनात्मक प्रतिक्रिया पैटर्न में से एक में आते हैं। आइए उन्हें एक्सप्लोर करें, हो सकता है कि आप इनमें से किसी एक कहानी में खुद को थोड़ा सा देख पाएं।



इवोल्यूशनरी साइकोलॉजी में प्रकाशित एक नए अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने भावनात्मक पैटर्न की पहचान करने और उन्हें विशिष्ट श्रेणियों में वर्गीकृत करने के लिए लगभग 661 वयस्कों की जांच की। अध्ययन में प्रतिभागियों से पूछा गया कि अगर उनके साथी उनसे अलग हो गए तो वे कैसे व्यवहार करेंगे। परिणामों से पता चला कि अधिकांश लोगों ने उदास महसूस करने, कारण पूछने और ध्यान भटकाने वाली गतिविधियों में शामिल होने की कोशिश करने की बात कही। शोधकर्ताओं ने विभिन्न प्रतिक्रियाओं के आधार पर 13 प्रमुख श्रेणियों की पहचान की, जिनमें उदासी और उत्तर चाहने से लेकर खुद को नुकसान पहुंचाने की धमकी या बदला लेने की कोशिश जैसी तीव्र प्रतिक्रियाएं शामिल थीं। एक अध्ययन में पाया गया कि जब लोग अपने साथी से अलग होते हैं, तो उनकी प्रतिक्रियाएं तीन मुख्य प्रकार की होती हैं-

**1. स्वीकृति और आगे बढ़ना**

कुछ लोग ब्रेकअप को स्वीकार कर लेते हैं और आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं। वे अपने जीवन में व्यस्त रहते हैं और खुद को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

**2. उदासी और अवसाद**

कुछ लोग ब्रेकअप के बाद उदास महसूस करते हैं और रोते हैं। वे अपने दुख को व्यक्त करने के लिए चिकित्सा की तलाश भी कर सकते हैं।

**3. आक्रामकता और विनाशकारी व्यवहार**

कुछ लोग ब्रेकअप के बाद क्रोधित हो जाते हैं और बदला लेने की कोशिश कर सकते हैं। वे अपने गुस्से को व्यक्त करने के लिए भावनात्मक विस्फोट भी कर सकते हैं।

## आकर्षण का खेल, पुरुष और महिला एक-दूसरे में क्या पसंद करते हैं

हम किसी के आकर्षण को कैसे आंकते हैं? एक हालिया अध्ययन में आई-ट्रैकिंग तकनीक का उपयोग करके पता लगाया गया कि चेहरे के कौन से हिस्से हमारा ध्यान सबसे अधिक आकर्षित करते हैं। अध्ययन के अनुसार, पुरुष महिलाओं के मुंह पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि महिलाएं पुरुषों की आंखों और बालों पर अधिक ध्यान देती हैं। यह लिंग के आधार पर हमारे आकर्षण के मानकों को दर्शाता है। चेहरे की आकर्षकता को समझने के लिए मेयो क्लिनिक के शोधकर्ताओं ने एक अनोखा अध्ययन किया। उन्होंने देखा कि लोग चेहरे के आकर्षण का आकलन कैसे करते हैं और कौन सी विशेषताएं उन्हें आकर्षक लगती हैं। इस अध्ययन में आई-ट्रैकिंग तकनीक का उपयोग करके 154 वयस्कों की नजरों का विश्लेषण किया गया, जिन्हें 40 विविध चेहरों की तस्वीरें दिखाई गईं। यह अध्ययन चेहरे की आकर्षकता के बारे में नई जानकारी प्रदान करता है।

**पुरुषों और महिलाओं की पसंद में क्या अंतर है?**

एक अध्ययन में प्रतिभागियों को तीन समूहों में बांटा गया था, आकर्षण का मूल्यांकन करने वाले, कॉस्मेटिक सर्जरी के संकेतों की खोज करने वाले और बिना किसी विशिष्ट कार्य के चेहरों को देखने वाले। प्रतिभागियों ने 10 सेकंड के लिए चेहरों को देखा, और उनकी नजरों का विश्लेषण किया गया। परिणामों से पता चला कि सभी समूहों ने चेहरे के केंद्रीय त्रिभुज पर ध्यान केंद्रित किया, लेकिन आकर्षण का मूल्यांकन करने वालों ने मुंह, नाक और गालों पर अधिक समय बिताया। एक अध्ययन में पाया गया कि आकर्षक माने जाने वाले चेहरे केंद्रीय त्रिभुज, मुंह और बालों पर अधिक समय तक देखते हैं, जबकि माथे और गर्दन पर अधिक ध्यान कम आकर्षक रेटिंग से जुड़ा है।

# कैरियर का अभिन्न हिस्सा है खुद को पेश करने की कला

ज्ञान के साथ-साथ खुद को पेश करने की कला यानी सेल्फ प्रेजेंटेशन भी सफल कैरियर का अभिन्न हिस्सा बन गया है। समय-समय पर हुए सर्वेक्षणों के आंकड़े भी इस ओर इशारा करते हैं कि बेहतर नौकरी पाने के लिए तकनीकी कुशलता का महज 15 फीसदी योगदान होता है जबकि बचा हुआ 85 फीसदी सामाजिक और व्यावसायिक सलीके से होता है। यही वजह है कि हमें डिग्रियों या तकनीकी कुशलता के साथ ही व्यावहारिक ज्ञान पर विशेषतौर पर फोकस करना चाहिए। इसके अलावा खुद को पेश करने की उस कला में भी पारंगत होना होगा।

### व्यक्तित्व का करें विकास

यूं तो आज बाजार में बेहतर से बेहतर अवसरों के विकल्प मौजूद हैं। नौकरी पाने वालों के लिए भी और नौकरी देने वालों के लिए भी। शायद नौकरी देने वालों के लिए विकल्प बड़ी तादाद में उपलब्ध हैं और नौकरी करने वालों के सामने विकल्प संघर्ष का विषय है। सवाल है ऐसे में क्या किया जाए? यहां भी जवाब है कि खुद को पेश करने की कला में स्मार्ट हुआ जाए। ताकि हम पहली ही मुलाकात में अपने व्यक्तित्व के मामले में आकर्षक और अपनी ओर ध्यान खींचने वाले साबित हो सकें। नौकरी हासिल करने के संघर्ष के दौरान अपने गुड लुकिंग, स्मार्ट और ऊर्जावान होने के साथ-साथ हम शिष्टाचार, मेकअप व लीडरशिप को भी शामिल करें।

### खुद में विकसित करें गुणों को

जब तक हम ज्ञान और जरूरी जानकारियां हासिल नहीं कर लेते तब तक लीडरशिप नहीं निभा सकते। आत्मविश्वास तभी आता है, जब हम ज्ञान से लबरेज हों। भविष्य बनाने के लिए जानना बहुत जरूरी है कि स्कूल, समाज, पार्टी और फिर व्यावसायिक व्यवस्था में कैसे व्यवहार करना चाहिए? आत्मविश्वास, शिष्टाचार,सज्जा-शृंगार, टेबल मैनर्स, बॉडी लैंग्वेज में सुधार, बातचीत का सलीका, उच्चारण का प्रशिक्षण, क्रोध प्रबंधन, साथियों का दबाव, स्ट्रेस मैनेजमेंट, डाइनिंग एटिकेट्स, सोशल मैनर्स, आत्मसम्मान में वृद्धि, भावनात्मक जागरूकता आदि कुछ ऐसे विषय हैं जो आज की दुनिया में काफी महत्वपूर्ण हैं। व्यक्तित्व आपके लिए कई दरवाजे खोल देता है।



### खुद का मूल्यांकन, फिर पहल

खुद को पेश करने की कला में पारंगत होने के लिए सबसे पहले जानें कि कमी कहां है? क्या अभी अपने कैरियर के लिए तड़का लगाना बाकी है? सामान्यत: लोग अकसर अपनी शुरुआत से संतुष्ट नहीं होते। दरअसल, उनके दिमाग में सवाल कौंधता है कि कहीं लोग उनका मजाक तो नहीं उड़ाएंगे?

### आत्मविश्वास की डगर

अगर आप सफलता के लिए प्रयासरत हैं तो शुरुआती दिनों में आपके आइडियाज पर लोग हंसेंगे, उनका मजाक बनाएंगे, नकार देंगे। इसका मतलब यह नहीं है कि आप असफल हैं। असल में आपमें वो काबिलियत है, जिसे लोग उभरने नहीं देना चाहते। लोग आपके आइडिया पर हंस रहे हैं तो उसे अमल. ीजामा पहना दें।

### खुद की मार्केटिंग

कहते हैं कि आजकल पैसा कमाना सबसे आसान है। वहीं ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो यह कहते हैं कि अब पैसा कमाने सबसे मुश्किल है। दोनों ही बातें सही हैं। अगर आप खुद को प्रेजेंट नहीं कर सकते तो जाहिर है आप पैसा नहीं कमा सकते। दरअसल खुद को मार्केट करना सबसे जरूरी है।

### व्यक्तित्व का करें विकास

माना जाता है जो प्रोडक्ट विज्ञापन की दुनिया से बाहर हो जाता है, उसकी बिक्री में खासी कमी आ जाती है। ठीक यही रूल अपने सफल जीवन के लिए भी अहम है। खुद को पेश करना एक कला है। इस कला में पारंगत होना बहुत जरूरी है। लेकिन इसके लिए यह न सोचें कि फर्स्ट इम्प्रेशन इज लास्ट इम्प्रेशन इस तरह के नियमों पर विश्वास न करें। बाजार में ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो धीरे-धीरे दूसरों के सामने अपनी परत-दर-परत खोलते हैं। बहरहाल असली मुद्दा यह है कि आप खुद को जैसे पेश करेंगे, वैसी ही सफलता आपकी राह ताक रही होगी। खुद को पेश करना सीख गए तो समझें कैरियर में गर्मागर्म तड़का लग चुका है।

## गोंद कतीरा से बनाएं यह टेस्टी ड्रिंक, गर्मियों में रहेंगे कूल



गर्मियों के मौसम में गोंद कतीरा का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। तेज और चिल्ल. चलाती धूप और लू से यह हमारा बचाव करती है। इसमें मौजूद नेचुरल कूलिंग प्रॉपर्टीज हमारे शरीर का तापमान बैलेंस में रखता है। इस मौसम में गोंद कतीरा खाने से पाचन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं और शरीर को भी एनर्जी मिलती है। वहीं गर्मियों में यह डिहाइड्रेशन से भी बचाव करता है। इसकी तासीर ठंडी होती है और गर्मियों में इसका सेवन रामबाण माना जाता है। साथ ही यह हड्डियों को मजबूत बनाने में भी सहयता करता है। ऐसे में समर सीजन में आप खुद को सेहतमंद रखता चाहते हैं, तो आपको गोंद कतीरे का सेवन करना चाहिए। आप गोंद कतीरा स्मूदी, ड्रिंक्स और अन्य कई डिशेज में मिक्स कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गोंद कतीरा से बनने वाली टेस्टी ड्रिंक्स की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। आपको गर्मियों के मौसम में एक बार इस ड्रिंक को जरूर ट्राई करना चाहिए।

**पुदीना-नींबू शिकंजी गोंद कतीरा शिकंजी रेसिपी**

इस रेसिपी को बनाने के लिए एक बर्तन में गोंद कतीरा को भिगो दें। अब एक मिक्सर जार में नींबू, पुदीना, काला नमक, जीरा और चीनी डालकर पीस लें। फिर इस पेस्ट को एक बर्तन में निकाल लें। एक गिलास में भीगा हुआ गोंद कतीरा डालें और फिर यह पेस्ट डालें। इसके बाद ऊपर से ठंडा पानी और जलजीरा डालकर मिक्स करें। बर्फ के टुकड़े ऊपर से डालकर सर्व करें।

# अमेरिका में दो इजरायली दूतावास कर्मचारियों की हत्या

## यहूदी म्यूजियम के बाहर फ्री फलस्तीन का नारा लगाकर गोली मारी, दोनों मृतक शादी करने वाले थे

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना बुधवार रात करीब 9 बजकर 5 मिनट (भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 6 बजकर 35 मिनट) पर यहूदी म्यूजियम के बाहर हुई। टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक अपराधी ने 'फ्री फलस्तीन' का नारा लगाकर दोनों को नजदीक से गोली मारी है। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं।

घटना के वक्त दोनों कर्मचारी कैपिटल यहूदी म्यूजियम से बाहर निकल रहे थे। इजरायली दूतावास ने प्रवक्ता ने कहा कि दोनों ने हाल ही में सगाई की थी और जल्द ही शादी करने वाले थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान एलियास राड्रिगेज के रूप में हुई है। उसकी उम्र 30 साल है। वह शिकागो का रहने वाला है। गिरफ्तारी के दौरान वह फलस्तीन को आजाद करने के नारे लगा रहा था। हमले में यारोन लिस्चिन्स्की और उनकी प्रेमिका साराह मिल्ग्रिम की मौत हो गई है। पुलिस प्रमुख पामेला स्मिथ ने कहा कि गोलीबारी से पहले एक संदिग्ध को म्यूजियम के बाहर घूमते हुए देखा गया था। उसने बाहर




**मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल है**

निकलते चार लोगों के एक ग्रुप पर गोलियां चलाईं, जिसमें एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई। घटना शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई, जहां कई म्यूजियम, सरकारी दफ्तर और एफबीआई का आफिस भी मौजूद है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यह टारगेट किलिंग जैसी घटना है। फिलहाल घटना की जांच चल रही है और जल्द ही और जानकारी साझा की जाएगी। एफबीआई की ज्वाइंट टेररिज्म टास्कफोर्स इस घटना की जांच में जुट गई है।

## बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त करने के लिए शर्तें रखी



**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त करने के लिए प्रमुख शर्तें रखीं, जिनमें सभी बंधकों की रिहाई, एन्क्लेव का विसैन्ईकरण और फलस्तीनी आंदोलन हमास के नेतृत्व को वहां से बाहर निकालना शामिल है। नेतन्याहू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैं स्पष्ट शर्तों पर युद्ध समाप्त करने के लिए तैयार हूं, जो इजरायल की सुरक्षा की गारंटी देंगी, सभी बंधक घर लौट आएंगे, हमास अपने हथियार डाल देगा, सत्ता छोड़ देगा और उसके नेतृत्व को पट्टी से बाहर निकाल दिया जाएगा। गाजा पूरी तरह से विसैन्यीकृत रहेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना को लागू करना भी जरूरी है, जिसे उन्होंने बहुत 'सही और क्रांतिकारी' बताया। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि इसमें एक साधारण बात कही गई है, गाजा के निवासी जो छोड़ना चाहते हैं, वे जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि सभी देश जो इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए इजरायल से शत्रुता समाप्त करने का आह्वान कर रहे हैं, वास्तव में, हमास को गाजा पट्टी में सत्ता बनाए रखने की वकालत कर रहे हैं। इजरायल ने पिछले सप्ताह गाजा पट्टी में 'ऑपरेशन गिदोन' के रथ के हिस्से के रूप में एक नया हमला शुरू किया, जिसके बारे में उसका दावा है कि यह अंतत: हमास को धूल चटा देगा। कतर में मध्यस्थता वार्ता के समानांतर हो रही है, जिसमें युद्धविराम और इजरायली बंधकों को रिहा करने का समझौता शामिल है।

## माइक्रोसॉफ्ट पर इंटरनल मेल से फलस्तीन-गाजा शब्द हटाने का आरोप

### सत्य नडेला की स्पीच में फ्री फलस्तीन के नारे लगे

**मुंबई।** अमेरिकी कंपनी माइक्रोसाफ्ट पर आरोप लगा है कि उसने कर्मचारियों की इंटरनल मेल में 'फलस्तीन', 'गाजा' और 'नरसंहार' जैसे शब्दों को हटाना करना शुरू कर दिया है। यह कदम तब उठाया गया, जब कंपनी के एक इंजीनियर ने सोमवार को सीईओ सत्या नडेला की स्पीच के दौरान फ्री फलस्तीन के नारे लगाए।

माइक्रोसाफ्ट के एक इंजीनियर ने मेल शेयर करते हुए कंपनी पर नरसंहार जैसे शब्द फिल्टर करने का आरोप लगाया है। दरअसल, कंपनी के कुछ कर्मचारी इजरायली सेना को एआई टेक्नोलाजी बेचने का विरोध कर रहे हैं। उनका आरोप है कि इजरायली सेना टेक्नोलाजी का उपयोग गाजा में नरसंहार के लिए कर रही है। माइक्रोसाफ्ट बिल्ड कान्फ्रेंस 2025 के तीसरे दिन भारतीय मूल की वान्या अग्रवाल ने

**इससे पहले वान्या ने माइक्रोसॉफ्ट के 50वें स्थापना दिवस के इवेंट में विरोध किया था**




कंपनी के एआई सुरक्षा प्रमुख नेता हैबी के सेशन को बीच में रोककर इजरायल सरकार के साथ क्लाउड समझौतों के खिलाफ नारेबाजी की। वान्या और उनकी साथी होस्साम ने हैबी के सेशन को डिस्टर्ब करते हुए कहा कि 'माइक्रोसाफ्ट, खून के पैसे नहीं चलेंगे'। इससे पहले वान्या ने माइक्रोसाफ्ट के 50वें स्थापना दिवस के इवेंट में विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि माइक्रोसाफ्ट की इजरायली सरकार और सेना को दी जा रही एआई-क्लाउड सेवाएं गाजा में युद्ध अपराधों में इस्तेमाल हो रही हैं। वान्या ने बीबीसी को इंटरव्यू में कहा था, टेक कंपनियां मानवाधिकारों से आंखें नहीं मूंद सकतीं। इससे पहले वान्या ने माइक्रोसाफ्ट के 50वें स्थापना दिवस के इवेंट में विरोध प्रदर्शन किया था। सीईओ सत्या नडेला, बिल गेट्स और स्टीव वाल्मर के सेशन में कहा था कि माइक्रोसाफ्ट इजरायल को एआई हथियार बेच रही है, इससे 50,000 लोग मारे जा चुके हैं।

## पाक, ईरान से 3300 से अधिक अफगान परिवार स्वदेश लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान के पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान से पिछले सप्ताह 3119 अफगान परिवार स्वदेश लौटे है, जिनमें कुल 18640 सदस्य हैं।

अफगानिस्तान के उच्चायोग ने यह जानकारी है। उन्होंने कहा कि शरणार्थी पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम सीमा क्रॉसिंग, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा क्रॉसिंग, पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला सीमा क्रॉसिंग, पश्चिमी निमरोज प्रांत में अबरीशाम सीमा क्रॉसिंग और दक्षिणी हेलमंद प्रांत में बहरामचा सीमा क्रॉसिंग पॉइंट के माध्यम से स्वदेश लौटे हैं। उच्चायोग लौटने वालों के लिए उनके संबंधित प्रांतों में अस्थाई आश्रय, पोषण, पानी, चिकित्सा देखभाल और परिवहन सेवाएं प्रदान करता है।



नई दिल्ली। बुधवार को तेज हवाओं और बारिश के कारण उखड़े पेड़ के नीचे दबे वाहन।


## स्कूल बस हमले के जिम्मेदार को सजा दिलाएंगे: शहबाज

### भारत पर हमले में शामिल होने का आरोप लगाया, दिल्ली बोला: ध्यान भटकाने की कोशिश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार इलाके में मंगलवार को एक स्कूल बस को निशाना बनाकर विस्फोट किया गया। इस धमाके में तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ये स्कूल बस करीब 40 छात्रों को लेकर स्कूल जा रही थी, जब रास्ते में जीरो प्वाइंट के पास धमाका हो गया। घायल बच्चों को क्वेटा के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया, जिनमें से कई की हालत गंभीर है।

हमले के बाद पीएम शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर खुद क्वेटा पहुंचे और उन्होंने कहा कि इस हमले के जिम्मेदार लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने इस हमले के पीछे 'फितना अल हिंदुस्तान' को जिम्मेदार बताया। उन्होंने दावा किया कि यह भारत समर्थित आतंकी

**भारत और पाकिस्तान के बीच यूएई या सऊदी अरब में शांति वार्ता हो सकती है। इसमें अमेरिका मध्यस्थ का रोल निभाएगा, उन्होंने एक बार फिर से दावा किया: पाकिस्तान ने सीजफायर की मांग नहीं की थी: शहबाज**



ग्रुप है। भारत ने पीएम शहबाज के आरोप का खंडन किया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि पाकिस्तान के आरा.ेप पूरी तरह से बेबुनियाद है। आतंकवाद से ध्यान भटकाने की ये पाकिस्तान की एक और रणनीति है। पाकिस्तान की यह आदत बन चुकी है कि वह अपनी आतंकवाद समर्थक छवि और आंतरिक विफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए हर बार भारत पर आरोप मढ़ता है। बलूचिस्तान के खुजदार में बच्चों को ले जा रही बस पर बुधवार को आत्मघाती हमला हुआ था। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ बुधवार को इस्लामाबाद में मीडिया से कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच यूएई या सऊदी अरब में शांति वार्ता हो सकती है। इसमें अमेरिका मध्यस्थ का रोल निभाएगा। उन्होंने एक बार फिर से दावा किया कि पाकिस्तान ने सीजफायर की मांग नहीं की थी। अगर पाकिस्तान ने ऐसा किया होता, तो पूरी दुनिया को पता होता।

शरीफ ने कहा कि दोनों देशों के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री आपरेशन (डीजीएमओ) के बीच बातचीत में इस बात पर सहमति बनी है कि दोनों तरफ के सैनिक 7 मई को संघर्ष शुरू होने से पहले वाली पो.जिशन पर लौट जाएंगी। शरीफ से पूछा गया कि क्या संघर्ष के दौरान भारत में इजरायली कर्मचारी मौजूद थे, तो शरीफ ने कहा- रिपोर्ट्स हैं कि इजरायली भारत में थे। इजरायल ने युद्ध के दौरान भारत को बहुत समर्थन दिया, लेकिन जीत हमारी हुई।

## ट्रम्प प्रशासन की आयात शुल्क नीतियों का विरोध

### 12 अमेरिकी प्रांतों ने संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 12 प्रांतो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिबरेशन डे आयात शुल्क को रो.कने के लिए संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया। याचिका में दावा किया गया कि राष्ट्रपति ने अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों से आयात पर व्यापक कर लगाने के लिए राष्ट्रीय आपातकाल का आह्वान करके अपने अधिकार का अतिक्रमण किया है।

न्यूयॉर्क शहर में स्थित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार न्यायालय के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने न्यूयॉर्क और इलिनोइस सहित 12 राज्यों के डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल द्वारा दायर मुकदमे में दलीलों की समीक्षा की। मुकदमा दायर करने वाले प्रांतो ने तर्क दिया कि ट्रम्प ने अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम की गलत व्याख्या की है, इसे आयात शुल्क लगाने के लिए ब्लैंक चेक के रूप में उपयोग



किया है। आने वाले हफ्तों में फैसला आने की उम्मीद है। केंटकी रिपब्लिकन सीनेटर रैंड पॉल ने हाल ही में एबीसी के साथ एक साक्षात्कार में ट्रम्प की आक्रामक टैरिफ रणनीति पर हमला किया और इसे एक आर्थिक भ्रांति पर आधारित बताया और कांग्रेस की मंजूरी के बिना आयात शुल्क लागू करने के राष्ट्रपति के फैसले का विरोध किया।

## ट्रम्प प्रशासन ने प्रवासियों के निर्वासन में अदालत की अवहेलना की

वाशिंगटन। अमेरिका की एक अदालत ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने प्रवासियों को साउथ सूडान वापस भेजने का प्रयास करके उसके पिछले आदेश का उल्लंघन किया है। जिला न्यायाधीश मर्फी ने एक सुनवाई में कहा कि प्रशासन ने उनके अप्रैल में जारी आदेश का उल्लंघन किया है। जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी प्रशासन किसी भी प्रवासी को तब तक निर्वासित नहीं कर सकता जब तक उन्हें अपनी आपत्ति दर्ज कराने के लिए पर्याप्त समय न दिया जाए। अमेरिकी जिला न्यायाधीश ब्रायन मर्फी ने एक सुनवाई के दौरान कहा कि प्रशासन ने अप्रैल में जारी एक अस्थाई आद.ेश का उल्लंघन किया है, जिसमें अधिकारियों को लोगों को उनके अपने देश के अलावा अन्य देशों में निर्वासित करने से पहले पर्याप्त समय देने से रोक दिया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने सात प्रवासियों को सोमवार रात सूचित किया कि उन्हें दक्षिण सूडान में निर्वासित किया जा सकता है, जो कि उन्हें विमान में चढ़ने से 24 घंटे से भी कम समय पहले था, जो 'स्पष्ट रूप से अपर्याप्त' नोटिस था। उन्होंने कहा कि विभाग की यह कार्रवाई अदालत के आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है।

## अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता: ईरान ने ओमान के प्रस्ताव पर जताई सहमति

**तेहरान।** ईरान ने शुक्रवार को रोम में अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के पांचवें दौर के लिए ओमान के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने बुधवार को यह जानकारी दी। बाघई ने एक बयान में कहा कि ईरान के वार्ता दल परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के संबंध में राष्ट्र के अधिकारों और हितों की रक्षा करने और उनका पालन करने में दृढ़ है और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। ओमान की मदद से ईरान और अमेरिक के प्रतिनिधिमंडलों ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिका के प्रतिबंधों को हटाने पर अप्रैल से अब तक चार दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता की है। चौथे दौर की वार्ता 11 मई को मस्कट में आयोजित की गई थी।

## अमेरिका के सैन डिएगो में छोटा पैसेंजर प्लेन क्रैश

सैन डिएगो। अमेरिका के सैन डिएगो में गुरुवार सुबह कोहरे की वजह से एक छोटा प्लेन क्रैश हो गया। इस हादसे की वजह से करीब 15 घरों में आग लग गई। हादसे वाली जगह को खाली करा लिया गया है। फायर डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि हादसे के बाद चारों तरफ जेट फयूल फैल गया है। हमारा पहला टारगेट यहां मौजूद सभी घरों की तलाशी लेना और सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना है। प्लेन हादसे में हताहत हुए लोगों की संख्या अभी पता नहीं चल सकी है।

फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि सेसना 550 प्लेन मान्टगोमरी-गिब्स एक्जीक्यूटिव एयरपोर्ट के पास क्रैश हुआ। विमान में कितने लोग सवार थे, अभी इसकी जानकारी नहीं है। यह विमान छह से आठ लोगों को ले जा सकता है। यह हादसा सुबह करीब 3.47 बजे टिएरासांता के पास सैल्मन स्ट्रीट के 3100 ब्लॉक में हुआ, जो एक मिलिट्री रेसिडेंस



**15 घरों में लगी आग कोहरे की वजह से हुआ हादसा, हादसे वाली जगह को खाली कराई गई**

एरिया है। सैन डिएगो फायर-रेस्क्यू के डिवीजन चीफ डैन एडी के मुताबिक अभी तक किसी को घटनास्थल से हास्पिटल नहीं ले जाया गया है। कई घर और गाड़ियां आग में घिर गई। डैन एडी ने कहा हमारे पास हाजमैट की टीम है। हमने जरूरी संसाधनों की मांग की है। हम सेना के साथ भी काम कर रहे हैं। हमारा पहला टारगेट यह है सभी घरों को खाली कराना। इसके बाद हम गाड़ियों और फिर विमान की तलाशी लेंगे।

## रूस ने थल सेना के नए कमांडर-इन-चीफ की नियुक्ति की

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्री एंड्री रेमोविच बेलौसोव ने कर्नल जनरल एंड्री निकोलायेविच मोर्डविचव को थल सेना का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया है। रूसी सैन्य समाचार पत्र रेड स्टार ने गुरुवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित एक समारोह में बेलौसोव ने जनरल मोर्डविचव को थल सेना कमान स्टाफ से मिलवाया और उन्हें एक अनुभवी लड़ाकू अधिकारी बताया। जनरल मोर्डविचव ने विशेष सैन्य अभियान के दौरान अपनी नेतृत्व क्षमता का पूरा प्रदर्शन किया है। जनरल मोर्डविचव ने सेना के जनरल ओलेग साल्युकोव की जगह ली है, जिन्हें हाल ही में रूस की सुरक्षा परिषद का उप सचिव नियुक्त किया गया था। वर्ष 1976 में जन्मे जनरल मोर्डविचव ने नोवोसिबिर्स्क हायर मिलिट्री कमांड स्कूल और बाद में जनरल स्टाफ अकादमी से स्नातक किया। उनके करियर में सेंट्रल और सदर्न मिलिट्री डिस्ट्रिक्ट दोनों में प्रमुख नेतृत्व पद शामिल हैं।

## यूक्रेन के पूर्व शीर्ष अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**मैड्रिड।** स्पेन की राजधानी मैड्रिड में एक अमेरिकी स्कूल के बाहर यूक्रेन के पूर्व प्रमुख अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अधिकारियों ने इस घटना पुष्टि की है कि 51 वर्षीय एंड्री पोर्टनोव शहर के पॉजुएलो डी अलारकोन क्षेत्र में स्थित स्कूल में अपने बच्चों को छोड़कर स्कूल की पार्किंग में अपनी कार की ओर जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक अज्ञात हमलावर ने पोर्टनोव पर कई गोलियां चलाईं और फिर एक जंगल के इलाके की ओर भाग गया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पोर्टनोव विक्टर यानुकोविच के प्रशासन में सांसद और उप प्रमुख थे, जो रूसी राष्ट्रपति समर्थक थे और 2014 में महीनों के विरोध प्रदर्शन के बाद उन्हें पद से हटा दिया

**प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया अज्ञात हमलावर ने पोर्टनोव पर कई गोलियां चलाई**

गया था। वह पहले यूलिया टिमोशेंको की गवर्निंग पार्टी में सांसद थे, लेकिन 2010 में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद यानुकोविच की टीम में चले गए। उन्होंने यूक्रेन छोड़ दिया था और वर्ष 2019 में वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद वापस लौटे। इसके बाद उन्होंने फिर से यूक्रेन छोड़ दिया और 2021 में अमेरिकी ट्रेजरी ने उन पर प्रतिबंध लगा दिया, जिसमें कहा गया था कि उन्हें 'एक कोर्ट फिक्सर के रूप में व्यापक रूप से जाना जाता था। पुलिस ड्रोन और एक हेलीकॉप्टर से हत्यारे की तलाश में इलाके की तलाशी ली।

## रूस और यूक्रेन शांति समझौते पर काम चल रहा

**मॉस्को।** क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने घोषणा की है कि संभावित रूस-यूक्रेन शांति समझौते के लिए ज्ञापन पर काम सक्रिय रूप से आगे बढ़ रहा है।

पेसकोव ने प्रेस ब्रीफिंग में कल कहा कि अधिकांश काम 'स्पष्ट कारणों से' गोपनीय बना हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि रूस किसी भी देश के प्रयासों के लिए खुला है जो रूस-यूक्रेन संघर्ष को हल करने में योगदान देने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच आगे की बात.चीत के लिए स्थान फिलहाल निर्धारित नहीं किया गया है। इस बीच, रूस एक हजार बंदियों को



शामिल करने वाले कैदी विनिमय समझौते को लागू करने के लिए काम कर रहा है, जो तुर्की के इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ हुआ था। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच सोमवार को फोन पर बातचीत हुई, जिसमें उन्होंने यूक्रेन के साथ संभावित शांति समझौते की रूपरेखा के लिए एक मसौदा ज्ञापन तैयार करने पर सहमति व्यक्त की। यह ज्ञापन संकट को हल करने के सिद्धांत, संभावित शांति समझौते की समय सीमा और अस्थाई संघर्ष विराम की शर्तों जैसे प्रमुख मुद्दों पर केंद्रित रहेगा। ट्रम्प के साथ कल बातचीत के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने दोहराया कि यूक्रेन क्षेत्रीय मुद्दों पर समझौता नहीं करेगा या अपने क्षेत्र से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने ट्रम्प से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि यूक्रेन के बारे में कोई भी निर्णय उनके देश की भागीदारी के बिना नहीं लिया जाए।


Recruitment For Teaching Staff

Assistant professor Law

Qualification: (A) B.A.LL.B/LL.B and LL.M with 55% marks
(B) UGC NET or Ph.D (Law)

Salary As per Govt. Norms

Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.

❑ Experienced Candidates will be preferred.

ISLAMIA COLLEGE OF LAW

Deoband, Distt., Saharanpur

Contact No. : 9045143298, 8755525452

Email Id- idcdeoband@gmail.com